आर.एन.आई.नं. RAJHIN/2004/14674

अजमेर, जोधपुर एवं जयपुर से प्रकाशित राज्य स्तरीय दैनिक

# हुक्मनामा समाचार

वर्ष 22 : अंक 131: मूल्य 2 रु. : पृष्ठ संख्या 8

www.hukmnamasamachar.com

अजमेर, गुरुवार, 02 अप्रेल, 2026

www.Lokvarta.net

## संक्षिप्त खबरें

### अजमेर में खादिम ने स्टूडेंट को गोली मारी

#### किराए को लेकर मकान मालिक से हुआ था विवाद

**अजमेर (हुक्मनामा समाचार)।** अजमेर में मकान मालिक और किराए पर रहने वाले खादिम के बीच किराए को लेकर विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों पक्षों में झगड़ा हो गया। इस दौरान खादिम ने देसी कट्टा निकालकर फायरिंग कर दी। इस दौरान घटनास्थल पर मौजूद एक छात्र के हाथ में गोली लग गई। झगड़े और फायरिंग की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी खादिम को हिरासत में ले लिया। घटना सिविल लाइंस थाना क्षेत्र के फुस की कोठी में हुई। गई। पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई।

देसी कट्टे से छात्र को मारी गोली थाना प्रभारी शंभू सिंह ने बताया- रोडवेज बस स्टैंड के पीछे कुंदन नगर स्थित फुस की कोठी क्षेत्र में फायरिंग में छात्र को गोली लगने की सूचना मिली। इस पर टीम मौके पर पहुंची और आरोपी खादिम गुलरेज चिश्ती को हिरासत में लिया है। आरोपी गुलरेज चिश्ती के पास देसी कट्टा था। उसने फायर किया तो गोली क्षेत्र में रहने वाले 16 साल के छात्र को लग गई। घायल छात्र को प्राथमिक इलाज के लिए अस्पताल में भिजवाया गया। थाना प्रभारी ने बताया- आरोपी से प्रारंभिक पूछताछ में सामने आया कि उसका मकान मालिक से किराए को लेकर विवाद हो गया था। तभी वहां मौजूद लोगों ने इकट्ठा होकर उसके साथ मारपीट कर दी थी।

#### भारत के लिए बड़ी खुशखबरी

### सरकार का बड़ा फैसला, एलपीजी का झंझट खत्म

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** जब रास्ता बंद होता है तो समझदार देश दूसरा रास्ता खोज लेते हैं। मिडिल ईस्ट में जंग, हॉर्मोज स्ट्रेट पर खतरा और भारत के किचन तक पहुंचती गैस की किल्लत। अब तस्वीर बदलने वाली है क्योंकि बता दें कि भारत ने उठा लिया है एक सबसे बड़ा कदम। खाड़ी देशों पर निर्भरता कम करने की तैयारी कर ली गई है और अब नजर टिक गई है अफ्रीका के एक ऐसे देश पर जिसका नाम आपने कम सुना होगा यानी कि अंगोला। जी हां, भारत अब अंगोला से एलपीजी यानी कि रसोई गैस खरीदने की तैयारी कर रहा है। लेकिन सवाल यह है कि आखिर अंगोला ही क्यों चुना गया? क्या इससे गैस संकट खत्म होगा? क्या यह भारत की ऊर्जा रणनीति का गेम चेंजर बनने वाला है? दरअसल बता दें कि ईरान युद्ध और हॉर्मोन स्ट्रेट पर बढ़ते तनाव के बीच भारत के सामने सबसे बड़ी चुनौती है ऊर्जा सुरक्षा। क्योंकि आज की सच्चाई बिल्कुल सामने है और वो यह है कि भारत अपनी लगभग 92% एलपीजी सप्लाई खाड़ी देशों से मंगाता है। जैसे कि यूएई, कतर, सऊदी अरब और कुवैत। और इन सभी सप्लाई का एक ही रास्ता है और वो है स्ट्रेट ऑफ हार्मोस जो सिर्फ 33 कि.मी. चौड़ा है। लेकिन दुनिया के करीब 20% तेल और गैस व्यापार का रास्ता भी यही है। यानी अगर यह रास्ता बंद हुआ तो सीधे असर भारत के किचन तक पहुंच सकता है। और यहीं से शुरू होती है भारत की नई रणनीति। सरकारी कंपनियां, इंडियन ऑयल और बाकी जो कंपनियां हैं जैसे कि बीपीसीएल, एचपीसीएल और गेट। अब अफ्रीकी देश अंगोला की सरकारी कंपनियों से एलपीजी खरीदने पर बातचीत कर रही है।

### एसआई भर्ती-2025 को स्थगित करने की मांग

#### सुप्रीम कोर्ट में कल सुनवाई, आयु सीमा में छूट न मिलने से सैकड़ों अभ्यर्थी परेशान

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** चार दिन बाद होने वाली एसआई भर्ती-2025 को स्थगित करने की मांग को लेकर सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की गई है, जिस पर सुप्रीम कोर्ट गुरुवार को सुनवाई के लिए तैयार हो गया है। सूरजमल मीणा की ओर से दायर याचिका में मांग की गई है कि 5 और 6 अप्रैल 2026 को प्रस्तावित एसआई/प्लाटून कमांडर भर्ती-2025 परीक्षा को कम से कम 4 सप्ताह के लिए टाल दिया जाए। याचिका में कहा गया है कि उसे और उसके जैसे सैकड़ों अभ्यर्थियों को इस भर्ती में आयु सीमा में छूट नहीं दी गई थी। जिसके बाद एकलपीठ के अंतरिम आदेश से उनके फॉर्म स्वीकार किए गए, लेकिन खंडपीठ ने एकलपीठ के आदेश पर रोक लगा दी थी। उसके बाद सुप्रीम कोर्ट ने खंडपीठ को 31 मार्च तक सभी अपीलों पर फैसला लेने के लिए कहा था। लेकिन हाईकोर्ट की खंडपीठ ने उनकी अपीलों पर अभी तक कोई फैसला नहीं दिया है।

### पटेला री पोल

पावरफुल का पावर निकला, उड़ गए सारे तोते
बार-बार बयान पलट रहा, समय निकाल रहा रोते
छोटा देश भी आंख दिखा रहे, सबको ईरान का डर
अमेरिका के चक्कर में पड़, कौन बिगाड़े अपना घर

..मुखिया जी

#### राजस्थान में बड़ा प्रशासनिक फेरबदल

# 65 आईएएस अधिकारियों के तबादले

### डॉ. जितेन्द्र सोनी मुख्यमंत्री के सचिव नियुक्त, उत्सव कौशल मुख्यमंत्री के संयुक्त सचिव

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** राजस्थान सरकार ने मंगलवार देर रात बड़ा प्रशासनिक फेरबदल करते हुए 65 आईएएस अधिकारियों के तबादले और नई नियुक्तियों के आदेश जारी किए। कार्मिक विभाग द्वारा जारी यह आदेश राज्यपाल की मंजूरी के बाद तत्काल प्रभाव से लागू कर दिया गया है। इस व्यापक बदलाव में 25 जिलों के कलेक्टर बदले गए हैं, साथ ही जोधपुर के संभागीय आयुक्त और मुख्यमंत्री कार्यालय के कई अहम पदों पर भी नई नियुक्तियां की गई हैं। सबसे चर्चित बदलावों में टीना डाबी को बाड़मेर से हटाकर टोंक का जिला कलेक्टर नियुक्त किया गया है। वहीं जयपुर कलेक्टर रहे जितेंद्र कुमार सोनी को मुख्यमंत्री का सचिव बनाया गया है। उन्हें सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के सचिव का अतिरिक्त प्रभार भी दिया गया है। जयपुर के नए कलेक्टर के रूप में संदेश नायक को जिम्मेदारी सौंपी गई है। मुख्यमंत्री कार्यालय में भी बड़ा बदलाव करते हुए रिया डाबी, रजत यादव, अक्षत सिंह और गरिमा नरूला को ओएसडी नियुक्त किया गया है। वहीं उत्सव कौशल और अमित शर्मा को संयुक्त सचिव बनाया गया है। जोधपुर संभाग के नए आयुक्त के रूप में कन्हैया लाल स्वामी की नियुक्ति की गई है। अन्य महत्वपूर्ण नियुक्तियों में डॉ. जोगाराम को पंचायती राज विभाग का सचिव, राजन विशाल को जल जीवन मिशन का निदेशक और नमित मेहता को आबकारी विभाग का आयुक्त बनाया गया है। इसके अलावा कई विभागों में आयुक्त, सचिव और निदेशक स्तर पर भी व्यापक फेरबदल किया गया है।

#### इन्हें लगाया कलेक्टर

| | |
|---|---|
| संदेश नायक | : जिला कलेक्टर, जयपुर |
| अनुपमा जोरवाल | : जिला कलेक्टर, जैसलमेर |
| आलोक रंजन | : जिला कलेक्टर, जोधपुर |
| गौरव अग्रवाल | : जिला कलेक्टर, उदयपुर |
| चिन्मय गोपाल | : जिला कलेक्टर, बाड़मेर |
| शुभम चौधरी | : जिला कलेक्टर, प्रतापगढ़ |
| आशीष मोदी | : जिला कलेक्टर, सीकर |
| अंकित सिंह | : जिला कलेक्टर, फलोदी |
| बालमुकुंद | : जिला कलेक्टर, बारां |
| निशांत जैन | : जिला कलेक्टर, बीकानेर |
| टीना डाबी | : जिला कलेक्टर, टोंक |
| रविंद्र गोस्वामी | : जिला कलेक्टर, पाली |
| रोहिताश तोमर | : जिला कलेक्टर, सिरोही |
| हरफूल यादव | : जिला कलेक्टर, बूंदी |
| अवधेश मीणा | : जिला कलेक्टर, डीडवाना कुचामन |
| देवेंद्र कुमार | : जिला कलेक्टर, नागौर |
| अक्षय गोदारा | : जिला कलेक्टर, करौली |
| सौम्या झा | : जिला कलेक्टर, दौसा |
| अतुल प्रकाश | : जिला कलेक्टर, खैरथल तिजारा |
| देशल दान | : जिला कलेक्टर, डूंगरपुर |
| मोहम्मद जुनेद | : जिला कलेक्टर, सलूंबर |
| मयंक मनीष | : जिला कलेक्टर, डीग |
| अपर्णा गुप्ता | : जिला कलेक्टर, कोटपूतली बहरोड |
| अमित यादव | : जिला कलेक्टर, श्रीगंगानगर |
| डॉ. मंजू | : जिला कलेक्टर, चित्तौड़गढ़ |

#### इनको इधर से उधर लगाया

| | |
|---|---|
| डॉ. जोगाराम | : सचिव, आयुक्त पंचायती राज विभाग, निदेशक राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन |
| राजन विशाल | : निदेशक, जल जीवन मिशन जयपुर |
| जितेंद्र सोनी | : सचिव- मुख्यमंत्री, और सूचना जनसंपर्क विभाग |
| कन्हैया स्वामी | : संभागीय, आयुक्त जोधपुर |
| नकाते मदन | : प्रबंध निदेशक, राजस्थान ऊर्जा विकास और आईटी सर्विसेज |
| शिवांगी | : विशिष्ट सचिव, वित्त विभाग सीईओ पब्लिक फाइनेंसियल मैनेजमेंट ट्रेनिंग सोसाइटी |
| ओमप्रकाश | : आयुक्त, नगर निगम, जयपुर |
| नमित मेहता | : आयुक्त, आबकारी विभाग, उदयपुर |
| नम्रता वर्षणी | : विशिष्ट सचिव, खान और पेट्रोलियम विभाग |
| अरविंद | : आयुक्त राजस्थान आवासन मंडल |
| डॉ. रश्मि | : निदेशक, समग्र शिक्षा अभियान, विशिष्ट सचिव सांख्यिकी विभाग |
| लक्ष्मी नारायण | : आयुक्त, उदयपुर और देवस्थान विभाग |
| कल्पना | : विशिष्ट सचिव, जल ग्रहण विकास भू संरक्षण विभाग |
| सुरेश ओला | : प्रबंध निदेशक (रीको) आयुक्त दिल्ली मुंबई इंडस्ट्रियल कॉरिडोर |
| प्रियंका गोस्वामी | : आजीविका परियोजनाएं और स्वयं सहायता समूह जयपुर |
| अल्पा चौधरी | : भू प्रबंधन आयुक्त और पदेन निदेशक बंदोबस्त |
| बाबूलाल गोयल | : आयुक्त,चिकित्सा शिक्षा विभाग, जयपुर |
| नीलाभ सक्सेना | : आयुक्त, उद्योग और वाणिज्य कारपोरेट सामाजिक जिम्मेदारी |
| ललित कुमार | : निदेशक, सामाजिक न्याय अधिकारिता विभाग |
| उत्सव कौशल | : संयुक्त सचिव, मुख्यमंत्री |
| गौरव सैनी | : सचिव,जयपुर विकास प्राधिकरण |
| श्वेता चौहान | : आयुक्त, उद्यान की राजस्थान जयपुर |
| राहुल जैन | : आयुक्त, नगर निगम जोधपुर |
| महेंद्र खडगावत | : संयुक्त सचिव, श्रम और कारखाना बॉयलर निरीक्षण विभाग |
| नरेश गोयल | : आयुक्त, कृषि और पंचायती राज विभाग जयपुर |
| जयदेव सी एस | : सचिव, मानवाधिकार आयोग |
| रिया डाबी | : ओएसडी, मुख्यमंत्री |
| शैलजा पांडे | : सीईओ (माडा) बीकानेर |
| रजत यादव | : ओएसडी, मुख्यमंत्री, जयपुर |
| अक्षत सिंह | : ओएसडी, मुख्यमंत्री |
| गरिमा नरूला | : ओएसडी, मुख्यमंत्री कार्यालय, जयपुर |

#### ममता ने कहा- भाजपा हमारा पैसा लूट रही और झूठ बोल रही

# कांग्रेस के राजकुमार की हार की सेंचुरी पक्की : मोदी



**कोलकाता/चेन्नई (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को कहा कि इस बार असम में बीजेपी-एनडीए की हैट्रिक लगनी तय है। उन्होंने राहुल गांधी का नाम लिए बिना कहा कि कांग्रेस के सो कॉल्ड राजकुमार की पराजय की सेंचुरी आने वाली है। पीएम धेमाजी के गोगामुख में जनसभा को संबोधित कर रहे थे।

वहीं, पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी ने बीरभूम में जनसभा की। उन्होंने कहा- जब बंगाल आजादी की लड़ाई में हिस्सा ले रहा था, तब भाजपा का जन्म भी नहीं हुआ था। वे हमारा पैसा लूट रहे हैं और झूठ बोल रहे हैं। वे राम नवमी पर बंदूकें लेकर निकलते हैं।

इधर, असम के डिब्रूगढ़ पहुंची कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा- असम में डबल गुलामी वाली सरकार है, एक भ्रष्ट सरकार है। हम देख सकत हैं कि कैसे सब कुछ धमकियों के जरिए किया जा रहा है। यहां माफिया राज और सिंडिकेट राज है। टीएमसी ने बुधवार को मुख्य निर्वाचन अधिकारी के कार्यालय के पास लगातार दूसरे दिन अनिश्चितकालीन धरना शुरू किया। पार्टी का आरोप है कि फॉर्म 6 आवेदन जमा करने में बड़े पैमाने पर अनियमितताएं हुई हैं। चुनाव आयोग को इसकी जांच करनी चाहिए। पश्चिम बंगाल चुनाव के बशीरहाट में बरुनहाट रामेश्वरपुर ग्राम पंचायत के बूथ नंबर 30 पर 125 लोगों के नाम कटने पर स्थानीय लोगों ने विरोध-प्रदर्शन किया।

पश्चिम बंगाल में चुनाव आयोग ने नादिया जिले के हंसखाली ब्लॉक के ब्लॉक डेवलपमेंट ऑफिसर सयंतन भट्टाचार्य को सस्पेंड करने के आदेश दिए। तमिलनाडु के तिरुचिरापल्ली में सीएम एम.के. स्टालिन ने कहा, 'मैं करुणानिधि का बेटा हूं। हम वही करते हैं जो कहते हैं और वही कहते हैं जो करते हैं।' पीएम मोदी ने असम में चुनाव प्रचार की शुरुआत की। उन्होंने धेमाजी और बिस्वनाथ में दो जगहों पर जनसभा की।

### सिंगर की शिकायत पर विधायक भाटी के खिलाफ मामला दर्ज

**बाड़मेर (हुक्मनामा समाचार)।** शिव विधायक रविंद्र सिंह भाटी और भजन गायक छोटू सिंह रावणा के बीच सोशल मीडिया कमेंट को लेकर विवाद बढ़ता जा रहा है। बुधवार को छोटू सिंह अपने समाज के लोगों के साथ शिव थाने पहुंचे और भाटी के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाने के लिए शिकायत सौंपी।

शिव थाना अधिकारी सत्यप्रकाश विश्नोई ने बताया कि छोटूसिंह रावणा की रिपोर्ट पर शिव विधायक रविंद्रसिंह भाटी और 5 अन्य के खिलाफ बीएनएस की धाराओं में मामला दर्ज किया है। रिपोर्ट के साथ एक पेन ड्राइव और कुछ डॉक्यूमेंट दिए है। उनको शामिल कर जांच के लिए सीआईडी-सीबी को भेजी जाएगी।

इस दौरान छोटू सिंह ने शिव विधानसभा में एक टूटी सड़क के वीडियो का जिक्र करते हुए कहा- मैंने चलते-चलते आपकी विधानसभा (शिव) की एक सड़क का वीडियो बना दिया। इसी से हलचल मच गई। अगर मैं तुम्हारी(शिव विधायक रविंद्र सिंह भाटी) बैंड बजाने लग गया तो शिव की सारी सड़कों के हालात दिखा दूंगा।

छोटू सिंह ने कहा- मेरे मित्र मुझे बहुत बोलते है कि आप कहो तो सोशल मीडिया पर कमेंट्स कर दें। मैं उन सभी को रोक रहा था। लेकिन अगर उन्होंने(भाटी) सोशल मीडिया पर कमेंट नहीं रोके तो एफआईआर करवा रहा हूं। उन्होंने कहा- वो(रविंद्र सिंह भाटी) तो जेल जाएंगे और इसमें शामिल अन्य लोगों पर भी कार्रवाई होगी। जिन-जिन लोगों ने गलत किया है, वो लोग माफी नहीं मांगेगे या सुलह नहीं की, तो यहां बिगुल बजेगा। एक कमेंट से दिल्ली तक बैंड बजा कर रख दी छोटू सिंह ने कहा- मुझे राजनीति की जरूरत नहीं है।

#### एमपी-राजस्थान में भी अलर्ट

### यूपी में तेज बारिश, ओले गिरे



**भोपाल/लखनऊ (एजेंसी)।** देश के पांच राज्यों में अगले तीन दिन मौसम में बदलाव रहेगा। उत्तर प्रदेश में बुधवार सुबह बारिश हुई, 40 जिलों में अलर्ट भी जारी किया गया है। पिछले 24 घंटे में मथुरा, जालौन और कन्नौज में ओले गिरे।

उधर एमपी में आधे प्रदेश में आंधी-बारिश का अलर्ट है। बुधवार को इंदौर, उज्जैन-ग्वालियर समेत 29 जिलों में अलर्ट है। 4 अप्रैल तक ऐसा ही मौसम रहेगा। उसके बाद 15 अप्रैल से प्रदेश में भीषण गर्मी पड़ेगी। राजस्थान में 2 अप्रैल से फिर एक नया वेदर सिस्टम एक्टिव होगा। जिसके चलते बारिश होगी। मंगलवार को पूर्वी राजस्थान के कई जिलों में बारिश के साथ ओले गिरे।

जम्मू-कश्मीर के बांदीपोरा जिले में एवलांच (हिमस्खलन) आया और कई रास्ते बंद हो गए हैं। अगले 24 घंटों में ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी और एवलांच का अलर्ट जारी किया गया है।

#### अगले 2 दिन मौसम का हाल

- 2 अप्रैल- पश्चिम बंगाल, सिक्किम, गुजरात, झारखंड और बिहार में हल्की बारिश की संभावना है। कर्नाटक में बिजली गिरने की आशंका है।
- 3 अप्रैल- जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड में हल्की बर्फबारी, बारिश और ओलावृष्टि हो सकती है। साथ ही कर्नाटक, तेलंगाना, केरल, पंजाब, दिल्ली, हरियाणा, चंडीगढ़, यूपी और राजस्थान में भी हल्की बारिश की संभावना है। महाराष्ट्र में बिजली गिरने की आशंका है।
- 1 से 4 अप्रैल तक आधे प्रदेश में आंधी-बारिश का अलर्ट जारी किया है। बुधवार को इंदौर, उज्जैन-ग्वालियर समेत 29 जिलों में अलर्ट है। एमपी में 15 अप्रैल से भीषण गर्मी पड़ेगी। सबसे ज्यादा ग्वालियर-चंबल का इलाका तपेगा।

#### भाजपा ऑफिस की दीवार पर 70 से 80 छर्रों जैसे निशान बन गए

### चंडीगढ़ में पंजाब भाजपा हेडक्वार्टर के बाहर ब्लास्ट

**चंडीगढ़ (एजेंसी)।** चंडीगढ़ में क्ख्क्क के पंजाब मुख्यालय के बाहर बुधवार शाम 5 बजे ब्लास्ट हुआ। ब्लास्ट के बाद वहां पार्किंग में खड़ी कई गाड़ियों के शीशे टूट गए।



भाजपा ऑफिस की दीवार पर 70 से 80 छर्रों जैसे निशान बन गए। इसे लेकर सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल है, जिसमें एक व्यक्ति ग्रेनेड की पिन खोलकर उसे फेंककर भाग रहा है। इस दौरान धमाके की आवाज भी सुनाई देती है।

मौके से करीब 10 मीटर दूर स्थित पेट्रोल पंप से सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया, जिसमें धमाके के तुरंत बाद बाइक पर 2 लोग भागते दिख रहे हैं। इनके ही हमलावर होने का दावा किया जा रहा है। वहीं, खालिस्तानी आतंकी सुखजिंदर सिंह बब्बर की ओर से एक पोस्ट भी सामने आई, जिसमें खालिस्तानी संगठन हमले की जिम्मेदारी ले रहा है। चंडीगढ़ पुलिस के साथ ही सेना और एनआईए की टीम भी मौके पर पहुंची। बम और डॉग स्क्वॉड तथा फॉरेंसिक टीमों के जरिए पूरे इलाके को खंगाला गया। टीम ने विस्फोटक के टुकड़ों की भी जांच की। संदिग्धों की तलाश में पूरे शहर में नाकाबंदी की गई। पंजाब पुलिस की एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स भी मौके पर पहुंची। इस वारदात की जिम्मेदारी एक खालिस्तानी आतंकी ने ली।

### जम्मू-कश्मीर के गांदरबल में एक आतंकी ढेर

**श्रीनगर (एजेंसी)।** जम्मू-कश्मीर के गांदरबल में सेना ने बुधवार सुबह एक आतंकवादी को ढेर कर दिया। यह ऑपरेशन मंगलवार रात से जारी था। एक अधिकारी ने बताया कि खास इंटेलिजेंस इनपुट के आधार पर, पुलिस और सेना की एक जॉइंट टीम ने मंगलवार शाम को घेराबंदी और सर्च ऑपरेशन शुरू किया। एक आतंकी के छिपे होने की जानकारी मिली। अंधेरे की वजह से ऑपरेशन रोक दिया गया था। सुबह आतंकी को मार गिराया गया। इससे पहले फरवरी में सेना ने जम्मू-कश्मीर में 6 आतंकवादियों को मार गिराया था। किश्तवाड़ के चतरू में 3 आतंकी ढेर हुए थे। वहीं 4 फरवरी को भी चतरू में ही सुरक्षाबलों ने जैश के ही एक आतंकी को मार गिराया था।

## अमरावती को आंध्र प्रदेश की राजधानी बनाने वाला बिल पास

### लोकसभा में विदेशी अंशदान संशोधन विधेयक पर हंगामा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** लोकसभा ने बुधवार को आंध्र प्रदेश पुनर्गठन (संशोधन) बिल, 2026 पास कर दिया है। इस बिल के जरिए अमरावती को आंध्र प्रदेश की एकमात्र और स्थायी राजधानी का कानूनी दर्जा मिलेगा। गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने यह बिल पेश किया था। इस पर एक घंटे से ज्यादा बहस हुई, जिसके बाद इसे ध्वनिमत से मंजूरी दे दी गई। इसके अलावा आज लोकसभा से जन विश्वास बिल और राज्यसभा से सीएपीएफ बिल भी पास हो गया।



इससे पहले बुधवार को कार्यवाही शुरू होते ही विपक्षी सांसदों ने विदेशों से चंदा मिलने वाले विदेशी अंशदान संशोधन बिल को लेकर हंगामा किया। उन्होंने एफसीआरए बिल वापस लो के नारे लगाए। स्पीकर ओम बिरला ने सांसदों से शांत रहने की अपील की, लेकिन विपक्षी सदस्य अपनी सीटों पर खड़े होकर विरोध करते रहे। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि आज एफसीआरए बिल पर लोकसभा में बहस नहीं होगी। यह बिल विदेशी अंशदान कानून में संशोधन से जुड़ा है, जिसे 25 मार्च को लोकसभा में पेश किया गया था। इसमें विदेशी फंडिंग से जुड़े नियमों को और स्पष्ट और सख्त करने का प्रस्ताव है, ताकि एनजीओ को मिलने वाले विदेशी चंदे में पारदर्शिता और जवाबदेही बढ़ाई जा सके।

# मोदी ने सुरक्षा पर कैबिनेट कमेटी मीटिंग की अध्यक्षता की

### पश्चिम एशिया में हालात की समीक्षा, एलपीजी और पेट्रोल-डीजल सहित जरूरी सामानों पर चर्चा की

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली में प्रधानमंत्री आवास पर पीएम मोदी की अध्यक्षता में बुधवार शाम 7 बजे कैबिनेट कमेटी ऑन सिक्योरिटी की बैठक हुई। इसमें पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के कारण भारत में मौजूदा हालात की समीक्षा की गई। मीटिंग में अमित शाह, एस जयशंकर, निर्मला सीतारमण, पीयूष गोयल, शिवराज सिंह चौहान, जेपी नड्डा, अश्विनी वैष्णव, मनोहर लाल खट्टर, प्रल्हाद जोशी, किंजरापु राममोहन नायडू और हरदीप सिंह पुरी समेत कई केंद्रीय मंत्री शामिल रहे।

राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल, पीएम के प्रमुख सचिव पी.के. मिश्रा और शक्तिकांत दास और कैबिनेट सचिव टी.वी. सोमनाथन भी मीटिंग में शामिल हुए। इस दौरान आम लोगों की जरूरी जरूरतों जैसे खाद्य, एलपीजी और पेट्रोल-डीजल उपलब्धता पर चर्चा की गई।पिछले 10 दिनों के भीतर सीसीएस की यह दूसरी मीटिंग है।



इससे पहले 23 मार्च को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सीसीएस मीटिंग की अध्यक्षता की थी। इसमें भारत पर पश्चिम एशिया में संघर्ष के प्रभाव को कम करने के उपायों का आकलन किया गया था।

पीएम ने कहा था कि यह समस्या लगातार बढ़ रही है और पूरी दुनिया इससे प्रभावित हो रही है। उन्होंने निर्देश दिया था कि सरकार के सभी विभाग मिलकर काम करें ताकि आम लोगों को कम से कम परेशानी हो। मीटिंग में गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर और अन्य अधिकारी मौजूद थे। कैबिनेट सचिव ने अब तक उठाए गए और प्रस्तावित कदमों की जानकारी दी थी।

इसके अलावा कृषि, उर्वरक, खाद्य सुरक्षा, पेट्रोलियम, बिजली, MSMEs, निर्यात, शिपिंग, व्यापार, वित्त और सप्लाई चेन जैसे विभिन्न क्षेत्रों पर संभावित प्रभाव और उससे निपटने के उपायों पर चर्चा हुई।

CMYK

# राजस्थान के खेल जगत में 'स्वर्ण युग' की शुरुआत
# मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने दी युवा शक्ति को नई उड़ान

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार ने प्रदेश की युवा शक्ति और खेल प्रतिभाओं को वैश्विक स्तर पर पहचान दिलाने के लिए एक व्यापक रोडमैप तैयार किया है। युवा मामले एवं खेल विभाग द्वारा वर्ष 2025-26 में अर्जित की गई उपलब्धियों और आगामी वर्ष 2026-27 के लिए प्रस्तावित महत्वाकांक्षी कार्ययोजना ने राजस्थान को खेलों के मानचित्र पर एक अग्रणी राज्य के रूप में स्थापित करने की दिशा में कदम बढ़ा दिए हैं। मुख्यमंत्री के इस दूरदर्शी विजन का ही परिणाम है कि प्रदेश में न केवल बुनियादी खेल ढांचा मजबूत हो रहा है, बल्कि खिलाड़ियों के सामाजिक और आर्थिक सुरक्षा की दिशा में भी ऐतिहासिक निर्णय लिए गए हैं। बीते वित्तीय वर्ष 2025-26 में सरकार ने खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स के सफल आयोजन के साथ अपनी प्रबंधकीय कुशलता का लोहा मनवाया। वहीं, प्रदेश के सभी जिलों में 'वन डिस्ट्रिक्ट वन स्पोर्ट्स' नीति को पूरी तरह लागू कर स्थानीय प्रतिभाओं को उनके ही क्षेत्र में आगे बढ़ने के अवसर प्रदान किए गए। युवा नीति-2026 के शुभारंभ और 'फिट राजस्थान' अभियान के जरिए सरकार ने जन-जन को स्वास्थ्य और खेल के प्रति जागरूक किया है। विशेष रूप से खिलाड़ियों के लिए शुरू की गई बीमा योजना और अनुदान सहायता ने प्रदेश के एथलीटों को एक सुरक्षित भविष्य का भरोसा दिया है। भविष्य की तैयारियों को देखते हुए मुख्यमंत्री ने वर्ष 2026-27 के लिए 271 करोड़ रुपये के बजट का प्रावधान किया है, जो सीधे तौर पर खेल सुविधाओं के विस्तार पर खर्च होगा।

इस कार्ययोजना के तहत प्रदेश में 23 नए स्टेडियमों का निर्माण और 15 मौजूदा स्टेडियमों का आधुनिकीकरण किया जाना प्रस्तावित है। खेल शिक्षा को नया आयाम देने के लिए 'महाराणा प्रताप खेल विश्वविद्यालय' की स्थापना और उच्च स्तरीय प्रशिक्षण के लिए 'सेंटर ऑफ एक्सीलेंस' व 'फिजिकल रिहैब सेंटर' विकसित किए जा रहे हैं। सिंथेटिक एथलेटिक ट्रैक और मल्टीपर्पज इनडोर हॉल्स की संख्या में भारी बढ़ोतरी कर सरकार यह सुनिश्चित कर रही है कि हमारे खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय स्तर की ट्रेनिंग मिल सके। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का लक्ष्य केवल ढांचागत विकास तक सीमित नहीं है, बल्कि 'खेलो राजस्थान यूथ गेम्स', 'टैलेंट हंट' और 'टारगेट ओलंपिक पोडियम योजना' के प्रभावी क्रियान्वयन से प्रदेश के खिलाड़ियों को पोडियम तक पहुँचाना है। संभाग स्तर के साथ-साथ सीकर जैसे जिलों में 'युवा साथी केंद्रों' का विस्तार इस बात का प्रमाण है कि सरकार युवाओं की पहुंच और सुविधाओं के विकेंद्रीकरण के प्रति गंभीर है। यह समग्र प्रयास न केवल राजस्थान की खेल संस्कृति को बदलेंगे, बल्कि आगामी वर्षों में प्रदेश की युवा ऊर्जा को एक नई और सकारात्मक दिशा प्रदान करेंगे।

## दो अप्रैल को ग्राम पंचायत मुख्यालयों पर होगी जनसुनवाई उपखण्ड स्तरीय जनसुनवाई 9 अप्रैल को अटल जन सेवा शिविर में

**चित्तौड़गढ़ (हुक्मनामा समाचार)।** प्रमुख शासन सचिव, जन अभियोग निराकरण के निर्देशानुसार जिले की समस्त ग्राम पंचायत मुख्यालयों पर 2 अप्रैल को प्रातः 11:00 बजे से दोपहर 2:00 बजे तक ग्राम पंचायत स्तरीय जनसुनवाई आयोजित की जाएगी। सहायक निदेशक लोक सेवाएं रामचंद्र खटीक ने बताया कि मुख्य सचिव द्वारा जिले के उपखण्ड बेगूं की ग्राम पंचायत दोलतपुरा, कपासन की ग्राम पंचायत रोलिया तथा राशमी की ग्राम पंचायत डिंडोली में आयोजित ग्राम पंचायत स्तरीय जनसुनवाई में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग (वी.सी.) के माध्यम से भाग लिया जाएगा। इन पंचायतों में उपखण्ड अधिकारी स्वयं की अध्यक्षता में जनसुनवाई करेंगे। अन्य सभी ग्राम पंचायतों में पूर्ववत ग्राम पंचायत स्तरीय जनसुनवाई आयोजित की जाएगी। **उपखण्ड स्तरीय जनसुनवाई 9 अप्रैल को** इसी क्रम में 9 अप्रैल को उपखण्ड स्तर पर अटल जन सेवा शिविर का आयोजन प्रातः 10:00 बजे से सायं 4:30 बजे तक किया जाएगा। उन्होंने बताया कि ग्राम पंचायत स्तरीय जनसुनवाई एवं उपखण्ड स्तरीय अटल जन सेवा शिविर में अधिक से अधिक जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति सुनिश्चित की जाएगी। साथ ही परिवादियों के बैठने तथा पेयजल की समुचित व्यवस्था करने के निर्देश भी दिए गए हैं। दोनों जनसुनवाई के दौरान प्राप्त परिवादों को तीन दिवस के भीतर राजस्थान संपर्क पोर्टल पर दर्ज (अपलोड) किया जाना भी सुनिश्चित किया जाएगा।

# गंगापुर में गैस एजेंसियों पर उपभोक्ताओं से खुली लूट खसोट, प्रशासन की कार्यशैली पर सवाल?

**गंगापुर (हुक्मनामा समाचार)।** सहाड़ा विधानसभा क्षेत्र के गंगापुर कस्बे में गैस एजेंसी संचालकों की मनमानी को लेकर उपभोक्ताओं में भारी आक्रोश व्याप्त है। उपभोक्ताओं का आरोप है कि एजेंसी मालिक सरकार द्वारा निर्धारित दरों से अधिक राशि वसूल कर खुलेआम लूट-खसोट कर रहे हैं, लेकिन जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। उपभोक्ताओं का कहना है कि गैस सिलेंडर की होम डिलीवरी करने के बजाय एजेंसियों द्वारा कोर्ट चौराहे पर बीच सड़क पर ही सिलेंडरों का वितरण किया जा रहा है। इससे बड़ी संख्या में उपभोक्ताओं की भीड़ जमा होने से यातायात व्यवस्था प्रभावित हो रही है और आमजन को परेशानी उठानी पड़ रही है। लोगों का कहना है कि इस मार्ग से प्रशासनिक अधिकारी नियमित रूप से गुजरते हैं, इसके बावजूद स्थिति जस की तस बनी हुई है। उपभोक्ताओं ने आरोप लगाया कि सरकार द्वारा निर्धारित 934 रुपये की कीमत के बजाय डिलीवरी के समय 940 से 950 रुपये तक वसूले जा रहे हैं। इसके अलावा प्रत्येक सिलेंडर के साथ जबरन 190 रुपये की गैस नली थमाई जा रही है, जबकि कई उपभोक्ताओं को इसकी आवश्यकता नहीं होती।

इसे एजेंसी संचालकों द्वारा अतिरिक्त कमाई का जरिया बनाया जा रहा है। केवाईसी प्रक्रिया को लेकर भी उपभोक्ताओं में नाराजगी है। गैस एजेंसी कार्यालयों पर घंटों लाइन में खड़े रहना पड़ रहा है, जिससे विशेष रूप से बुजुर्गों और महिलाओं को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। पर्याप्त व्यवस्था और प्रबंधन के अभाव में उपभोक्ताओं को अनावश्यक परेशानियां झेलनी पड़ रही हैं। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि रसोई गैस जैसी आवश्यक सेवा में अव्यवस्था और मनमानी से आम जनता त्रस्त है, फिर भी प्रशासन सुचारू सप्लाई और निर्धारित दरों पर वितरण सुनिश्चित करने के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठा रहा। गैस एजेंसी मालिकों की कथित दादागिरी के खिलाफ लोगों में रोष बढ़ता जा रहा है और शीघ्र कार्रवाई नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी जा रही है।

# युद्ध की आड़ में कालाबाजारी का खेल, संघर्ष समिति ने कलेक्टर को घेरा

**डीडवाना (हुक्मनामा समाचार)।** अंतरराष्ट्रीय तनाव और युद्ध की आड़ में स्थानीय स्तर पर मुनाफाखोरी करने वाले व्यापारियों के खिलाफ अब जन संगठनों ने मोर्चा खोल दिया है। डीडवाना जिला न्याय संघर्ष समिति ने जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर क्षेत्र में राशन और गैस की कालाबाजारी पर तुरंत लगाम लगाने की मांग की है। संघर्ष समिति के अध्यक्ष पप्पू तंवर के नेतृत्व में सौंपे गए इस ज्ञापन में बताया गया कि वर्तमान में ईरान, अमेरिका और इजराइल के मध्य चल रहे युद्ध की परिस्थितियों का अनुचित लाभ उठाया जा रहा है। डीडवाना और मौलासर तहसील के व्यापारी मनमर्जी से खाद्य तेल और गैस सिलेंडरों के दामों में बढ़ोतरी कर रहे हैं। समिति ने प्रशासन का ध्यान इस ओर आकर्षित किया कि केंद्र और राज्य सरकार द्वारा कीमतों में ऐसी कोई वृद्धि नहीं की गई है। इसके बावजूद, स्थानीय दुकानदार स्टॉक होने के बाद भी कृत्रिम कमी दिखाकर आम जनता से अधिक पैसे वसूल रहे हैं। इससे क्षेत्र की जनता न केवल आर्थिक बल्कि मानसिक रूप से भी परेशान हो रही है। ज्ञापन के माध्यम से समिति ने जिला प्रशासन से पुरजोर मांग की है कि डीडवाना और मौलासर के व्यावसायिक प्रतिष्ठानों का तुरंत औचक निरीक्षण किया जाए। कालाबाजारी में लिप्त व्यापारियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई हो। खाद्य सामग्री और आवश्यक वस्तुओं की निर्धारित दरों पर उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। पदाधिकारियों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही इस दिशा में ठोस कदम नहीं उठाए गए, तो आम जनता को साथ लेकर आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

# ग्राम पंचायतों में किया स्वच्छता का निरीक्षण

**बारां (हुक्मनामा समाचार)।** स्वच्छ भारत मिशन-ग्रामीण पंचायतीराज विभाग के निर्देशानुसार बुधवार को जिले की 231 ग्राम पंचायतों में स्वच्छ भारत मिशन-ग्रामीण अन्तर्गत की जा रही स्वच्छता गतिविधियों का सघन निरीक्षण किया गया। मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद राजवीर सिंह चौधरी ने बताया कि निरीक्षण दलों में जिला परिषद के 5 अधिकारी, पंचायत समिति अन्ता के 24, अटरू के 27, बारां के 13, छबड़ा के 16, छीपाबड़ौद के 16, किशनगंज के 39, मांगरोल के 9 व शाहबाद के 12 कुल 156 अधिकारी व कर्मचारी शामिल रहे। जिन्होंने आवंटित ग्राम पंचायतों में स्वच्छता गतिविधियों के तहत घर -घर कचरा संग्रहण, नाली सफाई, सडक सफाई, सार्वजनिक शौचालय की सफाई, कचरा निस्तारण की व्यवस्था का निरीक्षण एवं समीक्षा की तथा पाई गई कमियों को चिन्हित कर तद्नुसार आवश्यक सुधार कर धरातल पर स्वच्छता कार्यो की गुणवत्ता में सुधार लाने व सफाई व्यवस्थाओं को दुरूस्त किये जाने के लिए ग्राम विकास अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

## काला दिवस पर श्रमिकों का प्रदर्शन, पीएम का पुतला दहन



**भीलवाड़ा (हुक्मनामा समाचार)।** केंद्र सरकार की नई श्रम संहिताओं के विरोध में बुधवार को श्रमिक संगठनों ने काला दिवस मनाते हुए जोरदार प्रदर्शन किया। अखिल भारतीय संयुक्त श्रमिक संघर्ष मोर्चा के आह्वान पर विभिन्न संगठनों से जुड़े श्रमिक सुबह मुखर्जी पार्क में एकत्रित हुए और रैली निकालते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचे। कलेक्ट्रेट के बाहर प्रदर्शनकारियों ने प्रधानमंत्री का पुतला दहन कर नारेबाजी की तथा नई श्रम संहिताओं की प्रतियां जलाकर विरोध जताया। श्रमिक नेताओं ने आरोप लगाया कि केंद्र की चार नई श्रम संहिताएं मजदूरों के हितों के बजाय पूंजीपति वर्ग को लाभ पहुंचाने वाली हैं, जिससे श्रमिकों के अधिकार कमजोर होंगे। प्रदर्शन में सीटू, इंटक, एटक, बिल्डिंग वर्कर्स यूनियन, सिंथेटिक यूनियन तथा मेडिकल सेल्स प्रतिनिधियों सहित बड़ी संख्या में श्रमिक शामिल हुए। अंत में संगठनों ने राष्ट्रपति के नाम नए लेबर कोड वापस लेने की मांग का ज्ञापन जिला कलेक्टर को सौंपा।

# सुभाष नगर भाईचारा कमेटी ने होनहार विद्यार्थियों का किया अभिनंदन

**भीलवाड़ा (हुक्मनामा समाचार)।** उस्मान खां कायमखानी की पुत्री शबाना बानो एवं पुत्र इरफान खान की शानदार शैक्षिक उपलब्धि पर भाई चारा कमेटी की ओर से हौसला अफजाई कर फूल मालाओं से दोनों का अभिनंदन किया गया। जानकारी के अनुसार महेश शिक्षा सदन की छात्रा शबाना बानो ने 12वीं बोर्ड की परीक्षा में 89.60 प्रतिशत अंक प्राप्त किए और पुत्र इरफान खान ने दसवीं बोर्ड परीक्षा में 85 .50 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विशेष उपलब्धि अर्जित की है। एक ही परिवार के दो सदस्यों द्वारा शिक्षा में अव्वल रहने पर उन्होंने कहा कि इस कामयाबी में माता-पिता व परिवार के अन्य सदस्यों सहित नाना यासीन खां कायमखानी का विशेष योगदान रहा और अध्यापकों के कुशल मार्गदर्शन से यह उपलब्धि हासिल हुई है दोनों विद्यार्थियों का राजकीय सेवा में जाकर देश हित के लिए काम करने का सपना है।




इस अवसर पर कमेटी के संरक्षक शहजाद खान, सदर नाहर खां कायमखानी, महासचिव डॉ. फखरुद्दीन मंसूरी, नायब सदर फूल मोहम्मद, बाबू भाई मंसूरी, आफताब कायमखानी, खजांची फखरुद्दीन शेख, सलीम मोहम्मद आदि मौतबीरान मौजूद थे।

# नए लेबर कोड के विरोध में बीमा कर्मियों ने बोला हल्ला, 'काला दिवस' मनाकर जताया विरोध

**डीडवाना (हुक्मनामा समाचार)।** केंद्र सरकार द्वारा 1 अप्रैल 2026 से लागू किए जा रहे चार नए श्रम संहिताओं (लेबर कोड्स) के विरोध में आज डीडवाना में बीमा कर्मचारियों ने जबरदस्त प्रदर्शन किया। ऑल इंडिया इंश्योरेंस एम्प्लॉइज एसोसिएशन एवं केंद्रीय श्रम संगठनों के आह्वान पर आयोजित इस विरोध प्रदर्शन को 'काला दिवस' के रूप में मनाया गया। भारतीय जीवन बीमा निगम के डीडवाना शाखा कार्यालय पर दोपहर भोजनावकाश के दौरान सभी कर्मचारी एकत्रित हुए और केंद्र सरकार की नीतियों के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।प्रदर्शन को संबोधित करते हुए मंडल उपाध्यक्ष एवं शाखा अध्यक्ष शंकर लाल वर्मा ने कहा कि सरकार द्वारा श्रम कानूनों में किए जा रहे बदलाव पूरी तरह से मजदूर विरोधी हैं। इन बदलावों से श्रमिकों के अधिकार सीमित हो जाएंगे, जिससे पूरे देश के श्रमिक वर्ग में भारी आक्रोश है। शाखा सचिव सौरभ तिवारी ने कहा कि इससे पूर्व 12 फरवरी को हुई ऐतिहासिक हड़ताल के माध्यम से भी सरकार को चेताया गया था, लेकिन सरकार अपने फैसले पर अडिग है।

उन्होंने दो टूक शब्दों में कहा कि यदि इन नए कानूनों को वापस नहीं लिया गया तो कर्मचारी संगठन अपने संघर्ष को और अधिक उग्र करेंगे।इस विरोध प्रदर्शन के दौरान सुधीर जोशी, किशोर कुमार मीणा सहित बड़ी संख्या में बीमा कर्मचारी और पदाधिकारी मौजूद रहे। सभी ने एक सुर में सरकार से इन श्रमिक विरोधी नियमों को तत्काल रद्द करने की मांग की है।



## आमजन की समस्याओं के त्वरित समाधान हेतु ग्राम पंचायत स्तरीय जनसुनवाई आज

**झालावाड (हुक्मनामा समाचार)।** राज्य सरकार के निर्देशानुसार त्रिस्तरीय जनसुनवाई एवं परिवेदनाओं के त्वरित निस्तारण के क्रम में मार्च माह के प्रथम गुरुवार, 2 अप्रैल 2026 को प्रातः 11.00 बजे उपखण्ड गंगधार की ग्राम पंचायत दुधालिया (पंचायत समिति डग) में जिला कलक्टर अजय सिंह राठौड़ की अध्यक्षता में जनसुनवाई आयोजित की जाएगी। जनसुनवाई कार्यक्रम के माध्यम से आमजन अपनी समस्याओं एवं परिवेदनाओं को सीधे जिला प्रशासन के समक्ष प्रस्तुत कर सकेंगे, जिनका मौके पर ही त्वरित निस्तारण सुनिश्चित किया जाएगा। इसके अतिरिक्त ग्राम पंचायत गोलाना (पंचायत समिति खानपुर) एवं ग्राम पंचायत आमेठा (पंचायत समिति अकलेरा) में आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम भी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े रहेंगे। इन कार्यक्रमों की मॉनिटरिंग माननीय मुख्य सचिव महोदय के कार्यालय से की जाएगी। जनसुनवाई में संबंधित उपखण्ड अधिकारी, तहसीलदार, विकास अधिकारी सहित विभिन्न विभागों के जिला एवं ब्लॉक स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहकर आमजन की समस्याओं का समाधान करेंगे।

## कुचेरा में आज मनाई जाएगी 703वीं जयंती व हनुमान जन्मोत्सव

**कुचेरा (हुक्मनामा समाचार)।** पीपा क्षत्रिय दर्जी समाज द्वारा 2 अप्रैल को 703वीं पीपा जयंती एवं हनुमान जन्मोत्सव बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 8 बजे दर्जियों के मोहल्ले में महाआरती से होगी। इसके पश्चात अल्पाहार रखा जाएगा और फिर कस्बे के मुख्य मार्गों से भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी।

## नसीराबाद में 96 घंटे बाद भी नहीं हुई जलापूर्ति, टैंक क्षमता बढ़ाने की मांग



**नसीराबाद (हुक्मनामा समाचार)।** कस्बे में पेयजल संकट लगातार गहराता जा रहा है। जलदाय विभाग से पानी नहीं मिलने के कारण बुधवार को 96 घंटे बीत जाने के बाद भी कस्बे में पेयजल आपूर्ति नहीं हो सकी, जिससे लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। छावनी परिषद जल विद्युत फोरमैन सतीश कुमार के अनुसार पाइपलाइन का वाल क्षतिग्रस्त होने से पिछले दो दिनों से जलदाय विभाग से पानी नहीं मिल पाया, जिसके चलते जलापूर्ति बाधित रही। कस्बेवासियों का कहना है कि स्टोरेज टैंक की क्षमता कम होने और पंपिंग मशीनों के पुराने होने के कारण समस्या बार-बार सामने आ रही है। वर्ष 1995 में बने साढ़े पांच लाख गैलन क्षमता के टैंक वर्तमान बढ़ती आबादी के मुकाबले अपर्याप्त साबित हो रहे हैं। लोगों ने स्टोरेज टैंक की क्षमता बढ़ाने और नई पंपिंग मशीनें लगाने की मांग की है। साथ ही नव नियुक्त सीईओ मोहम्मद साकिब आलम से समस्या के स्थायी समाधान की उम्मीद जताई है।

## ब्यूटी पार्लर मैनेजमेंट प्रशिक्षण कार्यक्रम को लेकर महिलाए कर सकती है, आवेदन

**प्रतापगढ़ (हुक्मनामा समाचार)।** महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए बड़ौदा स्वरोजगार विकास संस्थान प्रतापगढ़ द्वारा ब्यूटी पार्लर मैनेजमेंट प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस प्रशिक्षण को बैंक ऑफ बड़ौदा द्वारा प्रायोजित किया गया है। इच्छुक महिलाएं 2 अप्रैल 2026 से आवेदन कर सकती हैं। प्रशिक्षण कार्यक्रम पूरी तरह निःशुल्क होगा और सफलतापूर्वक प्रशिक्षण पूरा करने वाली प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र भी प्रदान किए जाएंगे। 35 दिवसीय इस प्रशिक्षण में महिलाओं को ब्यूटी और पार्लर से संबंधित विभिन्न कौशल सिखाए जाएंगे। इसमें स्किन केयर व क्लीनअप, हेयर कटिंग और हेयर स्टाइलिंग, ब्राइडल एवं पार्टी मेकअप, पेडिक्योर, मेनिक्योर, थ्रेडिंग के साथ-साथ पार्लर संचालन एवं व्यवसाय प्रबंधन का प्रशिक्षण शामिल है। प्रशिक्षण का समय प्रतिदिन सुबह 10 बजे से शाम 5:00 बजे तक रहेगा और इसका आयोजन बड़ौदा स्वरोजगार विकास संस्थान, प्रतापगढ़ धरियावाद रोड जिला कलेक्ट्री के पास में किया जाएगा। आवेदन के लिए महिलाओं को आधार कार्ड, राशन कार्ड, शैक्षिक अंकतालिका, मनरेगा जॉब कार्ड (यदि उपलब्ध हो), बैंक पासबुक और पासपोर्ट साइज फोटो जमा करनी होगी। संस्थान के निदेशक ने बताया कि सीटें सीमित हैं, इसलिए इच्छुक उम्मीदवारों को जल्द से जल्द आवेदन करने की सलाह दी गई है। अधिक जानकारी के लिए संस्थान से संपर्क किया जा सकता है।

## राजस्थान गृह रक्षा के नए जिला कार्यालय का भव्य उद्घाटन

**डीडवाना (हुक्मनामा समाचार)।** नवगठित डीडवाना-कुचामन जिले में प्रशासनिक सुदृढ़ीकरण की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए राजस्थान गृह रक्षा (होमगार्ड) प्रशिक्षण केंद्र के जिला कार्यालय का विधिवत उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नागौर कमांडेंट रवि व्यास एवं सीकर कमांडेंट ने शिरकत की।समारोह के दौरान नागौर कमांडेंट रवि व्यास और सीकर कमांडेंट ने फीता काटकर कार्यालय का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि स्थानीय स्तर पर कार्यालय खुलने से गृह रक्षा स्वयंसेवकों के प्रशिक्षण और प्रशासनिक कार्यों में सुगमता आएगी। उन्होंने विभाग की कार्यप्रणाली में अनुशासन और तत्परता पर भी विशेष बल दिया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में प्रशिक्षण प्रभारी दुलाराम एवं जितेंद्र का विशेष सहयोग रहा। कार्यालय के प्रशासनिक कार्यों की जिम्मेदारी संभाल रहे छ्ष्ट प्रहलाद और वाहन चालक ओमप्रकाश भी इस दौरान मौजूद रहे।उद्घाटन समारोह में विभाग के अनेक सदस्यों और जवानों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस मौके पर मुख्य रूप से भँवरलाल मुकेश घनश्याम रामनिवास विजय, बजरंग महेन्द्र यतेंद्र अशोकराम श्रवण नरेन्द्र सनत कुमार सांगसिंह संतोष कुमार हनुमानराम एवं अन्य समस्त सदस्य उपस्थित रहे।नया कार्यालय शुरू होने से अब डीडवाना-कुचामन जिले के होमगार्ड्स को अपने कार्यों के लिए अन्य जिलों पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा। कार्यक्रम के अंत में सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त किया गया और मिठाई बांटकर खुशी का इजहार किया गया।

स्वामी प्रकाशक एवं मुद्रक प्रदीप लोढा द्वारा एफ बी 3, करतारपुरा इंडस्ट्रियल एरिया रोड नंबर 4, जयपुर से मुद्रित एवं पीली कोठी, जयपुर गोल्डन, जयपुर रोड, अजमेर से प्रकाशित। फोन 2623396, प्रधान संपादक - प्रदीप लोढा, प्रबंध संपादक - वैभव लोढ़ा, समाचार संपादक (अजमेर) राजेद्र गुप्ता जयपुर कार्यालय- जी 1, एफ ब्लॉक, गणपति एनक्लेव, अजमेर रोड जयपुर। जोधपुर कार्यालय -902, तीसरी ई रोड, सरदारपुरा, जोधपुर। फोन 2433621, ई मेल hukmnama.ajmer@gmail.com

रामचन्द्र चौधरी का बड़ा फैसला अजमेर डेयरी ने 9.75 रु. प्रति फैट से रचा इतिहास, जल्द 10 रु. करने की तैयारी

# डीबीटी सिस्टम में बड़ा बदलावः अब रील कंपनी सीधे भेजेगी आंकड़े

# 75 करोड़ बकाया भुगतान को लेकर सरकार पर दबाव तेज

### ज्वार बीज की भारी मांगः 200 क्विटल तुरंत खत्म, 300 क्विटल और मंगाने के आदेश



**अजमेर (हुक्मनामा समाचार)।** अजमेर जिला दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लि. (अजमेर डेयरी) के अध्यक्ष रामचन्द्र चौधरी के नेतृत्व में दुग्ध उत्पादकों के हित में बड़ा कदम उठाते हुए 1 अप्रैल से दूध का क्रय मूल्य 9.75 रुपये प्रति फैट लागू कर दिया गया है। यह दर न केवल राजस्थान बल्कि देशभर में सबसे अधिक मानी जा रही है, जिससे अजमेर डेयरी ने एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। चौधरी ने स्पष्ट किया कि आर.सी.डी.एफ से अनुमति मिलते ही इस दर को बढ़ाकर 10 रुपये प्रति फैट करने के आदेश भी जल्द जारी कर दिए जाएंगे। चौधरी ने बताया कि जिले में सूखे भूसे और कुट्टी के बढ़ते दामों को देखते हुए पशुपालकों को हरे चारे के उत्पादन के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इसी के तहत अब तक 500 क्विटल एस.एस.जी ज्वार बीज 40 रुपये प्रति किलो की दर से वितरित किया जा चुका है। आज 200 क्विटल ज्वार बीज की नई खेप आई, जो उसी दिन समाप्त हो गई। पशुपालकों की बढ़ती मांग को देखते हुए 300 क्विटल और ज्वार बीज मंगवाने के आदेश दिए गए हैं, तथा आवश्यकता पड़नेपर 200 क्विटल और तुरंत मंगवाया जाएगा। जिले में कुल 1000 क्विटल ज्वार बीज वितरण का लक्ष्य रखा गया है, जिससे हरे चारे की उपलब्धता बढ़ेगी और दूध उत्पादन बनाए रखने में मदद मिलेगी। डीबीटी प्रक्रिया में भी महत्वपूर्ण बदलाव किया गया है। मुख्यमंत्री दुग्ध उत्पादक सम्बल योजना के अंतर्गत मिलने वाली 5 रुपये प्रति फैट की प्रोत्साहन राशि के लिए अब आंकड़े समितियों के बजाय सीधे रील कंपनी द्वारा आर.सी.डी.एफ को भेजे जाएंगे। हाल ही में प्रबन्ध संचालक आर.सी.डी.एफ, जयपुर एवं रील कंपनी के अधिकारियों के साथ हुई बैठक में यह निर्णय लिया गया।

## कमर्शियल गैस सिलेंडर की दरों में बढोतरी करने पर कांग्रेसियों ने की निन्दा

**अजमेर (हुक्मनामा समाचार)।** केंद्र सरकार ने कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में एक बार फिर बड़ी बढ़ोतरी करने पर कांग्रेसियों ने कड़े शब्दों में निंदा की है। राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य एवं अजमेर उत्तर विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस के प्रत्याशी महेंद्र सिंह रलावता ने बताया कि कमर्शियल गैस सिलेंडर की दरों में बढ़ोतरी से होटल, रेस्टोरेंट और कारोबारियों पर सीधा असर पड़ेगा। 19 किलोग्राम वाले कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर के दाम में 218 रुपये तक की बढ़ोतरी की गई है, इसके बाद अलग-अलग शहरों में कीमतें बढ़ गई हैं, अब दिल्ली में सिलेंडर 194 रुपये, चेन्नई में 203 रुपये, मुंबई में 196 रुपये और कोलकाता में 218 रुपये राजस्थान में 195 रुपये महंगा मिलेगा। उन्होंने बताया कि रसोई गैस की किल्लत और कालाबाजारी ने आम लोगों का जीना पूरी तरह दूभर कर दिया है। गैस की लूट, कीमतों में लगी आग और बढ़ती महंगाई से जनता का दैनिक जीवन गंभीर संकट में है। भाजपा सरकार की नीतियाँ आज जनता की थाली से निवाला छीन रही हैं। महंगाई पहले ही आसमान छू रही थी, और अब रसोई गैस की किल्लत तथा कालाबाजारी की दोहरी मार ने आम आदमी की तकलीफें और बढ़ा दी हैं। अजमेर शहर जिला कांग्रेस कमेटी के निवर्तमान महासचिव शिव कुमार बंसल नगर निगम अजमेर के पूर्व उपायुक्त एवं पार्षद गजेंद्र सिंह रलावता राजस्थान कांग्रेस कमेटी उद्योग एवं व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष सम्पत कोठारी राजीव गांधी पंचायती राज संगठन के जिला अध्यक्ष राजकुमार गर्ग कांग्रेस ओबीसी विभाग के जिला अध्यक्ष सतीश वर्मा अब्दुल रशीद मुकेश सिंह राठौड़ भरत सिंह राणा शंकर गुर्जर चंद्रप्रकाश शर्मा अहमद हुसैन शक्ति सिंह रलावता ने भी गैस की दरों में बढ़ोतरी की कड़े शब्दों में निंदा की है। कांग्रेसियों ने बताया कि भाजपा सरकार की प्राथमिकताओं में जनता की राहत नहीं, बल्कि महंगाई, किल्लत और अव्यवस्था को बढ़ाना है। इस सरकार का मुख्य काम सिर्फ कुर्सी बचाना, भ्रष्टाचार करना और झूठे प्रचार से जनता को गुमराह करना है।

यातायात व्यवस्था हो दुरूस्त और नागरिको को आसानी से मिले परिवहन के साधन

## नगरीय परिवहन की सुविधाऐं नही होने से आर्थिक कमजोर,विकलंग,बच्चे व वृद्व व लोग परेशान : मूरजानी

**अजमेर (हुक्मनामा समाचार)।** अजमेर व्यापारिक महासंघ के पदाधिकारियों को स्मार्ट सिटी कहलाने वाले अजमेर के अनेक नागरिको ने बताया कि पंचशील नगर से कोटडा,वाया रीजनल कॉलोज,मित्तल चिकित्सालय,पुष्कर रोड, वरूण सागर फायसागर रोड, पंचशील नगर और वैशाली नगर से शास्त्री नगर रोड,शास्त्री नगर राम भवन मार्ग से जयपुर रोड माध्यमिक शिक्षा बोर्ड सहित अनेक अन्य मार्गो बस स्टैण्ड से वाया कुन्दन नगर,सीआरपीएफ,गुलाबबाडी,राजा साईकिल मार्ग से नौ नम्बर पैट्रोल पम्प मार्ग,गुलाब बाडी से धोला भाटा मार्ग सहित अनेक अन्य पर नगरीय परिवहन चलाने की अजमेर व्यापारिक महासंघ के कार्यकारी अध्यक्ष राजेन्द्र मूराजनी और संस्थापक व महासचिव रमेश लालवानी ने राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा, उप मुख्यमंत्री व राजस्थान के परिवहन मंत्री प्रेम चन्द बैरवा,विधान सभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी और जिलाधीश लोक बंधु से मांग की है।लालवानी ने बताया कि वर्तमान में सिटी बसों और टेम्पुओ के निर्धारित रूट पर चलने



वाले वाहनो के रूटों का विस्तार करते हुए अथवा उनमें से कुछ के रूटों को परिवर्तित करवाकर ऐसे नये मार्गो को उनके रूट का विस्तार अथवा परिवर्तन करके जोडा जाना चाहिये जो कि नई कॉलोनियो के बनने से और जिन मार्गो पर कोई भी लोक वाहन का साधन सिटी बस अथवा टेम्पु नही चलते है उन मार्गो पर परिवहन के साधन चलवाने के प्रबंध किये जाने की मांग की है। महासंध के महासचिव रमेश लालवानी, शराफत हुसैन घोसी,मति सोनी राहुल, जसोता, नरेन्द्र फेरवानी, वर्षा दुहिलानी, महावीर सेन, और सियाराम नगर विकास समिति के अध्यक्ष आर एस चितौडिया, सरदारभजन सिंह, पत्रकार प्रवीण कुमार, श्याम सुन्दर सोनी, चेतन सेनी ने बताया कि अजयनगर मोड से लेकर रामगंज थाने के सामने होते हुए तेल डिपों सोमलपुर रोड और उसी मार्ग से चन्द्रवरदाई नगर और पृथ्वीराज चैहान स्मारक तारागढ पहाडी तक कोई भी सिटी बस अथवा टेम्पू नही चलता है।

## पूज्य झरनेश्वर महादेव सिंधी मंडल ने विभिन्न मुक्तिधामों में स्टील की अर्थीयां निशुल्क प्रदान की गई

**अजमेर (हुक्मनामा समाचार)।** पूज्य झरनेश्वर महादेव सिंधी मंडल के तत्वाधान में बुधवार को आशागंज स्थित महर्षि स्वामी दयानंद सरस्वती मुक्तिधाम परिसर में विभिन्न मुक्तिधामों के लिए 8 स्टील की आर्थियों को विभिन्न श्मशानों के लिए पूजन करके अलग-अलग स्थानों पर भेजने की कार्यवाही की गई।

पूज्य झरनेश्वर महादेव सिंधी मंडल के तत्वावधान में आयोजित पूजन कार्यक्रम में अध्यक्षता करते हुए सिन्धी मण्डल के पदाधिकारियों के प्रयासो की सराहना की मुख्य अतिथि के रूप में राजेंद्र मूर्जनी अजमेर व्यापारिक महासंघ के कार्यकारी अध्यक्ष ने बताया कि झरनेश्वर महादेव सिन्धी मण्डल के द्वारा शहर के विभिन्न क्षेत्र में सराहनीय सेवाऐं प्रदान की जा रही है।महासचिव रमेश लालवानी ने इस अवसर पर बताया कि पण्डित कन्हैया लाल शर्मा के द्वारा पूजन समपन्न करवाया गया।लालवानी ने बताया कि सचिव शंकर छतानी की प्रेरणा से यह कार्य किया जा रहा है।इस कार्य में कोषाध्यक्ष रमेश शिवानानी के अथक प्रयासो से दो अर्थियां महर्षि स्वामी दयानंद सरस्वती मुक्तिधाम आशागंज, दो अर्थियां आना सागर पुष्कर रोड स्थित मुक्तिधाम के लिए, दो आर्थियां आंतेड छतरी योजना मुक्तिधाम के लिए और दो आर्थियों को मदार गांधीनगर



स्थित मुक्तिधाम में लकड़ी की टालों पर प्रदान की जा रही है। कोषाध्यक्ष रमेश शिवानी ने बताया कि यह सेवाएं पूर्णतया निशुल्क रहेगी और कोई भी सम्बंधित क्षेत्र का नागरिक इनको मुक्तिधाम की लकड़ी के टाल से संबंधित क्षेत्र में ले जाकर पुन वापस वही जमा करवा सकता है। पूजन के अवसर पर महन्त टहलगिरी गोस्वामी, महादेव सिंधी मंडल के अध्यक्ष नारी देवानी, महासचिव रमेश लालवानी, सचिव शंकर छतानी,कोषाध्यक्ष रमेश शिवनानी पंडित हेमंत शर्मा भंवरलाल चावल और मनोज चावला को आर्थियां प्रदान की गई एवं अन्य उपस्थित थे।

## गांधीनगर थाना पुलिस की बड़ी कार्रवाई युवक अवैध पिस्टल सहित गिरफ्तार

**भीलवाड़ा (हुक्मनामा समाचार)।** थाना गांधीनगर पुलिस ने अवैध हथियारों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए एक युवक को देशी पिस्टल सहित गिरफ्तार किया। पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह के निर्देशन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मुख्यालय पारस जैन तथा वृत्ताधिकारी शहर सज्जन सिंह की सुपरविजन में, थानाधिकारी डॉ. नेहा राव के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया था। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस, भागते युवक को पकड़ा गश्त के दौरान पुलिस टीम को मुखबिर से सूचना मिली कि अहिंसा बंगलों के सामने 80 फीट रोड पर एक युवक अवैध हथियार के साथ मौजूद है। स.।ह डॉ. नेहा राव टीम सहित मौके पर पहुँचीं। पुलिस को देखकर युवक भागने लगा, जिसे पीछा कर पकड़ लिया गया। पूछताछ में उसकी पहचान शिवकुमार भदौरिया (20 वर्ष) निवासी चाउपुर थाना हरपालपुर जिला हरदोई, उत्तर प्रदेश, हाल किरायेदार मकान नंबर ,-392 आजाद नगर, थाना प्रतापनगर, भीलवाड़ा के रूप में हुई। जींस की कमर से देशी पिस्टल बरामद तलाशी लेने पर युवक की जींस की कमर से एक अनलोड देशी पिस्टल मैग्जीन सहित बरामद हुई। आरोपी को मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया गया। हथियार की खरीद-फरोख्त एवं संभावित आपराधिक नेटवर्क के बारे में पूछताछ जारी है।

## मीणा और धाकड़ का अभिनंदन कर आईएएस अधिकारी बनने की प्रेरणा दी

**निम्बाहेडा (हुक्मनामा समाचार)।** माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के कला वर्ग में 12वीं कक्षा में 96.80:अंक प्राप्त कर विद्यालय टॉप करने वाली बडोली माधोसिंह स्कूल में किसान परिवार की पुत्री संगम धाकड़ का निंबाहेड़ा के सीआई राम सुमेर मीणा एवं प्रशिक्षु आईपीएस मुकेश कुमार ने पुलिस थाना में मुंह मीठा कराकर अंगवस्त्र के साथ उपरणा ओढ़ा कर अभिनंदन किया और बालिका को आईएएस आईपीएस सहित आरएएस अधिकारी बनने की प्रेरणा दी।

## त्रिशला नन्दन वीर की जय बोलो महावीर की के नारों से गूंज उठा नगर निकली शोभायात्रा

**निम्बाहेड़ा (हुक्मनामा समाचार)।** श्रमण संस्कृति के अमर देवता वीर प्रभु महावीर के 2625 वें जन्म कल्याणक महोत्सव पर सकल जैन समाज द्वारा विशाल शोभायात्रा निकाली गई। महोत्सव समिति के संयोजक सुरेंद्र डूंगरवाल ने बताया कि प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी जन्म कल्याणक प्रसंग पर आदिनाथ जैन मंदिर से यात्रा आरम्भ होकर होलीथड़ा, वर्धमान चौक, राजेन्द्र चौक, सदर बाजार, मोती बाजार, शास्त्री गली, रामद्वारा, चितोड़ी गेट, कैंची चौराहा, चंदन चौक, परशुराम सर्कल, शेखावत सर्कल, एल आई सी ऑफिस होते हुवे राजेंद्र सुरि ज्ञान मंदिर पहुंचकर धर्मसभा में परिवर्तित हो गया जहाँ पर साध्वी रमणिक कुंवर जी मसा के प्रवचन पश्चात प्रभु महावीर स्वामी की लाभार्थी जारोली परिवार द्वारा आरती उतारी गई। शोभायात्रा में पूर्व विधायक अशोक नवलखा, कमलेश ढेलावत, वीरेश चपलोत, अभय बोड़ाना, शेरसिंह पारख, ज्ञानचंद ढेलावत, डॉ जे एम जैन, अनिल मारु, चल समारोह के संयोजक अंकित विरानी,संतोष जैन, आनन्द सालेचा, मनीष बाबेल, पारस बोहरा, अशोक जैन, बाबूलाल सिंघवी, कमल डागा, अर्पित सिंघवी, रवि मोदी, वीरेंद्र मारु, सुरेश बोड़ाना, कपिल चौधरी, हस्तीमल सेठिया, बसंतीलाल सिंघवी सहित समाज जन शामिल थे।

# नेशनल डॉक्टर्स डे

## हर डॉक्टर को धन्यवाद, जो निरंतर देखभाल करते हैं, जीवन को स्वस्थ बनाते हैं और अनगिनत ज़िंदगियों में बदलाव लाते हैं आप ही असली नायक हैं : इक़बाल ख़ान

**मुंबई।** सोनी सब का नया शो हुई गुम यादें- एक डॉक्टर, दो ज़िंदगियाँ डॉक्टर की निजी ज़िंदगी के उन पहलुओं पर रोशनी डालता है, जिन्हें अक्सर नज़रअंदाज़ कर दिया जाता है। मशहूर इटैलियन सीरीज़ डॉक (डीओसी) से प्रेरित इस शो में दिखाया गया है डॉ. देव मेहता (इक़बाल खान) का किरदार। एक शानदार डॉक्टर, जिसकी ज़िंदगी अचानक बदल जाती है, जब वह अपनी कई सालों की यादें खो देता है। जैसे-जैसे वह



फिर से उस प्रोफेशन में लौटने की कोशिश करता है, जिसमें सटीकता, संवेदनशीलता और मज़बूती की ज़रूरत होती है, कहानी उन डॉक्टरों की हकीकत भी दिखाती है जो दूसरों की ज़िंदगी बचाने के लिए अपनी ज़िंदगी समर्पित कर देते हैं। 30 मार्च को नेशनल डॉक्टर्स डे के मौके पर इक़बाल खान ने डॉक्टरों की लगातार मेहनत और समर्पण को सलाम किया। उन्होंने कहा कि चाहे हालात कितने भी मुश्किल क्यों न हों, डॉक्टर हर दिन डटे रहते हैं। लंबे घंटे, भावनात्मक मज़बूती और ज़िंदगी बदल देने वाले फैसलों के बीच डॉक्टर हमारे हेल्थकेयर सिस्टम की रीढ़ बने रहते हैं। उनका समर्पण सिर्फ ड्यूटी तक सीमित नहीं होता, बल्कि यह उनकी ज़िंदगी का हिस्सा बन जाता है। हर दिन वे उम्मीद से भरे हालात में कदम रखते हैं और अपने ज्ञान के साथ-साथ दया और भरोसा भी लेकर आते हैं। उनकी मज़बूत नीयत और अटूट समर्पण अनगिनत ज़िंदगियों को छूता है और हर कदम पर विश्वास जगाता है। इस बारे में बात करते हुए इक़बाल खान ने कहा, 'डॉक्टर सिर्फ बीमारियों का इलाज नहीं करते, वे हर मरीज का भावनात्मक बोझ भी उठाते हैं। कुछ दिन जीत के होते हैं और कुछ दिन सीखने के, लेकिन फिर भी वे अगले दिन उसी मज़बूती और समर्पण के साथ लौटते हैं। शो की तैयारी के दौरान मैंने कई डॉक्टरों से बातचीत की और उनकी बातें मेरे दिल में बस गईं। निजी तौर पर यह प्रोफेशन मेरे दिल के बहुत करीब है, क्योंकि मेरी दोनों बहनें डॉक्टर हैं। उनकी मेहनत और लंबे घंटे मैंने करीब से देखे हैं और इससे मेरे मन में उनके लिए और भी ज़्यादा सम्मान पैदा हुआ है। इस नेशनल डॉक्टर्स डे पर मैं हर उस डॉक्टर को धन्यवाद् कहना चाहता हूँ, जो लगातार देखभाल करता है, इलाज करता है और अनगिनत ज़िंदगियों में बदलाव लाता है। आप ही असली हीरो हैं।' देखिए हुई गुम यादें- एक डॉक्टर, दो ज़िंदगियाँ, 6 अप्रैल से, हर सोमवार से शनिवार रात 8 बजे, सिर्फ सोनी सब पर।

## राजकीय परिसरों में संचालित रसोईघरों को लेने होंगे पीएनजी कनेक्शन

**अजमेर (हुक्मनामा समाचार)।** राज्य सरकार के निर्देशानुसार आगामी 15 दिवस में सभी सरकारी आवासीय परिसरों में संचालित रसोईघरों को पीएनजी कनेक्शन लेने होंगे। जिला रसद अधिकारी श्रीमती मोनिका जाखड़ ने बताया कि सरकारी बंगले, सर्किट हाउस, गेस्ट हाउस, मिड डे मील हेतु सरकारी विद्यालय, अन्नपूर्णा रसोई, सरकारी हॉस्टल, हॉस्पिटल, पुलिस मेस, जेल, प्रशिक्षण संस्थान आदि राजकीय परिसर में संचालित रसोईघरों को आगामी 2 सप्ताह में पीएनजी कनेक्शन लेना होगा। इस संबंध में सरकार द्वारा आदेश जारी किए गए हैं।

उन्होंने बताया कि उपभोक्ताओं के लिए पीएनजी एलपीजी की तुलना में अधिक लाभप्रद है। भारत में पीएनजी के घरेलू भंडार अधिक हैं। यह भू-राजनीतिक गड़बड़ी से कम प्रभावित होता है। यह चौबीसों घण्टे सातों दिन उपलब्ध है। सिलेंडर बुक करने या डिलीवरी का इंतजार करने की जरूरत नहीं है। पीएनजी, एलपीजी की तुलना में 7 से 17 प्रतिशत तक सस्ता है। उपभोक्ता को केवल उतनी ही गैस का पैसा देना होता है जितनी उपयोग की गई है, न कि पूरे सिलेंडर का पैसा पहले देना पड़ता है। कम गर्मी की तीव्रता के कारण इसमें पके भोजन का पोषण मूल्य बेहतर रहता है। मौजूदा एलपीजी चूल्हों को मामूली खर्च पर पीएनजी के लिए बदला जा सकता है।

उन्होंने बताया कि प्रशासन द्वारा पाइपलाइन बिछाने के लिए खुदाई और पाइप बिछाने की अनुमति शीघ्रता से की जा रही है। गैस वितरण कंपनी को स्थानीय भंडारण के लिए किसी भी सरकारी विभाग की खाली भूमि से 300-1000 वर्ग मीटर का भूखंड 2-3 साल के लिए किराया-मुक्त लीज पर उपलब्ध कराया जाए। जिला कलक्टर श्री लोक बन्धु द्वारा संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक कर एक टाइम-बाउंड माइक्रो-प्लान (समयबद्ध योजना) तैयार की जा रही है।

## सत्यनारायण स्वामी की कथा का आयोजन करने एवं श्रवण करने से उन्नत होता है व्यापारः गोस्वामी

**अजमेर (हुक्मनामा समाचार)।** सन्त स्वामी टहलगिरी गोस्वामी और भक्तियाणी रेखा गोस्वामी ने सत्यनारयण भगवान की कथा का श्रवण करवाते हुए अपने प्रवचनो में बताया कि सत्यनारायण भगवान की कथा का आयोजन करने और कथा का श्रवण करने से व्यापार उन्नत होता है व्यापार में बरकत आती है।बाब हरदयाल कुटिया के सन्त स्वामी प्रकाश उदासी ने बताया कि सत्यनारायण भगवान की कथा व्यापारी से ही जुडी हुई है और कथा श्रवण से उसके कष्ट भी समाप्त हो जाते है।पूज्य सिन्धी पंचायत अजमेर के संस्थापक व महासचिव रमेश लालवानी ने बताया कि महन्त टहलगिरी गोस्वामी ने अपने प्रवचनो में बताया कि सत्यनारायण भगवान की कथा का श्रवण करने से परिवार में खुशहाली और धन धान्य की भी वृद्वि होती है।गोस्वामी ने बताया कि पूर्णिमा के अवसर पर पूनम के दिन भगवान सत्यनारायण की कथा का श्रवण करना चाहिये और व्रत धारण करके विधि विधान से पूजन आरती करनी चाहिये। इस अवसर पर राजावीर साहिब की आरती,पंजडे,पूजन,दुर्गा माता का पूजन और अरदास कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया।रमेश लालवानी ने बताया कि पूर्णिमा पूनम के अवसर पर अधिकतर सिन्धी परिवारों में पारिवारिक स्तर पर भी सत्यनारायण भगवान की कथा का आयोजन किया जाता है।पूज्य सिन्धी पंचायत हरि ओम कॉलोनी विकास समिति चन्द्रवरदाई नगर में श्रीमती ज्योति जेठवानी,श्रीमती वर्षा दुहिलानी सहित अन्य द्वारा सत्यनारायण भगवान की कथा का श्रवण एवं पूजन करवाया गया।पल्लव प्रार्थना के पश्चात कार्यक्रम का समापन्न किया गया।महिला मण्डल की श्रीमती रेखा गोस्वामी,श्रीमती जानवी,श्रीमती ज्योति,श्रीमती कविता डा.जयकुमार भारती,सन्त प्रकाश गोस्वामी सहित अन्य ने पूजन में सम्मलित होकर सबकी खुशहाली की प्रार्थना की।

## सिन्धी भजन भोले नाथ तुहिंजी महिमा अपार आहे जेको आयो तुहिंजे द्वार तहिंजो पेडो पार आहे पर नाचे

**अजमेर (हुक्मनामा समाचार)।** सिन्धी भक्तिरस के रंगारंग कार्यक्रम में सिन्धी भजन मण्डली के मनोज झामनानी, मुरली भाई और आकाश भगत पूज्य झूलेलाल साहिब के बहिराणा साहिब की मण्डली के भगत की मण्डली ने सिन्धी में भजन भोले नाथ तुहिंजी महिमा अपार आहे जेको आयो तुहिंजे द्वार तहिंजो पेडो पार आहे,दुनिया चले का श्री राम के बिना रामजी चले ना हनुमान के बिना,वेठो आहे साईं मूंखे परवाह नाहे कोई,मुहिंजे साईंअ जे दर ते को भागन वारो अचे सहित अनेक अन्य सुनाकर वातावरण को भक्तिमय बना दिया।पूज्य सिन्धी पंचायत अजमेर के संस्थापक और पूज्य झरनेश्वर महादेव सिन्धी मण्डल के महासचिव रमेश लालवानी ने बताया कि इस अवसर पर लंग प्रसादी का आयोजन भी किया गया।पूज्य झूलेलाल साहिब की पवित्र ज्योति अध्यक्ष नारी भाई देवानी,शंकर छत्तानी और कोषाध्यक्ष रमेश शिवनानी के कर कमलो से प्रज्ज्वलित की गई।लालवानी ने बताया कि इस अवसर पर सेवादारी दल के पदाधिकारियों ने नाचकर झूमकर प्रसन्नता का इजहार किया।आम भण्डारे लंगर प्रसादी कर सैकडो श्रद्वालुओं ने लाभ लिया।इस अवसर पर इन्दर कुमार विधानी,रमेश शिवनानी,शंकर छत्तानी,नरेश रतनानी,दौलत खुशलानी,बच्चू हरवानी,मोहन दास एवं अन्य द्वारा सेवाऐं प्रदान की गई।

## चामुंडा माता मंदिर रोपवे निर्माण को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित

**अजमेर (हुक्मनामा समाचार)।** जिला कलक्टर श्री लोकबंधु की अध्यक्षता में बुधवार को वित्तीय वर्ष 2026-27 की बजट घोषणा चामुंडा माता मंदिर तक रोपवे निर्माण के प्रस्तावित कार्य को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित हुई। इसके लिए संबंधित विभागों एवं कार्यकारी एजेंसियों के साथ योजना पर चर्चा की गई। जिला कलक्टर श्री लोकबंधु ने बताया कि इस परियोजना के क्रियान्वयन के लिए पर्यटन विभाग को नोडल एजेंसी के रूप में जिम्मेदारी सौंपी गई है। रोपवे निर्माण के लिए गठित कमेटी द्वारा प्रस्तुत फिजिबिलिटी रिपोर्ट के आधार पर फॉयसागर से चामुंडा माता मंदिर तक लगभग 2 किलोमीटर लंबे रोपवे के निर्माण का प्रस्ताव रखा गया। इस पर सभी संबंधित पक्षों ने विचार-विमर्श किया। पर्यटन विभाग के उपनिदेशक श्री कृष्ण कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि विभागीय मुख्यालय से प्राप्त निर्देशों के अनुसार इस परियोजना को पीपीपी मोड पर विकसित किया जाएगा। लोकबंधु ने पर्यटन विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि रोपवे परियोजना के क्रियान्वयन के लिए शीघ्र ही ईओआई जारी करे । इसमें इच्छुक एवं पात्र निर्माण एजेंसियों को आमंत्रित कर प्रक्रिया के माध्यम से योग्य निवेशकों का चयन सुनिश्चित किया जाए । जिला कलक्टर ने निजी निवेशकों को आमंत्रित करने तथा परियोजना की व्यवहार्यता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही संबंधित अधिकारियों को निजी कंपनियों के साथ समन्वय स्थापित कर प्रक्रिया को शीघ्र आगे बढ़ाने के लिए कहा ।

## सम्पादकीय...

### हर मोर्चे पर ईरान भारी



अमेरिका और इजरायल ईरान के खिलाफ मिलकर लड़ रहे हैं तथा युद्ध को 34 दिन हो गए हैं दोनों ही तरफ से सैकड़ो जान चली गई है हजारों घायल हो गए हैं और अरबों खरबों की संपत्ति नष्ट हो गई है। बड़ी संख्या में दोनों तरफ से विमान खत्म हो गए हैं अन्य साज सामान नष्ट हो गए हैं। लेकिन अब तक का जो निचोड़ सामने आया है उससे साफ है कि ईरान इन दोनों देशों पर सामरिक दृष्टि से आर्थिक दृष्टि से सैन्य दृष्टि से कूटनीतिज्ञ दृष्टि से राजनीतिक दृष्टि से और रणनीति में भारी पड़ रहा है। अमेरिका विश्व का नंबर एक देश था उसका पूरा दबदबा चलता था लेकिन वह इस युद्ध में भीगी बिल्ली बन गया है। उसका कई साल का दबदबा टूट गया है उसका घमंड चूर-चूर हो गया है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पूरी तरह बौखला रहे हैं उनके हर घंटे नए स्टेटमेंट आ रहे हैं पूरी दुनिया में उनका मजाक बन रहा है अमेरिका का समुद्री क्षेत्र में 50 साल से दबदबा था आज स्थिति यह है कि वह अपने बड़े जंगी जहाज को ईरान की मार से बचाने की कोशिश कर रहा है। अरब देशों में उसके बनाए हुए मिलिट्री एयर स्पेस तबाह हो चुके हैं ईरान का कहर देखने के बाद उन सारे देशों ने अमेरिका को कह दिया है कि अपने सैनिकों को हटाओ हमारे यहां से एयर स्पेस से निर्माण का संचालन बंद करो हम नहीं करने देंगे ईरान ने भी चुन चुन कर और एअर स्पेस पर हमला किया है, स्पेन फ्रांस सहित कई देश मना कर चुके हैं कि अमेरिका के सैनिक विमान को उनके देश की धरती से नहीं उड़ने देंगे। ईरान ने हार्मुज रास्ते पर आवागमन पर प्रतिबंध लगा दिया है पूरी दुनिया में तेल की सप्लाई ठप कर दी है वह उन देश के जहाज को आने दे रहा है जो अमेरिका के खिलाफ है और उसके साथ हैं अब तो उसने टैक्स की वसूली भी चालू कर दी है। ईरान द्वारा जिस तरह की मिसाइल का उपयोग किया जा रहा है उसने अमेरिका की नींद उड़ा दी है अब तक 4000 किलोमीटर दूर तक मार करने वाली मिसाइल का उसमें उपयोग कर लिया है जबकि दुनिया को पता था कि ईरान के पास 2000 किलोमीटर तक की मार करने वाली मिसाइल ही मौजूद है अब कहां जा रहा है कि 4000 किलोमीटर की तो मिसाइल से उसने अमेरिका और ब्रिटेन का एयर बेस उड़ा दिया अभी भी उसके निशाने पर कोई अमेरिकी सैनिक ठिकाने हैं ईरान के खिलाफ अमेरिका को युद्ध के लिए भड़काने वाला इसराइल और उसकी राष्ट्रपति नेतन्याहू जिंदा है या मर गए कुछ पता नहीं लग रहा है इसराइल को तो पूरा बर्बाद कर दिया गया है ईरान ने उसके चारों ओर मजबूत घेराबंदी कर दी है।

*वैभव लोढ़ा...*

### इतिहास में आज

1912 : आरएमएस टाइटैनिक का समुद्री परीक्षण शुरू हुआ था.
1984 : अंतरिक्ष यात्री राकेश शर्मा, मिशन सोयूज टी-11 के तहत अंतरिक्ष जाने वाले पहले भारतीय अंतरिक्ष यात्री बने.
1999 : मास्को में स्वतंत्र राष्ट्रों के राष्ट्रकुल (सीआईएस) की शिखर बैठक सम्पन्न हुई थी.
2011: भारत ने 1983 में पहले वर्ल्ड कप जीतने के बाद आज ही के दिन दूसरी बार वर्ल्ड कप जीता था.

*-धर्म चंद मेहता*

### क्रॉस फायर

❑ट्रंप ने कहा हार्मुज के रास्ते नहीं मिल रहा है तेल तो अमेरिका से खरीदें।
◆गारंटी कौन लेगा की तेल मिल जाएगा।

❑राहुल गांधी बोले मोदी सरकार की स्मार्ट सिटी योजना धोखा साबित हुई।
◆भ्रष्टाचार का पर्यायवाची भी बन गई।

❑फ्रांस इटली ने भी अमेरिकी सैनिक विमानों को एयर स्पेस देने से किया मना।
◆फोन घर बैठे मुसीबत मोल लेगा

❑ईरान ने अमेरिकी कंपनियों पर हमले की धमकी दी।
◆यह भी युद्ध की एक रणनीति है।

❑संसद में पेश कैग रिपोर्ट में खुलासा जवानों के वेतन भत्तों में दिक्कत तो कई सैन्य अस्पताल भी खस्ताहाल।
◆फिर हथियार खरीदने का क्या मतलब।

❑बिहार के नालंदा में शीतलाष्टमी मंदिर में भगदड़ से आठ लोगों की मौत।
◆मोक्ष की प्राप्ति हो गई।

❑राहुल गांधी का दावा एक दो महीने में वित्तीय भूकंप आने वाला है।
◆शुभ शुभ बोल सारी बातें सच्ची होती है।

❑फर्जी सिलिकोसिस सर्टिफिकेट पर 12 करोड़ उठाए , दो डॉक्टर गिरफ्तार।
◆इलाज करने के लिए डॉक्टर बने या बेमानी करने के लिए।

*.............अंजू लोढ़ा*

### आज का राशिफल

**गुरुवार 02 अप्रैल, 2026**

**मेष राशि:** आज परिवार के सदस्यों से पूर्ण सहयोग मिलेगा। धन प्राप्ति के अच्छे संयोग बने हैं। वाणी पर संयम बनाए रखें ताकि शुभ फल प्राप्त होता रहे। व्यवसाय के क्षेत्र में आपको लाभ, मान और प्रतिष्ठा की प्राप्ति होगी।

**वृषभ राशि:** पुरानी समस्याओं का अंत होगा। नौकरी में अधिकारियों से सहयोग एवं कार्य करने के लिए उत्साह बना रहेगा। आर्थिक लाभ प्राप्त कर सकेंगे।

**मिथुन राशि:** खर्च और कर्ज आज आपकी चिंता का कारण बन सकता है इसलिए सोच-समझकर कार्य करें, अनावश्यक खर्च से बचें। कार्यों में बाधाएं आ सकती हैं। वाद-विवाद के दौरान मानहानि न हो, इसका ध्यान रखें।

**कर्क राशि:** आज दिन मंगलमय बीतेगा। विशेष लाभ के योग बन रहे हैं। कार्यों की पूर्णता होगी। जोखिमपूर्ण निवेश में भी लाभ होगा। स्वादिष्ट भोजन और नए वस्त्राभूषणों की खरीदारी होगी।

**सिंह राशि:** आज दिनभर कार्य की व्यस्तता रहेगी। मान-सम्मान और यश में वृद्धि होगी। पूजा-पाठ से मन प्रसन्न रहेगा। नौकरी के क्षेत्र में सहयोग प्राप्त होगा। बीमार व्यक्ति को रोग से मुक्ति मिलेगी।

**कन्या राशि:** आध्यात्मिक सुख एवं सुख-शांति का वातावरण बना रहेगा। भाग्य आज आपका साथ देने के लिए तत्पर है। नए अवसर प्राप्त होंगे।

**तुला राशि:** आज दूर की यात्रा न करें। वाहन सावधानी पूर्वक चलाएं। अजनबी लोगों पर भरोसा न करें वर्ना लेने के देने पड़ सकते हैं। माता-पिता के साथ मतभेद हो सकता है।

**वृश्चिक राशि:** आज आपको जीवनसाथी से सहयोग मिलेगा। प्रिय व्यक्तियों का साथ मिलेगा। शेयर में निवेश कर सकते हैं, लाभ होगा। मौज-शौक के साधन तथा मनोरंजन के पीछे आज पैसे खर्च करेंगे।

**धनु राशि:** आज उन्नतिदायक दिन होगा। अचानक कोई शुभ समाचार या रुका हुआ धन प्राप्त होगा। शत्रु पराजित होंगे। घर में भाई-बहनों के साथ मेल-मिलाप रहेगा।

**मकर राशि:** मनोरंजन कार्य में समय अधिक व्यतीत होगा। बुद्धि-विवेक से सफलता आज आपके कदम चूमेगी। मित्रों, सगे-संबंधियों के साथ बाहर जा सकते हैं।

**कुम्भ राशि:** आज वाद-विवाद में न पड़ें अन्यथा विपरीत परिस्थितियों का सामना करना पड़ सकता है। क्रोध व वाणी पर नियंत्रण रखना अति आवश्यक है।

**मीन राशि:** आत्मविश्वास एवं पराक्रम वृद्धि के कारण सफलता प्राप्त होगी। मेहनत के अनुपात में लाभ प्राप्त होगा। बुजुर्गों और उच्च पदाधिकारियों की कृपादृष्टि रहने के कारण आप मानसिक रूप से किसी भी प्रकार के बोझ से मुक्त होंगे।



**राजेन्द्र गुप्ता**
ज्योतिषी और हस्तरेखाविद, मो. 9611312076

**नोट**- अगर आप अपना भविष्य जानना चाहते हैं तो दिए गए मोबाइल नंबर पर कॉल करके या इसी व्हाट्स एप नम्बर पर मैसेज भेजकर पहले शर्तें जान लेवें, इसी के बाद अपनी बर्थ डिटेल और हैंडप्रिंट्स भेजें।

## मजबूत सड़कें, खुशहाल राजस्थान: भजनलाल सरकार का इंफ्रास्ट्रक्चर विज़न

राजस्थान में विकास की रफ्तार अब सड़कों के जरिए नई ऊंचाइयों को छू रही है। सार्वजनिक निर्माण विभाग के माध्यम से भजनलाल सरकार ने वित्तीय वर्ष 2025-26 में बुनियादी ढांचे के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल करते हुए यह साबित कर दिया है कि मजबूत सड़क नेटवर्क ही समृद्ध अर्थव्यवस्था की नींव होता है। राज्य सरकार का स्पष्ट लक्ष्य है—हर गांव, हर ढाणी और हर शहर को बेहतर कनेक्टिविटी से जोड़कर 'विकसित राजस्थान' के सपने को साकार करना।

**'वित्तीय अनुशासन और प्रभावी क्रियान्वयन'** वित्तीय वर्ष 2025-26 में सार्वजनिक निर्माण विभाग को 12,500 करोड़ का बजट आवंटित किया गया, जिसमें से 11,823 करोड़ का व्यय कर लगभग 95 प्रतिशत बजट का सफल उपयोग किया गया। यह आंकड़ा न केवल वित्तीय अनुशासन को दर्शाता है, बल्कि यह भी बताता है कि सरकार योजनाओं को धरातल पर उतारने के लिए प्रतिबद्ध है।

**'सड़क अवसंरचना में ऐतिहासिक प्रगति'** राज्य में सड़क निर्माण और उन्नयन के क्षेत्र में अभूतपूर्व कार्य हुए हैं। वर्ष 2025-26 में कुल 5,778 किलोमीटर नई सड़कों का निर्माण किया गया, जबकि 2,502 किलोमीटर राज्य राजमार्गों एवं जिला सड़कों का विकास किया गया। इसके साथ ही 6,496 किलोमीटर ग्रामीण सड़कों का चौड़ीकरण, सुदृढ़ीकरण और नवीनीकरण कर ग्रामीण क्षेत्रों में यातायात को सुगम बनाया गया। सरकार ने 3,000 किलोमीटर से अधिक ग्रामीण और अन्य जिला सड़कों ओडीआर को प्रमुख जिला सड़कों एमडीआर में अपग्रेड कर कनेक्टिविटी के स्तर को एक नई ऊंचाई दी है। यह कदम ग्रामीण अर्थव्यवस्था को गति



देने में महत्वपूर्ण साबित होगा।

**'ग्रामीण कनेक्टिविटी को मिला नया आयाम'** राज्य सरकार ने गांव-गांव तक सड़क पहुंचाने के संकल्प को मजबूती से निभाया है। जनगणना 2011 के तहत 223 और उसके बाद की 212 बसावटों को मुख्य सड़कों से जोड़ा गया। साथ ही 12 नई बसावटों तक सड़क पहुंचाकर विकास के दायरे को और विस्तारित किया गया।

**'प्रमुख परियोजनाओं में तेजी'** अटल प्रगति पथ जैसी फ्लैगशिप योजना के तहत 175 परियोजनाओं को पूरा किया गया। इसके अलावा 5 रेलवे ओवरब्रिज , 3 रेलवे अंडरब्रिज और 4 उच्च स्तरीय पुलों का निर्माण कर यातायात को सुचारू और सुरक्षित बनाया गया। ये परियोजनाएं न केवल समय की बचत करती हैं, बल्कि दुर्घटनाओं को कम करने में भी सहायक हैं।

**'एक्सप्रेसवे: भविष्य की दिशा'** राजस्थान में एक्सप्रेसवे विकास को लेकर भी सरकार गंभीर है। 9 एक्सप्रेसवे परियोजनाओं पर डी पी आर का कार्य जारी है, जिनमें से 7 पीडब्लूडी और 2 NHAI के अंतर्गत हैं। पीडब्लूडी के 2 एक्सप्रेसवे के लिए भूमि अधिग्रहण की धारा 4 की प्रक्रिया पूर्ण हो चुकी है, जो भविष्य में तेज रफ्तार परिवहन का आधार बनेगी।

**'2026-27: और बड़े लक्ष्य, और तेज विकास'** सरकार ने आगामी वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए और भी महत्वाकांक्षी लक्ष्य तय किए हैं। 15,078 करोड़ के बजट के साथ राज्य की कनेक्टिविटी को विश्वस्तरीय बनाने का रोडमैप तैयार किया गया है। नई सड़कों के 6,000 किलोमीटर निर्माण, 2,600 किलोमीटर राजमार्ग विकास और 6,800 किलोमीटर ग्रामीण सड़कों के नवीनीकरण का लक्ष्य रखा गया है। साथ ही 2,000 किलोमीटर ग्रामीण सड़कों को स्ब्क्र में अपग्रेड करने की योजना है।

**'हर बसावट तक सड़क: PMGSY का विस्तार'** प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (PMGSY) के तहत 900 नई बसावटों को जोड़ने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जिससे दूरदराज के क्षेत्रों को भी मुख्यधारा से जोड़ा जा सके।

**'नई परियोजनाओं का विस्तार'** अटल प्रगति पथ के तहत 250 नई परियोजनाओं को पूरा करने का लक्ष्य है। इसके अलावा 11 ऋख्क्ष, 12 ऋक्क और 8 उच्च स्तरीय पुलों के निर्माण की योजना से राज्य में यातायात नेटवर्क और मजबूत होगा।

**'एक्सप्रेसवे का अगला चरण'** 9 एक्सप्रेसवे परियोजनाओं की DPR तैयार करने और 2 एक्सप्रेसवे के लिए भूमि अधिग्रहण (धारा 19) की प्रक्रिया पूर्ण करने का लक्ष्य रखा गया है। यह कदम राजस्थान को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय लॉजिस्टिक्स हब के रूप में स्थापित करने में सहायक होगा।

**'निष्कर्ष: विकास की सड़कों पर दौड़ता राजस्थान'** भजनलाल सरकार की नीतियां स्पष्ट रूप से यह दर्शाती हैं कि बुनियादी ढांचे का विकास केवल निर्माण तक सीमित नहीं है, बल्कि यह आर्थिक प्रगति, रोजगार सृजन और सामाजिक समृद्धि का माध्यम भी है। मजबूत सड़क नेटवर्क से जहां उद्योगों को गति मिलेगी, वहीं किसानों, व्यापारियों और आम नागरिकों के जीवन में भी सकारात्मक बदलाव आएगा। 'मजबूत सड़कें, खुशहाल राजस्थान' केवल एक नारा नहीं, बल्कि एक दूरदर्शी सोच है—जो प्रदेश को विकास के नए युग में प्रवेश कराने का मार्ग प्रशस्त कर रही है।

## आज हनुमान जन्मोत्सव विशेष: 'जय हनुमान ज्ञान गुन सागर, जय कपीस तिहुँ लोक उजागर'

**जयदेव राठी**

भारतीय सनातन संस्कृति अपने भीतर जितनी व्यापक है, उतनी ही गहन भी। यह केवल धार्मिक अनुष्ठानों तक सीमित नहीं, बल्कि जीवन के प्रत्येक आयाम को दिशा देने वाली एक शाश्वत परंपरा है। इसी परंपरा में हनुमान जयंती का पर्व अत्यंत महत्वपूर्ण स्थान रखता है। यह दिन हनुमान के अवतरण का उत्सव है, किंतु इससे कहीं अधिक यह उनके आदर्शों—भक्ति, बल, सेवा और विनम्रता—को आत्मसात करने का अवसर भी है।

वर्तमान युग में, जब मानवीय मूल्यों में निरंतर क्षरण दिखाई देता है, तब हनुमान जयंती हमें हमारी जड़ों से पुनः जुड़ने का आह्वान करती है। सनातन संस्कृति में हनुमान जी को संकटमोचक कहा गया है—अर्थात् वे जो संकटों को दूर करते हैं। परंतु यह केवल दैवीय शक्ति का प्रतीक नहीं, बल्कि यह संदेश भी है कि मनुष्य यदि अपने भीतर निहित शक्ति को पहचान ले, तो वह हर संकट से उबर सकता है। हनुमान जी का जीवन इसी आत्मबल और आत्मविश्वास का अद्भुत उदाहरण है। जब रामायण में समुद्र लांघने का प्रसंग आता है, तब प्रारंभ में वे अपनी शक्ति को भूल जाते हैं। परंतु जाम्बवन्त के स्मरण कराने पर वे अपने वास्तविक सामर्थ्य को पहचानते हैं और असंभव को संभव कर दिखाते हैं। यह प्रसंग आज के मनुष्य के लिए एक गहन प्रेरणा है—कि आत्मविश्वास ही सफलता की कुंजी है। हनुमान जी की भक्ति का स्वरूप अद्वितीय है। उन्होंने अपने जीवन को मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम की सेवा में समर्पित कर दिया। यह भक्ति निष्काम थी—न उसमें कोई अपेक्षा थी, न कोई अहंकार। यही कारण है कि वे केवल एक भक्त नहीं, बल्कि आदर्श सेवक के रूप में पूजनीय हैं।

रामचरितमानस में उनका यह भाव अत्यंत सुंदर ढंग से व्यक्त हुआ है,
'प्रभु चरित्र सुनिबे को रसिया।



राम लखन सीता मन बसिया॥'
यह पंक्तियाँ दर्शाती हैं कि हनुमान जी का मन सदा राम, लक्ष्मण और सीता के चिंतन में ही रमा रहता था। आज के समय में, जब मनुष्य अनेक प्रकार की इच्छाओं और विकर्षणों में उलझा हुआ है, यह एकाग्रता और समर्पण हमें जीवन की दिशा दिखा सकता है।

हनुमान जी केवल बल के प्रतीक नहीं थे, बल्कि वे अत्यंत विद्वान और ज्ञानी भी थे। वे नवव्याकरण के ज्ञाता थे और उन्होंने सूर्यदेव से शिक्षा प्राप्त की थी। यह संतुलन—शक्ति और ज्ञान का—सनातन संस्कृति का मूल तत्व है। आज के युग में, जहां केवल भौतिक शक्ति और संसाधनों को ही महत्व दिया जा रहा है, वहां हनुमान जी का आदर्श यह सिखाता है कि बिना ज्ञान के शक्ति अधूरी है। हनुमान जी का चरित्र अत्यंत प्रेरणादायक रहा है। तुलसीदास द्वारा रचित हनुमान चालीसा में उनके गुणों का जो वर्णन किया गया है, वह केवल भक्ति का नहीं, बल्कि एक आदर्श जीवनशैली का मार्गदर्शन भी है,
'बुद्धिहीन तनु जानिके, सुमिरौं पवन-कुमार।
बल बुद्धि विद्या देहु मोहिं, हरहु कलेश विकार॥'
यह पंक्तियां केवल प्रार्थना नहीं हैं, बल्कि यह स्वीकारोक्ति हैं कि मनुष्य को अपने दोषों को पहचानकर उन्हें दूर करने का प्रयास करना चाहिए। यही आत्मचिंतन सनातन संस्कृति का मूल है। आज जब युवा पीढ़ी अनेक प्रकार के भ्रम और दबाव में जी रही है, तब हनुमान जी का आदर्श उन्हें आत्मविश्वास और दिशा प्रदान कर सकता है। उनका जीवन यह सिखाता है कि यदि हमारे भीतर दृढ़ संकल्प और सही मार्गदर्शन हो, तो हम किसी भी कठिनाई का सामना कर सकते हैं। यह संदेश आज के समय में अत्यंत प्रासंगिक है।

तुलसीदास द्वारा रचित हनुमान चालीसा में हनुमान जी के गुणों का अत्यंत प्रभावशाली वर्णन मिलता है,
'जय हनुमान ज्ञान गुन सागर।
जय कपीस तिहुँ लोक उजागर॥'
'राम दूत अतुलित बल धामा।
अंजनि पुत्र पवनसुत नामा॥'
इन पंक्तियों में हनुमान जी के ज्ञान, गुण और अतुलनीय बल का वर्णन किया गया है। साथ ही यह भी स्पष्ट किया गया है कि वे केवल बलवान ही नहीं, बल्कि एक दिव्य दूत हैं, जो धर्म और सत्य के मार्ग पर चलने का संदेश देते हैं।

हनुमान जयंती का पर्व सामाजिक दृष्टि से भी अत्यंत महत्वपूर्ण है।

इस दिन विभिन्न स्थानों पर भंडारे, कीर्तन, सुंदरकांड पाठ और शोभायात्राएं आयोजित की जाती हैं। ये आयोजन केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि सामाजिक समरसता के प्रतीक हैं। इन आयोजनों में हर वर्ग के लोग एक साथ मिलकर भाग लेते हैं, जिससे समाज में एकता और सहयोग की भावना सुदृढ़ होती है। यही सनातन संस्कृति की वास्तविक शक्ति है—जो विविधताओं को समेटकर एकता का सूत्र प्रदान करती है।

किन्तु यह भी एक चिंतनीय तथ्य है कि आधुनिकता की अंधी दौड़ में हम इन पर्वों के मूल उद्देश्य को भूलते जा रहे हैं। त्योहारों का स्वरूप अब दिखावे और औपचारिकता तक सीमित होता जा रहा है। ऐसे में आवश्यकता है कि हम हनुमान जयंती के वास्तविक संदेश को समझें और उसे अपने जीवन में उतारें। केवल पूजा-अर्चना करना पर्याप्त नहीं, बल्कि उनके गुणों को अपनाना ही सच्ची श्रद्धा है।

हनुमान जी का एक और महत्वपूर्ण गुण है, विनम्रता। अपार शक्ति और ज्ञान होने के बावजूद उन्होंने कभी अहंकार नहीं किया। जब लंका दहन के बाद वे लौटते हैं, तो अपने कार्य का श्रेय स्वयं नहीं लेते, बल्कि इसे प्रभु की कृपा मानते हैं। यह विनम्रता आज के समाज में अत्यंत आवश्यक है, जहां सफलता के साथ अहंकार भी बढ़ता जा रहा है।

ग्रंथों में भी हनुमान जी की स्तुति अत्यंत भावपूर्ण ढंग से की गई है
'मनोजवं मारुततुल्यवेगं
जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम्।
वातात्मजं वानरयूथमुख्यं
श्रीरामदूतं शरणं प्रपद्ये॥'
यह श्लोक हनुमान जी के तेज, वेग, इन्द्रियनिग्रह और बुद्धिमत्ता का सुंदर चित्रण करता है। यह केवल स्तुति नहीं, बल्कि एक आदर्श चरित्र की परिभाषा भी है—जिसमें बल, संयम और बुद्धि का समन्वय हो। हनुमान जयंती हमें यह स्मरण कराती है कि सनातन संस्कृति केवल अतीत की विरासत नहीं, बल्कि वर्तमान और भविष्य की दिशा भी है। यह पर्व हमें अपने भीतर छिपी शक्ति को पहचानने, समाज के प्रति अपने कर्तव्यों को समझने और जीवन को एक उच्च उद्देश्य की ओर ले जाने की प्रेरणा देता है। यदि हम हनुमान जी के जीवन से एक भी गुण चाहे वह भक्ति हो, सेवा हो या विनम्रता, अपने जीवन में उतार लें, तो हमारा जीवन न केवल सफल, बल्कि सार्थक भी बन सकता है। यही हनुमान जयंती का वास्तविक संदेश है, अपने भीतर के हनुमान को जागृत करना और जीवन को धर्म, सेवा और प्रेम के मार्ग पर अग्रसर करना।।

## हनुमान जयंती: भक्ति, शक्ति और समर्पण का अद्भुत संगम

**महेन्द्र तिवारी**

हनुमान जयन्ती का पावन पर्व हिंदू धर्मानुयायियों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण और प्रेरणादायी उत्सव है। यह दिन भगवान श्रीराम के परम भक्त हनुमान जी के जन्मोत्सव के रूप में मनाया जाता है, जो शक्ति, भक्ति, निष्ठा और त्याग के प्रतीक हैं। यह पर्व हर वर्ष चैत्र मास की पूर्णिमा तिथि को मनाया जाता है, और वर्ष 2026 में यह 2 अप्रैल को है। हनुमान जी का चरित्र अद्भुत है, क्योंकि वे एक ओर असीम बल के स्वामी हैं तो दूसरी ओर विनम्रता की प्रतिमूर्ति। वे शिव के ग्यारहवें रुद्र अवतार माने जाते हैं, जिनका जन्म पवन देव के आशीर्वाद से हुआ, इसलिए वे पवनपुत्र कहलाए। उनके जन्म की कथा अत्यंत प्रेरणादायक है, जिसमें माता अंजना की तपस्या और भगवान शिव का वह अंश समाहित है जो संसार को बुराइयों से मुक्ति दिलाने के लिए अवतरित हुआ। हनुमान जी के बचपन की वह कथा आज भी बच्चों से लेकर वृद्धों तक के मन में रोमांच भर देती है, जब उन्होंने सूर्य देव को एक लाल फल समझकर निगलने का प्रयास किया था। यह घटना उनके उस अदम्य साहस और अलौकिक क्षमता का प्रतीक है, जो सीमाओं से परे है। इंद्र के वज्र प्रहार से उनकी ठुड्डी पर लगी चोट ने उन्हें 'हनुमान' नाम दिया, लेकिन उसी क्षण देवताओं द्वारा मिले वरदानों ने उन्हें अपराजेय बना दिया। ब्रह्मा जी ने उन्हें लंबी आयु का वरदान दिया, तो अग्नि ने उन्हें आग से न जलने का और वरुण ने जल से सुरक्षित रहने का आशीष दिया। ये वरदान केवल व्यक्तिगत सिद्धियाँ नहीं थीं, बल्कि भविष्य में होने वाले धर्म और अधर्म के युद्ध की तैयारी थी। हनुमान जयंती पर जब हम उनके जीवन का स्मरण करते हैं, तो उनकी शिक्षा-दीक्षा का प्रसंग भी अत्यंत महत्वपूर्ण हो जाता है। उन्होंने सूर्य देव से वेदों का ज्ञान प्राप्त किया और व्याकरण में इतनी निपुणता हासिल की कि वे 'महाव्याकरण' कहलाए। उनका व्यक्तित्व बल और बुद्धि के विलक्षण समन्वय का उत्कृष्ट उदाहरण है। रामचरितमानस और रामायण में हनुमान जी की भूमिका एक ऐसे सेतु की तरह है, जो विरक्त को अनुराग से और भक्त को भगवान से जोड़ती है। ऋष्यमूक पर्वत पर जब उनकी भेंट श्री राम से हुई, तो वह मिलन इतिहास का सबसे पवित्र मिलन बन गया। एक साधारण वानर के वेश में वे अपने प्रभु के पास गए, लेकिन राम की पारखी नजरों ने पहचान लिया कि यह कोई साधारण जीव नहीं है। इसके बाद हनुमान जी का पूरा जीवन राममय हो गया। हनुमान जयंती के इस अवसर पर उनके द्वारा किए गए अद्भुत कार्यों का विश्लेषण करना आवश्यक है। समुद्र लांघने की उनकी क्षमता हमें सिखाती है कि यदि आत्मविश्वास दृढ़ हो, तो सौ योजन का विशाल सागर भी छोटा पड़ जाता है। लंका में अशोक वाटिका के भीतर माता सीता की खोज करना और उन्हें प्रभु राम की मुद्रिका देना उनके धैर्य और बुद्धिमानी की पराकाष्ठा थी। उन्होंने लंका दहन के माध्यम से रावण के अहंकार की लंका को भस्म किया, जो यह संदेश देता है कि अधर्म कितना ही शक्तिशाली क्यों न हो, सत्य की एक लौ उसे राख करने के लिए पर्याप्त है।

हनुमान जी का 'सुंदरकांड' केवल एक अध्याय नहीं है, बल्कि वह जीवन के हर मोड़ पर हार रहे मनुष्य के लिए विजय का मंत्र है। लक्ष्मण के प्राणों की रक्षा के लिए जब वे द्रोणागिरि पर्वत उठाने गए, तो वे केवल एक जड़ी-बूटी नहीं लाए, बल्कि उन्होंने सिद्ध कर दिया कि श्रद्धा के मार्ग पर असंभव शब्द का कोई स्थान नहीं है। यदि औषधि की पहचान नहीं हो सकी, तो उन्होंने पूरे पर्वत को ही उठा लिया—यह उनके निर्णय लेने की क्षमता और कार्य के प्रति अटूट समर्पण को दर्शाता है। हनुमान जयंती की पूजा विधि और इसमें निहित प्रतीकों का भी गहरा आध्यात्मिक अर्थ है। भक्त मंदिरों में जाकर हनुमान जी को सिंदूर अर्पित करते हैं।

इसके पीछे वह प्रसिद्ध कथा है जिसमें उन्होंने माता सीता को अपनी मांग में सिंदूर लगाते देखा था और जब उन्हें पता चला कि यह श्री राम की लंबी आयु के लिए है, तो उन्होंने अपने पूरे शरीर पर ही सिंदूर मल लिया। यह निश्छल भक्ति का वह स्वरूप है जहाँ भक्त अपने आराध्य की प्रसन्नता के लिए स्वयं को पूरी तरह समर्पित कर देता है। हनुमान चालीसा का पाठ, जो गोस्वामी तुलसीदास द्वारा रचित है, आज दुनिया के कोने-कोने में गूंजता है। इसकी हर पंक्ति में एक विशेष ऊर्जा है।

## अदम्य बल, अटूट भक्ति: श्री हनुमान जन्मोत्सव का दिव्य संदेश



**-सुनील कुमार महला**

2 अप्रैल 2026 (गुरुवार) को चैत्र मास की पूर्णिमा के पावन अवसर पर श्री हनुमान जन्मोत्सव पूरे विश्व में अत्यंत श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ मनाया जाएगा। भगवान श्री राम के अनन्य भक्त हनुमान जी को शक्ति, भक्ति, साहस, निष्ठा, विनम्रता और समर्पण का सर्वोच्च प्रतीक माना जाता है। इस पावन व पवित्र दिन मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना, भजन-कीर्तन, हनुमान चालीसा तथा सुंदरकांड का पाठ किया जाता है। हनुमान भक्त व्रत रखते हैं और बालाजी महाराज को चूरमा, लड्डू, पेड़ा, नारियल, लाल ध्वज व सिंदूर अर्पित करते हैं। मान्यता है कि इस दिन उनकी उपासना से भय, संकट, रोग, भूत-प्रेत बाधा और सभी प्रकार की नकारात्मक शक्तियों से मुक्ति मिलती है। हनुमान जी अंजनी पुत्र, केसरीनंदन और पवनपुत्र कहलाते हैं, कलियुग के देवता तथा चिरंजीवी माने जाते हैं। उनका जन्म त्रेतायुग के अंतिम चरण में चैत्र पूर्णिमा को आंजन नामक पर्वतीय क्षेत्र में हुआ माना जाता है। जन्म के बाद वायुदेव ने उनका नाम 'मारुति' रखा था, किंतु भगवान इंद्र के वज्र प्रहार से ठुड्डी (हनु) पर आघात होने के कारण वे 'हनुमान' कहलाए। उन्हें रुद्र (भगवान् शिव) का ग्यारहवाँ अवतार माना जाता है और देवताओं के वरदान से वे अजेय, निरोग और अमर माने गए हैं। हनुमान जी असीम बल, तीक्ष्ण बुद्धि और परम भक्ति के अद्वितीय संगम हैं। श्रीरामचरितमानस सुंदरकांड में कहा गया है- 'अतुलितबलधामं हेमशैलाभदेहं, दनुजवनकृशानुं ज्ञानिनामग्रगण्यम्।सकलगुणनिधानं वानराणामधीशं रघुपतिप्रियभक्तं वातजातं नमामि।।' वे अणिमा, लघिमा, महिमा, गरिमा, प्राप्ति, प्राकाम्य, ईशित्व और वशित्व सहित अष्ट सिद्धियों के स्वामी तथा पद्म, महापद्म, शंख, मकर, कच्छप, मुकुंद, कुंद, नील और खर्व नामक नव निधियों के दाता कहे जाते हैं और इसीलिए उन्हें कहा गया है -'अष्ट सिद्धि नव निधि के दाता...।' उनके बल का अलंकारिक वर्णन यह है कि 10 हजार हाथियों का बल एक ऐरावत हाथी में, 10 हजार ऐरावतों का बल एक इन्द्र में और 10 हजार इन्द्रों(भगवान् इंद्र) का बल उनके(हनुमान जी) एक रोम में निहित है। वे इच्छानुसार सूक्ष्म से विशाल रूप धारण कर सकते हैं; लंका में प्रवेश करते समय उन्होंने 'मसक(मच्छर) समान' रूप लिया, सुरसा के सम्मुख महाविशाल हो गए और परिस्थिति के अनुसार अपने आकार का परिवर्तन किया। बाल्यकाल में उन्होंने सूर्य को फल समझकर निगलने का प्रयास किया; उसी समय राहु भी सूर्य को ग्रसने आया था, जिससे सूर्यदेव ने उन्हें दूसरा राहु समझ लिया-यह प्रसंग उनकी अपार शक्ति के साथ-साथ जिज्ञासा और साहस का भी प्रतीक है और बालकों के उत्साह को सही दिशा देने का संदेश भी देता है। रामायण में हनुमान जी का योगदान अद्वितीय और निर्णायक है। उन्होंने समुद्र लांघकर लंका पहुँचकर सीता माता का पता लगाया, अशोक वाटिका में उन्हें श्रीराम की विजय का आश्वासन दिया, विभीषण से भेंट कर उन्हें भगवान् राम पक्ष में लाया, लंका दहन कर लंकापति रावण को चुनौती दी और युद्ध में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। लक्ष्मण के प्राण बचाने के लिए वे द्रोणागिरि पर्वत सहित संजीवनी बूटी उठाकर ले आए थे।

इतना ही नहीं, वानर सेना के साथ मिलकर उन्होंने लगभग 52 किमी लंबा और 3 किमी चौड़ा 'रामसेतु निर्माण' कराने में सहयोग दिया। लंका में प्रवेश करते समय उनका सूक्ष्म रूप, विभीषण से ब्राह्मण वेश में मिलना और सीता माता से छोटे वानर रूप में संवाद उनकी नीति, विवेक और परिस्थिति-बोध को दर्शाता है। सुरसा ने उनकी बुद्धि और बल से प्रसन्न होकर 'रामकाज सफल होगा' का आशीर्वाद दिया। पाठकों को बताता चलूं कि हनुमान जी केवल बलवान ही नहीं, अत्यंत बुद्धिमान, नीतिज्ञ और कुशल कूटनीतिज्ञ भी थे।

# वंडर सीमेंट लि. में ''वंडर क्रिकेट मेनिया, सीज़न-4'' का समापन

**निम्बाहेडा (हुक्मनामा समाचार)।** वंडर सीमेंट लि. आर. के. नगर निम्बाहेड़ा में तीन दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेन्ट ''वंडर क्रिकेट मेनिया सीज़न-4'' का समापन समारोह उत्साह के साथ आयोजित हुआ। टूर्नामेन्ट का समापन समारोह नितिन जैन, यूनिट हेड, वंडर सीमेंट लि. के मुख्य आतिथ्य तथा अरुणा जैन के विषिष्ट आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। इस दौरान यूनिट हेड जैन ने अपने संबोधन में वंडर सीमेंट में कार्यरत कार्मिकों की सभी 16 ही क्रिकेट टीमों के खिलाडियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि यह जीत वंडर सीमेंट की जीत है, क्योंकि हर खिलाड़ी वंडर सीमेंट के लिए खेला हैं। टूर्नामेन्ट में सभी खिलाड़ियों ने आपसी सामंजस्य के साथ अपने बेहतर खेल का प्रदर्शन करते हुए




साबित किया है, कि हम चाहे खेल के मैदान में हो या कार्यक्षेत्र में, कही भी पीछे नहीं हैं। टूर्नामेन्ट के समापन के अवसर पर अमित मेहता, उपाध्यक्ष (ऑपरेशन) तथा राजेन्द्र शर्मा उपाध्यक्ष (प्रोसेस) भी मंच पर उपस्थित थे। वंडर सीमेंट के प्रतिनिधि ने बताया कि टूर्नामेन्ट के अंतिम दिन क्वाटर फाइनल, सेमीफाइनल मैच खेले गए तथा टूर्नामेन्ट का फाइनल मैच वंडर सुपर जायंट्स एवं वंडर किंग्स इलेवन के मध्य हुआ। जिसमें वंडर सुपर जायंट्स ने टूर्नामेन्ट में सात विकेट से जीत दर्ज की। विजेता टीम के खिलाड़ियों ने टीम प्रभारी श्रीकान्त त्रीपाठी एवं कप्तान निर्मल धाकड़ के नेतृत्व में पुरे टूर्नामेन्ट में अपने बेहतर खेल प्रदर्षन से दर्षकों को रोमांचित किया तथा फाइनल में भी विजेता टीम के बल्लेबाजों एवं गेंदबाजों ने श्रेष्ठ खेल से टूर्नामेन्ट अपने नाम दर्ज कराया। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले खिलाड़ियों सहित विभिन्न स्तरों पर खेल का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्षन करने वाले गोविन्द मीणा एवं श्रीमती मीनल आमेटा को मेन ऑफ द मैच, टूर्नामेन्ट में सर्वाधिक सिक्स लगाने के लिए भुपेन्द्र कुमार वैष्णव, बेस्ट बेट्समेन हेतु मयंक सनाढ्य, बेस्ट बॉलर हेतु अजय सैनी एवं विकेट्स हैट्रिक के लिए अरविन्द जोषी, अजय सैनी, गोविन्द मीणा, प्रेमसिंह चौहान एवं शक्तिसिंह पंवार को मंच पर पुरुस्कार से सम्मानित किया गया। साथ ही विजेता एवं उपविजेता टीम के खिलाड़ियों को आकर्षक ईनाम तथा विजेता टीम को प्रतियोगिता की ट्रॉफी एवं टीम के सभी खिलाड़ियों को पुरुस्कार से प्रोत्साहित किया गया। तीन दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेन्ट में कम्पनी प्रबंधन द्वारा की गई उत्तम व्यवस्थाओं से टीम समर्थकों, दर्षकों एवं आर. के. नगर वासियों ने टूर्नामेंट का भरपूर आनन्द लिया।

टूर्नामेन्ट में खेले गए हर मैच के निष्पक्ष निर्णय के लिये सक्षम निर्णायक कमेटी, स्कोरर, कमेन्टेटर सहित डी.जे. की व्यवस्था से मैदान में दर्षकों के उत्साह देखते ही बन रहा था। अन्त में कम्पनी के एच. आर. विभाग द्वारा कम्पनी प्रबंधन, सम्मानित अतिथियों तथा आयोजन को सफल बनाने हेतु सभी सहयोगियों, विभागाध्यक्षों तथा पाटनी पब्लिक स्कूल के समस्त स्टॉफ को धन्यवाद ज्ञापित कर टूर्नामेन्ट के समापन की घोषणा कि गई।

# डिप्टी हैल्थ ने संभाली कमान मौसमी बिमारीयो की तैयारियो का लिया जायजा



**निम्बाहेडा (हुक्मनामा समाचार)।** मलेरिया और डेंगू, चिकनगुनिया जैसी मच्छर जनित मौसमी बीमारीयों की रोकथाम के लिए चिकित्सा विभाग ने कमर कस ली है। मच्छरों पर समय रहते नियंत्रण पाने के लिए 1 अप्रैल से 15 मई तक मलेरिया क्रैष कार्यक्रम का पहला चरण प्रारम्भ किया गया है। डिप्टी सीएमएचओ स्वास्थ्य डॉ. पुनित तिवारी ने बुधवार सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भोपालसागर का का औचक निरीक्षण किया। डॉ. तिवारी ने समस्त स्टाफकी बैठक लेकर आगामी 01 अप्रेल 2026 से 14 मई 2026 तक अभियान में की जाने वाली गतिविधियों की विस्तृत रूपरेखा व उपलब्ध संसाधनों की समीक्षा की। उन्होनें स्पष्ट किया कि इस बार लगातार हो रहे पश्चिमी विक्षोभ के कारण बारिष भी हो रही है, इसलिए मच्छर रोधी गतिविधियों को अभी से किया जाना आवश्यक है। इस दौरान एंटी-लार्वा, एंटी-एडल्ट गतिविधियों का प्रषिक्षण भी दिया। डॉ तिवारी ने बताया कि मलेरिया क्रैष कार्यक्रम के अन्तर्गत सघन अभियान चलाया जाएगा। यह अभियान मच्छरों पर प्रभावी नियंत्रण करने और मौसमी बीमारियों के प्रकोप को कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।मच्छरों का सफाया करने के लिये आवश्यक विभागीय कदम सोर्स रिडक्षन -मच्छरों के प्रजनन स्थलों पर पानी जमाव को खत्म करना। एंटी-लार्वा और एंटी-एडल्ट गतिविधियां: लार्वा और वयस्क मच्छरों को खत्म करने के लिए दवा का छिड़काव। सूचना, षिक्षा एवं संचार: समुदाय को जागरूक करने के लिए लार्वा प्रदर्षन और सोषल मीडिया के माध्यम से बचाव की जानकारी देना।रोगी के संक्रमण पाये जाने पर तत्काल सोर्स रिडक्षन,एंटी-लार्वल, एंटी-एडल्ट और आईईसी गतिविधियां सुनिष्चित करना। बायोलॉजिकल कंट्रोल कार्यक्रम के दौरान जैविक नियंत्रण के तहत हैचरी को क्रियाषील करना और स्थाई जल स्त्रोतों में गम्बूषिया मछली डालने जैसी गतिविधियां सुनिष्चित की जाएगी, जो लार्वा को खाकर नियंत्रित करती हैं।उन्होने चिकित्सकीय स्टॉफको सावचेत, संवेदनशील एंव सतर्क रहने हेतु निर्देश प्रदान किये। निरीक्षण के दौरान डॉ. के. एल. मीणा, बीसीएमओ, डॉ शिव कुमार प्रजापत, ईन्चार्ज सीएचसी भोपालसागर व खुशवन्त कुमार हिण्डोनिया जिला डाटा प्रबंघक उपस्थित रहे।

# हनुमान जयंती को लेकर पुलिस ने निकाला फ्लैग मार्च



**गंगापुर (हुक्मनामा समाचार)।** हनुमान जयंती पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराने के उद्देश्य से गंगापुर पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क नजर आ रहा है। इसी क्रम में बुधवार को गंगापुर थाना पुलिस द्वारा शहर के विभिन्न क्षेत्रों में रूट मार्च निकालकर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया तथा संवेदनशील इलाकों की जानकारी ली गई।रूट मार्च अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बुधराज खटीक के नेतृत्व में निकाला गया, जिसमें गंगापुर थाना प्रभारी लीलाधर मालवीय सहित पुलिस जाब्ता मौजूद रहा। पुलिस दल ने मुख्य बाजार, भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों एवं संवेदनशील स्थानों का भ्रमण करते हुए आमजन से संवाद भी किया और त्योहार के दौरान शांति एवं भाईचारा बनाए रखने की अपील की।इस दौरान पुलिस अधिकारियों ने सुरक्षा व्यवस्थाओं का निरीक्षण करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। अधिकारियों ने बताया कि हनुमान जयंती के अवसर पर शहर में विशेष पुलिस बंदोबस्त रहेगा तथा असामाजिक तत्वों पर कड़ी निगरानी रखी जाएगी। किसी भी प्रकार की अफवाह या कानून व्यवस्था बिगाड़ने की कोशिश करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। पुलिस प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि पर्व को आपसी सौहार्द और अनुशासन के साथ मनाएं तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें।हनुमान जयंती को लेकर शहर में सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए जा रहे हैं, जिससे श्रद्धालु सुरक्षित वातावरण में धार्मिक कार्यक्रमों में भाग ले सकें।

# कुचेरा में प्रवेश व प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित

**कुचेरा (हुक्मनामा समाचार)।** आज दिनांक 1 अप्रैल 2026 को राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय कुचेरा में प्रवेश एवं विद्यार्थी प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में रविंद्र जैन (व्यापार मंडल, कुचेरा) उपस्थित रहे, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में जयप्रकाश जांगिड़ शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाचार्य श्रीमती वंदना भाटी ने की।समारोह के दौरान कक्षा 1 से 12 तक के प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को लैब सहायक श्री पारसमल तिरदिया की ओर से स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। वहीं कक्षा 12 में 75 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त



करने वाली बालिकाओं को व्याख्याता श्रीमती सुमित्रा बडारडा द्वारा स्मृति चिन्ह प्रदान किए गए।मुख्य अतिथि रविंद्र ने बोर्ड कक्षाओं का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहने पर विद्यालय स्टाफ को बधाई दी। साथ ही उन्होंने गरीब परिवारों के बच्चों को शिक्षा से जोड़ने में हर संभव सहयोग देने का आश्वासन भी दिया। कार्यक्रम का मंच संचालन पुखराज भाटी द्वारा किया गया।

# सांस्कृतिक संध्या के साथ मनाया जाएगा जिला स्थापना दिवस

**बारां (हुक्मनामा समाचार)।** जिला स्थापना दिवस की 35 वीं वर्षगांठ पर 10 अप्रैल को सांस्कृतिक कार्यक्रम व शूटिंग बॉल खेल का आयोजन किया जाएगा।अतिरिक्त जिला कलक्टर भंवरलाल जनागल ने बताया कि स्थापना दिवस कार्यक्रम के तहत खेल संकुल में सायं 4.30 से 6 बजे शूटिंग बॉल तथा सायं 6.30 बजे से टाउन हॉल मेलखेडी रोड में सांस्कृतिक कार्यक्रम कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम की व्यवस्थाओं के लिए मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी (मुख्यालय) गैंदालाल रैगर को नोडल अधिकारी एवं नगर परिषद आयुक्त भुवनेश मीणा को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

# किसानों को रजिस्ट्रेशन के पश्चात् सहमति के लिए जागरूक करें- संभागीय आयुक्त

**कोटा (हुक्मनामा समाचार)।** संभागीय आयुक्त श्री अनिल कुमार अग्रवाल ने बुधवार को संभागीय आयुक्त कार्यालय में न्यूनतम समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीद की व्यवस्था की समीक्षा के दौरान भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) के अधिकारियों को सभी एजेंसियों को कोटा एवं बूंदी जिलों में उनके क्रय केन्द्रों की क्षमता के अनुसार बारदाना तत्काल उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए। अग्रवाल ने कोटा-बूंदी जिले में तय लक्ष्यों से अधिक काश्तकारों द्वारा गेहूं खरीद का पंजीयन कराने को देखते हुए लक्ष्य से अधिक खरीद के लिए व्यवस्थाएं करने को कहा। उन्होंने कहा कि अन्य राज्यों एवं स्थानीय स्तर पर खरीद कर बारदानों की व्यवस्था करने के लिए एफसीआई द्वारा व्यवस्था की जाए। अधिकारियों ने बताया कि कोटा संभाग में एफसीआई, राजफेड, तिलमसंघ, नेफेड, एनसीसीएफ एवं अन्य एजेंसियों को 6 लाख मीट्रिक टन गेहूं खरीद का लक्ष्य मिला है। संभागीय आयुक्त ने करीब 10 लाख मीट्रिक टन गेहूं खरीद की संभावनाओं को देखते हुए अपनी मांग खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग तथा एफसीआई के उच्चाधिकारियों को भेजने तथा समुचित व्यवस्थाएं रखने के निर्देश दिए ताकि बारदाने एवं स्टोरेज को लेकर बाद में किसी तरह की परेशानियां नहीं हो। उन्होंने भामाशाह मंडी कोटा एवं कृषि उपज मंडी बूंदी स्थित खरीद केन्द्रों की क्षमता में वृद्धि करने के निर्देश दिए। साथ ही, अन्य खरीद केन्द्रों की भी क्षमता बढ़ाने और उसके अनुसार बारदाना उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

# कनेरा घाटा कि टॉपर माया धाकड, भविष्य में एग्रीकल्चर साइंसिटिक बनना चाहती

**निम्बाहेडा (हुक्मनामा समाचार)।** राजकीय उच्च माध्यमिक विधालय कनेरा कि बालिका माया धाकड पुत्री षौभा लाल धाकड ने कक्षा 12 वीं में विज्ञान संकाय में 93.40 प्रतिषत प्राप्त कर अपने गुरूजनों व परिवार एंव कनेरा क्षेत्र का नाम रोषन किया है। बालिका माया धाकड के पिताजी एक साधारण किसान है वह अपने समस्त गुरूजनों सहित परिवार में उसकी बहीन हंसा धाकड सरकारी स्कूल में अध्यापिका से प्रेरित होकर अध्ययन करती है। माया के कक्षा 11 वीं में कला संकाय होने के बावजूद उसने कक्षा 12 वीं में विज्ञान वर्ग को चुना एग्रीकल्चर और यह मूकाम हासिल किया।

माया को एग्रीकल्चर में नवाचार करने के उद्वेष्य से उसने एग्रीकल्चर को चुना वह भविष्य में आगे चलकर एग्रीकल्चर साईनसिंटिक बनना चाहती है।

# ग्राम पंचायत स्तरीय जनसुनवाई आज

**प्रतापगढ़ (हुक्मनामा समाचार)।** जिले में जनभावना के अनुरूप पारदर्शी एवं संवेदनशील वातावरण में आमजन की परिवेदनाओं एवं त्वरित समाधान के लिए मुख्य सचिव द्वारा त्रिस्तरीय व्यवस्था बनाई जाकर नवीन दिशा-निर्देश जारी किए है। अतिरिक्त जिला कलक्टर विजयेश कुमार पण्ड्या ने बताया कि माह अप्रैल 2026 में प्रथम गुरुवार, 02 अप्रैल, को प्रात: 11 से 2 बजे तक ग्राम पंचायत स्तरीय जनसुनवाई समस्त ग्राम पंचायत मुख्यालय पर स्थित भारत निमार्ण राजीव गांधी सेवा केन्द्रों पर आयोजित होगी। इसी तरह से ब्लॉक स्तरीय जनसुनवाई द्वितीय गुरुवार, 09 अप्रैल को प्रात: 10 से 4.30 बजे तक अटल जन सेवा शिविर उपखण्ड स्तरीय व जिला स्तरीय जनसुनवाई तृतीय गुरुवार, 16 अप्रैल को प्रात: 11 बजे से 2 बजे तक कलेक्ट्रेट स्थित भारत निर्माण राजीव गांधी सेवा केन्द्र पर आयोजित होंगी। उन्होंने बताया कि जनसुनवाई कार्यक्रमों में जिला कलक्टर सहित जिला स्तरीय अधिकारी, उपखण्ड स्तरीय अधिकारी, कर्मचारी व जनप्रतिनिधि आदि भाग लेंगे। उन्होंने बताया कि जनसुनवाई कार्यक्रमों में मुख्य सचिव भी वीसी के माध्यम से जुड़ेगे।

# मेघवाल समाज की होनहार प्रतिभाओं का गरिमामय सम्मान

**मकराना (हुक्मनामा समाचार)।** मकराना के ग्राम भींचावा (तेतरवालों की ढाणी), मकराना में मेघवाल समाज की प्रतिभाशाली बेटियों के सम्मान में एक भव्य एवं प्रेरणादायक समारोह का आयोजन किया गया। मेघवाल समाज विकास समिति मकराना के पूर्व मंत्री गंगाराम मोवाल ने बताया कि कार्यक्रम में प्रमुख अतिथि के रूप में मेघवाल समाज विकास समिति मकराना के अध्यक्ष जगन्नाथ तिरदिया, मेघवाल विकास समिति कुचामन सिटी के अध्यक्ष रतनलाल ढेणवाल, प्रकाश मेहरड़ा (सेवानिवृत्त प्राचार्य), दिनेश चंद्र लाडना (प्राचार्य), सोहनलाल साणेल, मूलाराम (व्याख्याता), रामेश्वर लाल (वरिष्ठ अध्यापक), पृथ्वीराज (वरिष्ठ सहायक), गोविंदलाल पिंडार, बंशीलाल मेहरा, गंगाराम तानाण (समाजसेवी) की गरिमामयी उपस्थिति रही। इस अवसर पर समाज की तीन होनहार बालिकाएं सोनम मेघवाल पुत्री मुन्नाराम मेघवाल कक्षा 10 में 98 प्रतिशत, सुंदर मेघवाल पुत्री नानूराम मेघवाल 89.83 प्रतिशत तथा खुशबू मेघवाल पुत्री मदनलाल मेघवाल सत्र 2024-25 में 94 प्रतिशत अंक प्राप्त करते हुए परीक्षा उत्तीर्ण की। उक्त तीनों बालिकाओं का समाज की ओर से माला एवं साफा पहनाकर सहित मुँह मीठा करवाते हुए सम्मान किया गया। इस सम्मान समारोह की अग्रणी भूमिका रतनलाल तालापा (एएओ) ने निभाई। इस अवसर पर सोनम मेघवाल के माता-पिता का भी माल्यार्पण कर सम्मान किया गया, जो समाज के लिए प्रेरणा का स्रोत हैं। सभी वक्ताओं ने बालिकाओं की उत्कृष्ट उपलब्धियों की सराहना करते हुए उन्हें निरंतर परिश्रम करने, उ%च पदों पर आसीन होने एवं समाज की सेवा करने हेतु प्रेरित किया।

# हनुमान जयंती पर 52,100 हनुमान चालीसा व 1,001 रामचरितमानस का महा-वितरण

**भीलवाड़ा (हुक्मनामा समाचार)।** हनुमान जयंती के अवसर पर हरि शेवा उदासीन आश्रम, सनातन मंदिर की ओर से धर्म और संस्कृति के संरक्षण हेतु भव्य महा-वितरण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। आश्रम द्वारा भीलवाड़ा शहर सहित जनजातीय क्षेत्रों प्रतापगढ़, उदयपुर, सलूम्बर और बारां में 52,100 हनुमान चालीसा तथा 1,001 श्रीरामचरितमानस ग्रंथों का वितरण किया जाएगा।

आश्रम के महामंडलेश्वर स्वामी हंसराम उदासीन ने बताया कि 2 अप्रैल, गुरुवार को हनुमान जयंती पर यह विशेष अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस पहल का उद्देश्य नई पीढ़ी को धर्म, संस्कार और भारतीय संस्कृति से जोड़ना है,




जिससे बच्चों में बल, बुद्धि और विवेक का विकास हो सके। कार्यक्रम में महंत लक्ष्मण दास त्यागी, महंत श्याम सुंदर दास, महंत बाबूगिरी महाराज, संतदास महाराज सहित अनेक संत-महात्मा व श्रद्धालु मौजूद रहे। संत समाज ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे समाज हित में महत्वपूर्ण कदम बताया।

# जेएसजी मेन द्वारा आयोजित रक्तदान शिविर में 66 रक्तदाताओं ने किया रक्तदान




**निंबाहेड़ा (हुक्मनामा समाचार)।** महावीर जयंती के पावन अवसर पर जैन सोशल ग्रुप निंबाहेड़ा (मेन) द्वारा आयोजित विशाल रक्तदान शिविर सेवा, समर्पण एवं अनुशासन के साथ सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। शिविर में समाज के स्वधर्म बंधुओं एवं नगरवासियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए कुल 66 यूनिट रक्तदान किया।शिविर का शुभारंभ पूर्व विधायक अशोक नवलखा एवं सकल जैन समाज के प्रतिनिधियों ने दीप प्रज्वलन कर किया। इस अवसर पर जैन सोशल ग्रुप निम्बाहेड़ा मेन के अध्यक्ष माणक लाल चपलोत, उपाध्यक्ष ज्ञानमल जैन, कोषाध्यक्ष पवन जैन, सहसचिव गजेंद्र छाजेड़, ग्रुप के संस्थापक सचिव दिलीप पामेचा, रक्तदान शिविर संयोजक डॉक्टर सुभाष रांका सहित ग्रुप के सभी वरिष्ठ पदाधिकारीगण व सदस्यों ने अतिथियों का उपरना ओढ़ाकर स्वागत किया एवं शिविर में अपनी सेवाएं दी। कार्यक्रम के दौरान पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं विधायक श्रीचंद कृपलानी ने शिविर का अवलोकन कर रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन किया तथा आयोजन की सराहना की। उन्होंने कहा कि रक्तदान मानवता की सबसे बड़ी सेवा है। यह किसी अनजान व्यक्ति के जीवन को बचाने का माध्यम बनता है। ऐसे सेवा कार्य समाज में संवेदनशीलता, सहयोग एवं परोपकार की भावना को मजबूत करते हैं। जैन समाज सदैव सेवा और त्याग की परंपरा में अग्रणी रहा है, जो अत्यंत प्रेरणादायक है। उन्होंने शिविर के प्रायोजक अशोक जैन एवं स्वर्णलता जैन का ऊपरणा ओढ़ाकर सम्मान भी किया।

महासचिव प्रवीण सिंघवी ने बताया कि नगर में अन्य वृहद रक्तदान शिविरों के आयोजन के बावजूद समाजजनों ने उत्साह, निष्ठा एवं सेवा-भाव के साथ भाग लेकर इस शिविर को सफल बनाया, जो समाज की जागरूकता एवं मानवीय मूल्यों का परिचायक है।इस अवसर पर निवर्तमान जिला प्रमुख गब्बर सिंह अहीर, भाजपा पूर्व नगर अध्यक्ष नितिन चतुर्वेदी, भाजपा नगर अध्यक्ष कपिल चौधरी, पूर्व भाजपा नगर महामंत्री वीरेश चपलोत, नगर महामंत्री देवकरण समदानी, निलेश मेहता, सोनू आकाश पारख आदि भी मौजूद रहे। अंत में जैन सोशल ग्रुप निंबाहेड़ा (मेन) द्वारा सभी रक्तदाताओं, सहयोगियों एवं सदस्यगणों का आभार व्यक्त किया गया।

# ज्योति नगर में बड़ी कार्रवाई: निगम ने स्कूल संचालक से छुड़ाई 3 करोड़ की जमीन, व्यावसायिक क्षेत्रों में भी चला अवैध निर्माण हटाओ अभियान

**भीलवाड़ा (हुक्मनामा समाचार)।** नगर निगम द्वारा शहर में अवैध निर्माण और अतिक्रमण के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत बुधवार सुबह ज्योति नगर क्षेत्र में बड़ी कार्रवाई की गई। आयुक्त हेमाराम चौधरी के निर्देशों पर अतिक्रमण निरोधक दस्ते




ने कोर्णाक पब्लिक स्कूल संचालक द्वारा कब्जाई गई करीब 3 करोड़ रुपये मूल्य की सरकारी भूमि को मुक्त कराया।जानकारी के अनुसार स्कूल संचालक ने लंबे समय से निगम की बेशकीमती जमीन पर अवैध कब्जा कर निर्माण कर रखा था। बुधवार सुबह प्रभारी संजय खोखर और होमगार्ड प्रभारी जोरावर सिंह के नेतृत्व में टीम मौके पर पहुंची और जेसीबी की मदद से पूरे अवैध निर्माण को ध्वस्त कर दिया। कार्रवाई के दौरान बड़ी संख्या में लोग एकत्रित हो गए, वहीं सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस और होमगार्ड जाप्ता तैनात रहा।इसी क्रम में नगर निगम की टीम ने शहर के व्यावसायिक क्षेत्रों में भी मोर्चा संभाला। गेस्ट हाउस चौराहे से सुभाषनगर थाना रोड तक नालों के ऊपर बने फुटपाथ, सीढ़ियों और अन्य अवैध संरचनाओं को हटाने की प्रक्रिया शुरू की गई। नगर विकास न्यास के अधिकारियों के साथ चर्चा व मौके के सर्वे के बाद टीम आगे की कार्रवाई के लिए रवाना हो गई।

# जीवों के प्रति दया और प्रकृति संरक्षण का संदेश देता परिंडा अभियान



**बून्दी (हुक्मनामा समाचार)।** शैक्षणिक सत्र की शुरुआत सामाजिक सरोकार के साथ करते हुए उमंग संस्थान द्वारा पक्षियों के लिए मिट्टी के परिंडे बांधकर पक्षी संरक्षण का संदेश दिया गया। 'एक परिण्ड़ा मेरा भी' कार्यक्रम के तहत एलीट इंटरनेशनल स्कूल में एलीट सेवा संस्थान के संरक्षक और सेवानिवृत एजीएम महावीर गुप्ता के आतिथ्य में विद्यालय परिसर में विभिन्न स्थानों पर मिट्टी के परिंडे लगाए और बढ़ती गर्मी के मौसम को ध्यान में रखते हुए विद्यार्थियों एवं अभिभावकों को भी परिंडे वितरित किए गए। महावीर गुप्ता ने कहा कि उमंग संस्थान की यह पहल समाज को जीवों के प्रति दया, संवेदनशीलता और प्रकृति संरक्षण का महत्वपूर्ण संदेश देती है। उन्होंने सभी से अपील की कि वे भी अपने घरों और आसपास के पेड़ों पर परिंडे लगाकर पक्षियों के लिए पानी की व्यवस्था करें। इस मौके पर उमंग संस्थान की अध्यक्ष सविता लौरी ने सभी को अपने घरों और पेड़ों पर परिंडे लगाकर पक्षियों के लिए पानी की व्यवस्था करने का संकल्प भी दिलवाया। इससे पूर्व पं. विनोद गौतम द्वारा जल एवं जल पात्रों का विधिवत पूजन कराया गया।

इस दौरान एलीट सेवा संस्थान के अध्यक्ष गोविंद बिड़ला, मोनिका माहेश्वरी, उमंग संस्थान के उपाध्यक्ष लोकेश कुमार जैन एवं विनोद गौतम, समन्वयक कृष्णकांत राठौर, परिंडा अभियान के संयोजक कुश जिंदल, राकेश माहेश्वरी, विद्यालय स्टाफ की भाविका खत्री, हर्षिता शर्मा, अंजलि सुमन, दीपा शर्मा, मुस्कान कंवर, आयुषी, गौरव व्यास, सिद्धार्थ शर्मा, अंजलि शर्मा, ज्योति, जागृति, टीना जैन, नितेश अग्रवाल, जया अग्रवाल, पूनम सोनी, अभिनव शर्मा, एकता सक्सेना सहित अभिभावक मौजूद रहे।

## स्टोरीटेलर और लेखिका शिल्पा मेहता हिंदी साहित्य गौरव सम्मान-2026 से सम्मानित



**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** अंतरराष्ट्रीय साहित्य अर्पण संस्था, दुबई द्वारा आयोजित कार्यक्रम में हिन्दी के प्रचार-प्रसार में योगदान देकर हिंदी को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने वाले साहित्यकारों, समाजसेवियों व शिक्षकों को सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में साहित्य सृजन के लिए जयपुर निवासी शिक्षाविद, स्टोरीटेलर और लेखिका शिल्पा मेहता को हिंदी साहित्य गौरव सम्मान-2026 से सम्मानित किया गया। आप उन्हें विभिन्न ऑनलाइन और ऑफलाइन स्टोरीटेलिंग आयोजनों में कहानियाँ सुनाते हुए देख सकते हैं।

## न्यूज़ ब्रीफ

### पिड़ावा में रोडवेज बस सेवाओं के विस्तार की मांग, मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन



**पिड़ावा (हुक्मनामा समाचार)।** क्षेत्र में रोडवेज बसों की कमी से हो रही परेशानी को लेकर नागरिक मंच, पिड़ावा ने मुख्यमंत्री के नाम उपखंड अधिकारी दिनेश कुमार मीणा को ज्ञापन सौंपकर बस सेवाओं के विस्तार की मांग की। ज्ञापन में बताया गया कि पिड़ावा उपखंड में रोडवेज बसों की संख्या अत्यंत कम है, जिससे आमजन को भारी असुविधा हो रही है। विशेष रूप से पिड़ावा-भवानीमंडी मार्ग पर वर्तमान में कोई रोडवेज बस संचालित नहीं हो रही है। इसके अलावा भवानीमंडी-उज्जैन-इंदौर, पिड़ावा-खातेगांव, डग, झालरापाटन, सुनेल-रामगंजमंडी, चेचट-कोटा सहित अन्य मार्गों पर भी बसों का संचालन सीमित बताया गया। नागरिक मंच ने बताया कि क्षेत्र की करीब 25 ग्राम पंचायतों के लोग प्रतिदिन आवागमन के लिए परेशान हो रहे हैं और निजी बसों पर निर्भर रहना पड़ रहा है। मंच ने चेतावनी दी कि 15 दिनों में कार्रवाई नहीं होने पर आंदोलन किया जाएगा। ज्ञापन के दौरान मंच पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### राममालिया विद्यालय में मनाया प्रवेशोत्सव, मेरीटोरियस छात्रों का किया स्वागत



**टांटोटी (हुक्मनामा समाचार)।** राममालिया की राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में 10वीं एवं 12वीं की बोर्ड परीक्षा में उच्च अंक प्राप्त करने वाले मेरिटोरियस छात्र छात्राओं का विद्यालय की ओर से भव्य स्वागत किया गया। प्रधानाचार्य लालचंद मुनोत ने बताया कि परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यालय के होनहार बच्चों का तिलक लगाकर, माला और साफा पहनाकर सम्मानित किया गया। इसी प्रकार 12वीं की परीक्षा में 97.8 प्रतिशत अंक हासिल करने वाले मेरिटोरियस विद्यार्थियों का डीजे की धुन पर नाचते गाते हुए गांव के विभिन्न मार्गों से होकर भव्य जुलूस निकाला गया। साथ ही विद्यालय में बच्चों का अधिकाधिक दाखिला करवाने के लिए स्कूल से प्रवेशोत्सव जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। जिसमें शिक्षकों एवं छात्र छात्राओं ने उत्साह पूर्वक भागीदारी निभाई। इस अवसर पर प्रधानाचार्य लालचंद मुनोत ने कहा कि बच्चों द्वारा परीक्षा उत्कृष्ट प्रदर्शन करना यह उनकी मेहनत और समर्पण का फल है। विद्यालय परिवार बच्चों की उपलब्धि पर गर्व करता हैं और उन्हें भविष्य में और अधिक भी ऊंचाइयों पर पहुंचने के लिए प्रेरित करते हैं। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण बच्चों का तिलक, माला और साफा पहनाकर स्वागत करना तथा डीजे के साथ शोभायात्रा गांव में प्रवेश उत्सव जागरूकता रैली, बच्चों के होंसला बढ़ाने के लिए जुलूस के साथ शिक्षकों द्वारा आशिर्वाद और प्रेरणा रहा।विद्यालय के मेरिटोरियस स्टूडेंट्स इस प्रकार हैं -12वीं में कमलेश जाट पुत्र श्योजी राम ने 97.8 प्रतिशत तथा 10वीं में हर्ष प्रजापत पुत्र रामधन ने 84.83 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। इस दौरान प्रधानाचार्य, शिक्षक, अभिभावक एवं अनेक ग्रामीण मौजूद रहे।

### उपभोक्ताओं को सूर्यघर योजना की जानकारी दी

**मकराना (हुक्मनामा समाचार)।** गैस की बढती मांग को लेकर नागरिकों को सूर्यघर योजना से लोगों को जोडे जाने का कार्य विद्युत निगम की ओर से किया जा रहा है। विद्युत निगम डीडवाना कुचामन के अधीक्षण अभियन्ता के निर्देशो के तहत विद्युत निगम मकराना के अधिशाषी अभियन्ता राजेन्द्र प्रसाद सोनी के मार्ग दर्शन अनुसार सहायक अभियन्ता शहर मकराना मनोज कुमार बंसल ने उपभोक्ताओं को उक्त योजना के बारे में जानकारी देते हुए योजना से जुडने का आह्वान किया। सूर्यघर योजना के तहत सोलर रूम टॉप कनेक्शन की उपयोगिता के बारे में बताते हुए कहा कि इसका उपयोग करने से गैस की खपत कम होगी। साथ ही बिजली का उपभोग भी कम होगा। साथ ही आवश्यक कार्य भी हर उपभोक्ता व ग्रहिणियों के द्वारा आसानी से संपादित किये जा सकेगें।

### शांतिनाथ महिला मंडल सेक्टर-8 प्रताप नगर के तत्वावधान में धार्मिक आयोजन



**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** सेक्टर-8, प्रताप नगर में शांतिनाथ महिला मंडल की ओर से %आदिनाथ से महावीर घर-घर णमोकार' कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बी संख्या में महिलाओं एवं श्रद्धालुओं ने भाग लेकर धर्म लाभ अर्जित किया। शांतिनाथ महिला मंडल की अध्यक्ष स्नेहलता सोगानी ने बताया कि स्थानीय जिन मंदिर में विष्णु प्रभा माताजी के सान्निध्य में 48 दीपकों से संगीतमय भक्तामर जी के पाठ किए गए एवं पालना झुलाया गया। आदिनाथ से महावीर घर-घर णमोकार' की क?ी में कार्यक्रम की शुरुआत भगवान आदिनाथ एवं भगवान महावीर की वंदना के साथ हुई। इसके पश्चात णमोकार मंत्र का सामूहिक जाप किया गया, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। महिला मंडल की सदस्यों ने भक्ति गीतों एवं स्तुति प्रस्तुत कर सभी को भाव-विभोर कर दिया।

## सत्य ही उन्नति और उत्थान की सीढी है

**मकराना (हुक्मनामा समाचार)।** वसुंधरा नगर के दिंगबर जैन मंदिर में बुधवार को भगवान पदमनाथजी का ज्ञान दिवस पारंपारिक रूप से हर्षोंगास के साथ मनाया गया। इस दौरान महिलाओं की ओर से अनेक प्रकार के धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। महिलाओं ने प्रभात फैरी निकाली और प्रभुजी की आरती में भाग लेकर परिवार की खुशहाली के लिये कामनाएं की। इसके अलावा विभिन्न मंत्रो का जप करने सहित धार्मिक पुस्तकों का अध्ययन कर धर्मलाभ अर्जित किया। साथ ही श्रीजी के अभिषेक सहित भक्तमार विदान के कार्यक्रमों में भी उत्साह के साथ भाग लिया।

## व्यावसायिक क्षेत्रों में भी चला अवैध निर्माण हटाओ अभियान



**भीलवाड़ा (हुक्मनामा समाचार)।** नगर निगम द्वारा शहर में अवैध निर्माण और अतिक्रमण के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत बुधवार सुबह ज्योति नगर क्षेत्र में बड़ी कार्रवाई की गई। आयुक्त हेमाराम चौधरी के निर्देशों पर अतिक्रमण निरोधक दस्ते ने कोर्णाक पब्लिक स्कूल संचालक द्वारा कब्जाई गई करीब 3 करोड़ रुपये मूल्य की सरकारी भूमि को मुक्त कराया।जानकारी के अनुसार स्कूल संचालक ने लंबे समय से निगम की बेशकीमती जमीन पर अवैध कब्जा कर निर्माण कर रखा था। बुधवार सुबह प्रभारी संजय खोखर और होमगार्ड प्रभारी जोरावर सिंह के नेतृत्व में टीम मौके पर पहुंची और जेसीबी की मदद से पूरे अवैध निर्माण को ध्वस्त कर दिया। कार्रवाई के दौरान बड़ी संख्या में लोग एकत्रित हो गए, वहीं सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस और होमगार्ड जाप्ता तैनात रहा।इसी क्रम में नगर निगम की टीम ने शहर के व्यावसायिक क्षेत्रों में भी मोर्चा संभाला। श्री गेस्ट हाउस चौराहे से सुभाषनगर थाना रोड तक नालों के ऊपर बने फुटपाथ, सीढ़ियों और अन्य अवैध संरचनाओं को हटाने की प्रक्रिया शुरू की गई। नगर विकास न्यास के अधिकारियों के साथ चर्चा व मौके के सर्वे के बाद टीम आगे की कार्रवाई के लिए रवाना हो गई।

## समरसता महोत्सव में उमड़ा जनसैलाब, संत राधाकृष्ण बोले परिवार व संतों का सान्निध्य ही राष्ट्र की शक्ति

**भीलवाड़ा (हुक्मनामा समाचार)।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष पर आयोजित भागवत समरसता महोत्सव के छठे दिन भक्ति और सामाजिक समरसता का अद्भुत संगम देखने को मिला। जोधपुर के संत राधाकृष्ण महाराज ने कृष्ण-रुक्मणी विवाह प्रसंग के साथ राष्ट्र, समाज और संगठन की एकता पर प्रेरक प्रवचन दिया। उन्होंने कहा कि परिवार, समाज और संतों का सान्निध्य ही राष्ट्र की सबसे बड़ी शक्ति है। समरसता महाभोज कार्यक्रम में 'एक जाजम, एक पंगत' के संकल्प के साथ हजारों श्रद्धालुओं ने एक साथ बैठकर प्रसाद ग्रहण किया। संत राधाकृष्ण महाराज स्वयं श्रद्धालुओं के बीच जमीन पर बैठकर प्रसाद ग्रहण करते नजर आए। इस दौरान जल संसाधन मंत्री सुरेश रावत ने भी पंगत में बैठकर प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम में संत महामंडलेश्वर हंसराम उदासीन, महंत लक्ष्मण दास त्यागी, महंत श्यामसुंदर दास, विधायक डॉ. लालाराम बैरवा सहित अनेक संत-महंत, जनप्रतिनिधि और श्रद्धालु उपस्थित रहे। आयोजकों के अनुसार महोत्सव का समापन गुरुवार सुबह सुदामा चरित्र कथा के साथ होगा।

## राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय कोटखेड़ा का शानदार परिणाम, छात्राओं ने लहराया परचम



**बूँदी (हुक्मनामा समाचार)।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, कोटखेड़ा में 10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। विद्यालय की छात्राओं ने शानदार परिणाम देते हुए विद्यालय का नाम रोशन किया।

12वीं कक्षा में कुमकुम चारण ने 88.0% अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया, जबकि खुशप्रीत कौर (87.60%) एवं राधिका गुर्जर (85.0%) ने क्रमशः द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। विशेष रूप से कुमकुम चारण ने भूगोल विषय में 100 में से 100 अंक प्राप्त कर उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की। विद्यालय का 10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षा परिणाम लगातार 100 प्रतिशत रहा है, जो विद्यालय के शिक्षकों एवं विद्यार्थियों की मेहनत का प्रमाण है। इस अवसर पर विद्यालय परिवार ने सभी ग्रामवासियों से अपने बच्चों का प्रवेश सरकारी विद्यालय में कराने की अपील की। कार्यक्रम में सीताराम जांगिड, पिंकी मीणा, गायत्री नागरानी, रमेश चंद दूबे, ब्रजेश्वर सिंह, रवि गौतम, नंदकिशोर बैरागी एवं सुनील मीणा सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहें।

## शाहपुरा के लिए खुशखबरीः बूंदी डिपो की बस अब सीधे सांवरिया सेठ तक



**शाहपुरा( हुक्मनामा समाचार)।** क्षेत्र के यात्रियों और श्रद्धालुओं के लिए राहत भरी खबर है। बूंदी डिपो ने सांवरिया सेठ के लिए नई रोडवेज बस सेवा शुरू कर दी है। इस बस के संचालन से शाहपुरा सहित आसपास के कस्बों के लोगों को अब सीधे सांवरिया सेठ पहुंचने की सुविधा मिल सकेगी।बस सुबह बूंदी से 4:30 बजे रवाना होकर हिंडोली, देवली, जहाजपुर होते हुए सुबह 7:15 बजे शाहपुरा पहुंचेगी। इसके बाद बनेड़ा, भीलवाड़ा, हमीरगढ़, गंगरार और चित्तौड़गढ़ होते हुए सुबह 10:40 बजे सांवरिया सेठ पहुंचेगी। वापसी में बस सांवरिया सेठ से दोपहर 1:45 बजे रवाना होकर शाम 4:45 बजे शाहपुरा पहुंचेगी और होते हुए शाम 7:15 बजे बूंदी पहुंचेगी।इस नई सेवा से खासतौर पर सांवरिया सेठ के दर्शन के लिए जाने वाले श्रद्धालुओं को बड़ी राहत मिलेगी। स्थानीय लोगों ने इसे क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण सुविधा बताते हुए खुशी जताई है।

## छीपाबड़ौद में ताले में बंद आंबेडकर सामुदायिक भवन, प्रशासन से जवाबदेही की मांग



**छीपाबड़ौ (हुक्मनामा समाचार)।**दलाखों रुपये की लागत से निर्मित आंबेडकर सामुदायिक भवन छीपाबड़ौद में लंबे समय से ताला लगा होने से अनुपयोगी बना हुआ है। भवन बंद होने को लेकर प्रशासन और पंचायत के अधिकारियों की अनदेखी पर स्थानीय लोगों ने चिंता जताई है।जानकारी के अनुसार कुछ समय पूर्व भवन के आसपास अवैध पार्किंग कर कुछ लोगों द्वारा कब्जे की शिकायत सामने आई थी। इसके बावजूद अब तक भवन को उपयोग में नहीं लाया जा सका है। पूर्व सरपंच अर्जुन सोनी ने इस संबंध में विकास अधिकारी से चर्चा की, लेकिन अधिकारियों द्वारा स्पष्ट जवाब नहीं दिया गया। पूर्व सरपंच ने एसडीएम से मांग की है कि मामले में हस्तक्षेप कर भवन की चाबी ग्राम विकास अधिकारी को सौंपी जाए, ताकि भवन का उपयोग सामाजिक और सामुदायिक कार्यक्रमों के लिए शुरू किया जा सके।

## जिला शिक्षा अधिकारी बूंदी मुख्य रूप से उपस्थित रहे




**बूंदी (हुक्मनामा समाचार)।** पीएम जवाहर नवोदय विद्यालय सीतापुरा, जिला-बूंदी में सत्र 2025-26 के समापन के अवसर पर विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा वार्षिकोत्सव कार्यक्रम मनाया गया। इस अवसर पर शिक्षा विभाग के सहायक निदेशक धनराज मीणा एवं राजेन्द्र कुमार व्यास, पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी बूंदी मुख्य रूप से उपस्थित रहे।कार्यक्रम की जानकारी देते हुए विद्यालय के प्राचार्य राजेन्द्र प्रसाद मीना ने बताया कि इस अवसर पर विद्यालय में पुरस्कार वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें विद्यालय स्तर पर विभिन्न गतिविधियों में भाग लेने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

इसमें पाठ्य सहगामी गतिविधियों, खेलकूद गतिविधि, शैक्षणिक उत्कृष्टता गतिविधि, कक्षाओं में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों, विद्यालय स्तर पर भाग लेने वाले विद्यार्थियों को मुख्य अतिथियों एवं प्राचार्य द्वारा पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर विद्यालय की छात्राओं द्वारा स्वागत गीत, कक्षा 6 के विद्यार्थियों द्वारा राजस्थानी नृत्य, कक्षा 7 की छात्राओं द्वारा नृत्य, मराठी नृत्य, नुक्कड नाटक, चतुरांग, कवाली, हरियाणवी नृत्य, बाल विवाह पर नाटकीय प्रस्तुति, कालबेलिया नृत्य आदि प्रस्तुत किये गये। इस अवसर पर मुख्य अतिथि धनराज मीणा ने अपने उद्बोधन में कहा कि सभी विद्यार्थियों द्वारा शैक्षणिक, खेलकूद, इत्यादि गतिविधियों में पूरे विद्यालय एवं बूंदी जिले का नाम रोशन किया गया है।इस अवसर पर प्राचार्य राजेन्द्र प्रसाद मीना ने मुख्य अतिथियों का माल्यार्पण कर श्रीफल भेट करते हुए स्वागत किया तथा अपने उद्बोधन में कहा कि जनवि बूंदी के विद्यार्थी अपने बेहतरीन शैक्षणिक परिणाम चाहे वे विद्यालय स्तर पर हो अथवा जिला स्तर पर किसी भी प्रकार की गतिविधि हो उसमें भाग लेकर के अपना बेहतरीन प्रदर्शन करते हैं तथा बूंदी जिले का सिरमौर हमेशा बनाये रखते हैं,उन्होने सभी विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य को लेकर शुभकामनाएँ दी।

### स्वामी गोविंद देव गिरि जी महाराज की 'कृष्ण नीति दर्शन' कथा आज से

# अखंड श्री रामचरित मानस पाठ की पूर्णाहुति के साथ भक्तिमय समागम का समापन

**ब्यावर (हुक्मनामा समाचार)।** संकट मोचन हनुमानजी और जय श्री कृष्ण के गगनभेदी जयकारों के साथ फाउंडेशन ट्रस्ट द्वारा आयोजित 'ज्ञान से जीवन दिशा एवं सेवा कार्यक्रम के अंतर्गत भक्तिमय समागम का समापन अखंड श्री रामचरित मानस पाठ की पूर्णाहुति के साथ हुआ। अखंड श्री रामचरित मानस पाठ की पूर्णाहुति के मुख्य यजमान अरविंद खीचा ने सपत्नीक विधि-विधान से पूजा-अर्चना संपन्न की और श्री-परिवार की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की मंगल कामना की। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में ब्यावर यूनिट हेड विकास सिंघल भी सपत्नीक उपस्थित रहे और आरती व पूजा



में भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान रामनारायण डाणी सहित संस्थान के वरिष्ठ अधिकारी, परिवार के सदस्य व आसपास के ग्रामीण जन बड़ी संख्या में मौजूद थे। दिनांक 02-04-2026 के मुख्य कार्यक्रम- प्रात 5:30 बजे - हनुमान जन्मोत्सव, संकटमोचन हनुमान मंदिर में, प्रात: 8:30 बजे - भव्य कलश यात्रा - संकटमोचन हनुमान मंदिर से, दोपहर 4:00 से सांय 7:30 तक - गोविन्द गिरी जी महाराज द्वारा कृष्ण नीति - दर्शन कथा। इस भव्य आयोजन के लिए व हनुमान जयंती के उपलक्ष्य में मंदिर परिसर को विशेष रूप से सजाया गया है। संकट मोचन



हनुमान मंदिर सर्किल पर 21 फिट की कृष्ण की प्रतिमा लगाई गई, साथी पूरे सीमेंट परिसर को भी शानदार लाइटों से वह फूलों से सजाया गया है। मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना के पश्चात् श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया जाएगा। स्वामी गोविन्द गिरी जी महाराज कराएंगे 'कृष्ण नीति दर्शन' का रसपान-दोपहर 4:00 बजे से सायं 7:00 बजे तक स्वामी गोविंद देव गिरि जी महाराज श्रद्धालुओं को कृष्ण नीति दर्शन पर आधारित कथा सुनाएंगे। इस कार्यक्रम में बांगड़ परिवार सहित कई गणमान्य अतिथि और श्रद्धालुगण भाग लेंगे। यह कथा 2 अप्रैल गुरुवार से 5 अप्रैल रविवार तक निरंतर दोपहर 4 बजे से सायं 7:00 तक चलेगी। इस अवसर पर श्रद्धालुओं के लिए प्रबंधन ने आमजन की सुविधा का ध्यान रखते हुए ब्यावर सिटी, रास प्लांट और मसूदा से कथा स्थल तक आने-जाने के लिए बस की नि:शुल्क व्यवस्था की है। साथ ही कथा सुनने के लिए श्रद्धालुओं के लिए विशेष वत अनुकूलित पंडाल भी बनाया गया।

## उप-निरीक्षक भर्ती परीक्षा 5-6 अप्रैल को, सुरक्षा के कड़े इंतजाम

**अजमेर (हुक्मनामा समाचार)।** राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा 5 व 6 अप्रैल को आयोजित होने वाली उप-निरीक्षक भर्ती परीक्षा-2025 को लेकर व्यापक सुरक्षा प्रबंध किए गए हैं। आयोग सदस्य हेमंत प्रियदर्शी की अध्यक्षता में आयोजित समीक्षा बैठक में पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। आयोग सचिव रामनिवास मेहता ने बताया कि परीक्षा 26 जिला मुख्यालयों सहित 41 शहरों के 1174 केंद्रों पर आयोजित होगी, जिसमें 7.70 लाख से अधिक अभ्यर्थी शामिल होंगे। परीक्षा की शुचिता बनाए रखने के लिए कड़े कानून लागू हैं, जिनके तहत नकल, पेपर लीक या डमी कैंडिडेट पर सख्त सजा और भारी जुर्माने का प्रावधान है। केंद्रों पर त्रिस्तरीय जांच, मेटल डिटेक्टर, सीसीटीवी व रियल टाइम टाइम-स्टैम्प वीडियोग्राफी अनिवार्य की गई है। ब्लूटूथ जैसी तकनीक से नकल रोकने के लिए विशेष निगरानी रखी जाएगी। ड्रेस कोड के तहत अभ्यर्थियों को निर्धारित सादे वस्त्रों में ही प्रवेश मिलेगा, जबकि इलेक्ट्रॉनिक उपकरण पूरी तरह प्रतिबंधित रहेंगे। परीक्षा केंद्रों के 100 मीटर क्षेत्र में साइबर कैफे व ई-मित्र भी बंद रहेंगे।

### पीएम श्री बालिका विद्यालय बापूनगर का शानदार बोर्ड परिणाम, बेटियों ने किया नाम रोशन

**भीलवाड़ा (हुक्मनामा समाचार)।** पीएमश्री राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय, बापूनगर ने इस वर्ष भी 10वीं और 12वीं बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट परिणाम देकर नया कीर्तिमान स्थापित किया है। संस्था प्रधान सुनीता नाम कानू ने बताया कि 12वीं विज्ञान और वाणिज्य संकाय का परिणाम 100 प्रतिशत रहा, जबकि कला संकाय का 94.06 प्रतिशत और कक्षा 10वीं का 92.50 प्रतिशत परिणाम दर्ज किया गया।

**आम सूचना**

हमारी साझेदारी फर्म वीर तेजा ग्रुप, प्रेरणा प्रोगरेसिव पब्लिक स्कूल के पास, मालियों की ढाणी, गाँधी नगर, मदनगंज किशनगढ, जिला-अजमेर राजस्थान जोकि जिला उद्योग केन्द्र अजमेर में फर्म पंजीयन क्रमांक RF/AJM/2024/1577 दिनांक 08/05/2004 है। उक्त फर्म में दिनांक 25/3/2026 को फर्म मे निम्न परिवर्तन किए गए है जोकि 25/3/2026 से लागू किया गया है।

**वर्तमान साझेदार**-1. मिश्री लाल मालाकार 2. राम गोपाल अशावा 3. सुमित चौधरी 4. भाग चंद चौधरी 5. सवाई सिंह

**सेवानिवृत साझेदार**- 1. मिश्री लाल मालाकार 2. राम गोपाल अशावा 3. सुमित चौधरी

अब फर्म में 2 साझेदार हो गए है। जिनका लाभ- हानि इस प्रकार है। 1. भागचन्द चौधरी 50%, 2. सवाई सिंह 50%

उक्त परिवर्तन मे किसी व्यक्ति या वित्तिय संस्थान को कोई आपत्ति हो तो सूचना प्रकाशन के 7 दिवस मे मय सबूत जिला उद्योग केंद्र अजमेर में आपत्ति दर्ज करावे बाद मियाद किसी भी प्रकार की आपत्ति मान्य नहीं होगी।

**भागचन्द चौधरी साझेदार**

## भीलवाड़ा में शिव महापुराण कथा की तैयारियाँ तेज, विशाल डोम-पांडाल का निर्माण जारी



**भीलवाड़ा (हुक्मनामा समाचार)।** शहर में 8 से 14 अप्रैल तक आजादनगर मेडिसिटी ग्राउंड पर होने वाली शिव महापुराण कथा को लेकर तैयारियाँ तेज हो गई हैं। लाखों श्रद्धालुओं की संभावित भीड़ को देखते हुए करीब साढ़े चार लाख वर्ग फीट क्षेत्र में तीन विशाल वाटरप्रूफ डोम और पाइप पांडाल का निर्माण किया जा रहा है। जिला पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह यादव और विधायक अशोक कोठारी ने बुधवार को कथा स्थल का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की समीक्षा की। एसपी ने बताया कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए 1500 अतिरिक्त पुलिसकर्मी तैनात किए जाएंगे तथा सीसीटीवी कैमरों और वॉलंटियर्स की मदद से भीड़ प्रबंधन किया जाएगा। विधायक ने सड़क, प्रकाश, पेयजल और स्वास्थ्य सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। गुरुवार सुबह कथा स्थल पर सामूहिक श्रमदान कार्यक्रम भी आयोजित किया जाएगा, जिसमें जनप्रतिनिधि व कार्यकर्ता भाग लेंगे।

# डीडवाना-थानू मार्ग पर अनियंत्रित होकर पेड़ से टकराई कार, एक ही परिवार के 8 लोग घायल

**डीडवाना (हुक्मनामा समाचार)।** क्षेत्र के थानू और घीरड़ोदा गांव के बीच एक सड़क हादसा हो गया। यहाँ डीडवाना की ओर आ रही एक कार अचानक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पेड़ से जा टकराई। भिड़ंत इतनी जोरदार थी कि कार ने कई पलटी खाईं, जिससे वाहन के परखच्चे उड़ गए। हादसे में कार सवार एक बच्चे और चार महिलाओं सहित कुल 8 लोग घायल हुए हैं। जानकारी के अनुसार, कार में सवार सभी लोग घीरड़ोदा गांव के निवासी हैं। वे गांव से डीडवाना की ओर निजी काम और अस्पताल में जांच करवाने के लिए आ रहे थे। थानू और घीरड़ोदा के बीच पहुंचने पर चालक कार पर नियंत्रण खो बैठा और वाहन सीधे पेड़ से जा भिड़ा।हादसे के तुरंत बाद राहगीरों की भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलते ही टोल एंबुलेंस मौके पर पहुंची और सभी घायलों को तुरंत राजकीय बांगड़ जिला चिकित्सालय पहुंचाया गया। अस्पताल में चिकित्सा टीम ने मुस्तैदी दिखाते हुए सभी घायलों का प्राथमिक उपचार शुरू कर दिया है।चिकित्सालय से मिली जानकारी के अनुसार घायलों में अल्फाज (12) पुत्र जाकिर खान। मकसूद (38) पुत्र हुसैन



खान, तारीफ (32) पुत्र पप्पू खान, जाकिर हुसैन (46) पुत्र निजामुद्दीन खान। अफसाना (26) पत्नी इमरान खान, मोबिना (35) पत्नी जाकिर हुसैन, रुखसाना (30) पत्नी आरिफ और परबीना (46) पत्नी आलम। फिलहाल सभी घायलों की स्थिति पर चिकित्सकों द्वारा निगरानी रखी जा रही है।

**DR. BHIMRAO AMBEDKAR LAW UNIVERSITY**
(A State Funded University of Rajasthan), Plot No. 8, Dehni Kalan, JDA Institution Scheme, Bagru, Tehsil : Sanganer, Dist. : Jaipur-303007, (Rajasthan), E-Mail : registrar@alujaipur.ac.in

F.No. :- 11(1)Degree-Tender/ Exam/ALU/2025-26/9309 Date :- 25/03/2026

**NOTICE INVITING E-BID**

E-Bids for hiring of services for confidential printing and supply of Degree Certificates & Merit Certificates, are invited from interested bidders up to 06 April, 2026 time 2.00 p.m. Other particulars of Bid may be visited on procurement portal **http://eproc.rajasthan.gov.in, http://sppp.raj.nic.in & www.alujaipur.ac.in** University website. Approximate value of procurement is Rs.22.00 lakhs.

**UBN : ALU2526SLOB00012**

Raj.Samwad/C/26/11 कुलसचिव

**Office of the Executive Engineer, Watershed Devlopment & Soil Conservation Panchayat Samiti Masuda, BEAWAR**

**File no. ()/1161 NOTICE INVITING BID Date: 26.03.2026**

**NIB No 17/25-26/Masuda/Badnor**

Bids for Construction of Sunkon Pond, Percolation Tank and RTWHS under MJSA 2.0 (Phase-II), state Fund Block of estimated Value Rs. 38.61 Lacs are invited from interested bidders 30.03.2026 9.30 AM to 6.00 of 09.04.2026. Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (https://eproc.rajasthan.gov.in or https://sppp.rajasthan.gov.in/) of the state and department website (https://water.rajasthan.gov.in/wdsc).

**NIB: WSC2526A2006**
**UBN: WSC2526WSOB03324**
**DIPR/C/6281/2026**

**(Anil Kumar Arora)**
**Watershed Development and Soil Conservation PS Masuda (Beawar)**

## साहू समाज के करीब 50 जोडे परिणय सुत्र में बंधेंगे तेलियान साहू समाज का सामुहिक विवाह सम्मेलन आज

**ब्यावर (हुक्मनामा समाचार)।** तेलियान साहू समाज वैवाहिक समिति ब्यावर के तत्वाधान में 2 अप्रेल गुरुवार को विशाल सामुहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन बिजय नगर रोड स्थित साहू वाटिका व सुभाष उद्यान में किया जाएगा। समिति अध्यक्ष रमेश जादम ने बताया कि सामुहिक विवाह सम्मेलन मे साहू समाज के करीब 50 जोडे परिणय सुत्र में बंधेंगे। गुरुवार सुबह सवा सात बजे तेलियान मोहल्ला राधा कृष्ण मंदिर से विशाल शोभायात्रा गाजा-बाजा के साथ निकाली जाएगी। घोडो की बगीयो में यजमान परिवार, घोडो पर दुल्हे एवं सजे-धजे वाहनो में दुल्हन



सवार रहेंगे। इस शोभायात्रा में साहू समाज के लोग एकता का परिचय देते हुए बडी संख्या में भाग लेंगे। यह शोभायात्रा तेलियान मोहल्ला राधा कृष्ण मंदिर से तेलियान चौपड, मालियान चौपड, शाहपुरा मोहल्ला, चांगगेट कुमारानंद सर्कल, पाली बाजार, लौहारान चौपड, भारतमाता सर्कल से सुरजपोल गेट होते हुए साहु वाटिका सम्पन्न होगी। सभी जोडो पाणिग्रहण संस्कार वैदिक मंत्रोच्चार से सुभाष उद्यान मे सम्पन्न होगा। सभी समाज बंधु व आगन्तुको के लिए साहु वाटिका में भोजन प्रसादी का आयोजन किया गया है। इस सम्मेलन को सफल बनाने के लिए साहू समाज समिति, तेली जाति सभा, तेली पंच मारवाडा, साहू नवयुवक मंडल व साहू सेना सभी पदाधिकारी व कार्यकर्ता जुटे हुए है।

## युवा भाई बहनो ने ध्वज यात्रा में अखाड़ा प्रदर्शन किया राम भक्त सेवा समिति द्वारा रात्रि जागरण व भजन संध्या आज



**ब्यावर (हुक्मनामा समाचार)।** राम भक्त सेवा समिति ब्यावर द्वारा हनुमान जन्मोत्सव के पावन अवसर पर ध्वज रैली का भव्य आयोजन किया गया। यह रैली धार्मिक आस्था, उत्साह एवं भक्ति भाव से परिपूर्ण रही, जिसमें शहरवासियों ने बढ़-चढक़र भाग लिया। समिति के उपाध्यक्ष अन्ना भाई ने बताया कि रैली के दौरान युवा भाइयों एवं बहनों द्वारा ध्वज यात्रा के दौरान अखाड़ा प्रदर्शन किया गया। रैली के दौरान शहर के विभिन्न संगठनों एवं समाजों द्वारा जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। दिनांक 2 अप्रैल 2026 को चार दिशा बालाजी मंदिर, उदयपुर रोड, चुंगी नाका, ब्यावर में प्रात: भोजन प्रसादी एवं रात्रि में भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा। इस भजन संध्या में सुप्रसिद्ध भजन गायक महावीर सांखला, जूनियर प्रकाश माली एवं हिमांशी पुरुषवामी अपनी प्रस्तुतियाँ देंगे।

**राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर**
**Rajasthan Public Service Commission, Ajmer**
Tel : 0145-2635200 Email : rpsc@rajasthan.gov.in

एफ 3(38)स्टोर/नीलामी/रालेसेआ/25-26/39 दिनांक : 27.03.2026

**नीलामी सूचना**

आयोग कार्यालय में स्थित विविध अनुपयोगी सामग्री की खुली नीलामी दिनांक 13.04.26 को अपरान्ह 03.00 बजे से की जानी है। सामग्री का पुस्तक मूल्य लगभग राशि रू. 03.87 लाख एवं न्यूनतम बिक्री मूल्य (आरंभिक बोली मूल्य) 35,000/- निर्धारित किया गया है। बोली लगाने से पूर्व राशि 7800 रू. नगद/ड्राफ्ट आयोग कार्यालय में जमा कराना आवश्यक है। सामग्री का अवलोकन आयोग कार्यालय में उपस्थित होकर नीलामी के समय या पूर्व में किया जा सकता है। सामग्री की बिक्री एकमुश्त की जायेगी। नियमानुसार जी.एस.टी. व आयकर सफल बोलीदाता द्वारा पृथक से स्वयं जमा करवाया जायेगा। अधिकतम बोली स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार सचिव राजस्थान लोक सेवा आयोग का होगा। नीलामी की शर्तें आयोग की वेबसाईट www.rpsc.rajasthan.gov.in पर उपलब्ध है।

**DIPR/C/6284/2026** **सहा. सचिव**

**क्रमांक: 4931** **दिनांक: 25.03.2026**

**NIB PWD2526A6291**
**निविदा सूचना सं. 33/2025-26**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से भवन निर्माण/सड़क निर्माण कार्यों हेतु उपयुक्त श्रेणी में सार्वजनिक निर्माण विभाग राजस्थान में पंजीकृत संवेदकों एवं केन्द्रीय/राज्य सरकार व उनके अधिकृत संगठनों/केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग/डाक एवं दूर संचार विभाग/रेलवे इत्यादि में पंजीकृत संवेदकों, जो कि राजस्थान सरकार के विभिन्न श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हो, से निर्धारित प्रपत्र में कुल 14 पैकेज/कार्यों, जिनकी कुल लागत राशि रुपये 131.18 लाख है, के लिए ई-टेण्डरिंग प्रक्रिया हेतु ऑनलाइन निविदाएं आमन्त्रित की जाती है।

| | |
|---|---|
| निविदा फार्म डाउनलोड एवं अपलोड करने की तारीख एवं समय | दिनांक 30.03.2026 प्रात: 9.30 बजे से दिनांक 10.04.2026 को दोपहर 12.00 बजे तक |

निविदा से सम्बन्धित समस्त विवरण वेबसाईट www.dipronline.org पर एवं निविदा दस्तावेज का विवरण वेबसाईट https://eproc.rajasthan.gov.in एवं sppp.raj.nic.in पर देखा जा सकता है। सम्पूर्ण निविदा प्रक्रिया https://eproc.rajasthan.gov.in पर ऑनलाइन सम्पादित की जावेगी।

UBN No. : 1. PWD2526WSOB26258, 2. PWD2526WSOB26259, 3. PWD2526WSOB26260, 4. PWD2526WSOB26261, 5. PWD2526WSOB26262, 6. PWD2526WSOB26263, 7. PWD2526WSOB26264, 8. PWD2526WSOB26265,9. PWD2526WSOB26266, 10. PWD2526WSOB26267, 11. PWD2526WSOB26268, 11. PWD2526WSOB26269, 12. PWD2526WSOB26270, 13. PWD2526WSOB26271, 14. PWD2526WSOB26271

**DIPR/C/6245/2026**

**अधिशाषी अभियन्ता**
**सा.नि.वि. जिला खण्ड, अजमेर**

### भाजपा सरकार पंचायत और निकाय चुनाव टाल रही

# जिला स्तरीय कांग्रेस सम्मेलन आज, कांग्रेस चीफ डोटासरा व जुली करेंगे शिरकत

**ब्यावर (हुक्मनामा समाचार)।** राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर प्रदेशभर में शुरू होने जा रहा संगठन बढ़ाओ-लोकतंत्र बचाओ अभियान के तहत आगामी 2 अप्रैल को ब्यावर में आयोजित होने वाले जिला स्तरीय सम्मेलन की तैयारियों को अंतिम रूप दे दिया गया है। ब्लॉक अध्यक्ष ब्यावर एडवोकेट अजय शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि अभियान की सफलता सुनिश्चित करने हेतु प्रदेश कांग्रेस द्वारा नियुक्त पर्यवेक्षक एवं पूर्व शिक्षा राज्यमंत्री नसीम अख़्तर इंसाफ़ तथा जिलाध्यक्ष किशोर चौधरी ने ब्यावर आकर वरिष्ठ पदाधिकारियों की महत्वपूर्ण बैठक ली एवं सम्मेलन स्थल का मौका मुआयना कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश उपाध्यक्ष नसीम अख़्तर इंसाफ़ ने कहा कि राज्य की भाजपा सरकार पंचायत और निकाय चुनाव टाल रही है। यह जनता के लोकतांत्रिक अधिकारों को छीनने की एक गहरी राजनीतिक साजिश है। जिलाध्यक्ष किशोर चौधरी ने कहा कि इस अभियान के माध्यम से ग्राम पंचायत और वार्ड स्तर पर सक्रिय कांग्रेसजनों को जोड़कर संगठन की एक अभूतपूर्व और मजबूत संरचना खड़ी की जाएगी। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे इस अभियान को जन-आंदोलन का रूप दें। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष एडवोकेट अजय शर्मा ने सभी वरिष्ठ नेताओं को प्रस्तावित सम्मेलन स्थल का दौरा कराया।

एडवोकेट अजय शर्मा ने बताया कि कल होने वाले इस ऐतिहासिक सम्मेलन में प्रदेशाध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा एवं नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। बैठक में स्वागत द्वार, रैली प्रबंधन, आवास एवं बैठक व्यवस्था हेतु अलग-अलग कमेटियों को अंतिम दिशा-निर्देश जारी किए गए। इस अवसर पर पूर्व विधायक




हगामीलाल मेवाड़ा, पीसीसी सदस्य पारसमल जैन, पूर्व विधायक माणक डाणी, पीसीसी सचिव कल्पना भटनागर, जवाजा ब्लॉक अध्यक्ष धर्मसिंह भाटी, अल्पसंख्यक विभाग ज़िलाध्यक्ष अजमत काठात, सेवादल ज़िलाध्यक्ष विक्रम सोनी, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष सोहन मेवाड़ा, नगर अध्यक्ष भरत बाघमार सहित सहित बड़ी संख्या में वरिष्ठ पदाधिकारी उपस्थित रहे।

**कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता सा.नि.वि. खण्ड केकड़ी**

**क्रमांक-3734** **दिनांक: 24.03.2026**

**ई-टेण्डरिंग निविदा सूचना संख्या : 30/2025-26**
**NIB Code : PWD2526A6279**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से सा.नि.वि. खण्ड केकड़ी में विभिन्न कार्यों हेतु उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत संवेदकों जो कि केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग, डाक एवम् दूर संचार रेलवे या अन्य राज्य सरकार/केन्द्रीय सरकार के अधिकृत संगठनों जो कि राजस्थान सरकार के 'एए', 'ए', 'बी', 'सी' व 'डी' श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हो, से निर्धारित प्रपत्र में ई-टेण्डरिंग प्रक्रिया हेतु ऑन लाइन निविदा आमन्त्रित की जाती है।

| | |
|---|---|
| निविदा में कुल कार्य | 04 (चार) |
| कार्य का नाम | Various Building Works under PWD Dn Kekri |
| निविदा की कुल लागत | 41.28 लाख |
| धरोहर राशि 2 प्रतिशत | 82560/- |
| ऑनलाइन निविदा फॉर्म मिलने की दिनांक | दि. 25.03.2026 प्रात: 9.00 बजे से दि. 06.04.2026 सायं 6.00 बजे तक |
| ऑनलाइन निविदा फार्म जमा कराने की दिनांक | दि. 25.03.2026 प्रात: 9.00 बजे से दि. 06.04.2026 सायं 6.00 बजे तक |
| ऑनलाइन निविदा खोलने की दिनांक | दि. 07.04.2026 दोपहर 12.00 बजे |
| निविदा शुल्क एवं धरोहर राशि जमा बाबत् | शासन सचिव, राजस्थान सरकार वित्त (सामान्य एवं लेखानियम विभाग के परिपत्र क्रमांक एफ.6 (5) वित्त/साविलेनी/2018 जयपुर दिनांक 27.04.2022 के अनुसार निविदा दाता द्वारा ईग्रास पर प्रोफाईल बनाने के बाद ई प्रोक्यूरमेन्ट हेतु बोली दस्तावेज मूल्य एवं RISL फीस का भुगतान एक ही चालान से ऑनलाइन जमा करवाया जायेगा। जिसमें से RISL फीस बजट मद 8658-00-102-(16)-[02] (निर्माण विभाग) निर्धारित राजस्व मद में बिडर द्वारा जमा कराने हेतु ई-ग्रास पर प्रावधान उपलब्ध रहेगा एवं निविदा शुल्क बजट मद 0075-00-800-52-01 (निर्माण प्रपत्र शुल्क) में करवाया जायेगा। बिड सिक्यूरिटी राशि बजट मद 8443-108 (निर्माण विभाग) में डिविजन कोड 19250 का चयन ई-ग्रास पर किया जाकर जमा कराना अनिवार्य होगा। |

निविदा से सम्बन्धित समस्त विवरण वेबसाईट http://dipr.rajasthan.gov.in/tender.asp तथा http://eproc.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है।

इच्छुक संवेदकों को अपने डिजिटल हस्ताक्षर के माध्यम से वेब साईट http://eproc.rajasthan.gov.in पर रजिस्टर्ड करवाना आवश्यक है।

**(भीमसिंह मीना)**
**अधिशाषी अभियन्ता**
**सा.नि.वि. खण्ड, केकड़ी**

**DIPR/C/6253/2026**

मुख्यमंत्री ने आदर्श विद्या मंदिर राजापार्क में बहुउद्देशीय सभागार का किया लोकार्पण

# हमारी सरकार शिक्षा के सुदृढ़ीकरण के लिए तत्परता से कर रही काम : भजनलाल शर्मा

- हर बच्चे तक पहुंचे शिक्षा की रोशनी
- विद्यालय विद्यार्थियों में नैतिक मूल्यों और संस्कारों के विकास के केन्द्र बच्चों के व्यक्तित्व निर्माण में शिक्षक की भूमिका अहम

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि विद्यालय विद्यार्थियों में संस्कार के बीज बोते हैं। शिक्षक विद्यार्थी के जीवन में विद्या दान देकर उन्हें मजबूत बनाते हैं और आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करते हैं। उन्होंने कहा कि आदर्श विद्या मंदिर संस्थान केवल एक विद्यालय नहीं, बल्कि समाज में निस्वार्थ सेवा, सहयोग और करुणा भी भावना का विस्तार कर रही है। बच्चों में शिक्षा के साथ यह विद्यालय नैतिक मूल्यों एवं संस्कारों पर बल देता है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार शिक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए शिक्षा के सुदृढ़ीकरण के लिए तत्परता से कार्य कर रही है। हम पंडित दीनदयाल उपाध्याय की अंत्योदय की अवधारणा पर कार्य करते हुए अंतिम पंक्ति पर बैठे व्यक्ति के उत्थान के लिए कार्य कर रहे हैं। शर्मा बुधवार को आदर्श विद्या मंदिर विद्यालय, राजापार्क में बहुउद्देशीय सभागार के लोकार्पण समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने नवीन सभागार के लिए विद्यालय प्रबंधन समिति, शिक्षकों और भामाशाहों को बधाई देते हुए कहा कि यह सभागार उन हजारों सपनों की नींव पर खड़ा हुआ है।




### आदर्श विद्या मंदिर ने समाज में फैलाया मानवता का संदेश

मुख्यमंत्री ने कहा कि विद्यार्थियों में करुणा का भाव विकसित करना विद्यालयों का दायित्व है, जिससे उनमें वसुधैव कुटुम्बकम की भावना फलीभूत हो। उन्होंने कहा कि जिस देश के बच्चे अपनी विरासत को जानते हैं, उस देश के विकास को कोई भी नहीं रोक सकता। आदर्श विद्या मंदिर विद्यालय धार्मिक, सांस्कृतिक और शैक्षिक कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों को जोड़ने का काम करते हैं। साथ ही, शांति, सद्भाव और मानवता का संदेश यहां से निकलकर पूरे समाज में फैला है।

### भारत के पास दुनिया की सबसे बड़ी युवा शक्ति

मुख्यमंत्री ने कहा कि किसी भी देश का सबसे बड़ा धन उसकी युवा पीढ़ी होती है। युवा शक्ति राष्ट्र की दशा और दिशा बदल सकती है। भारत के पास दुनिया की सबसे बड़ी युवा आबादी है, जो हमारी सबसे बड़ी ताकत है। उन्होंने कहा कि शिक्षक बच्चों के व्यक्तित्व को गढते हैं। विद्यार्थी जब आगे बढ़ते हैं, तो उनके हर कदम में गुरु का आशीर्वाद होता है। वे युवाओं में शिक्षा के साथ ही संस्कार और देश के प्रति जिम्मेदारी की भावना विकसित करते हैं। उन्होंने कहा कि जब एक शिक्षित युवा समाज में जाता है।

### हमारी सरकार के कार्यकाल में एक भी पेपर लीक नहीं हुआ

मुख्यमंत्री ने कहा कि गत सरकार के समय पेपरलीक जैसे प्रकरणों से युवाओं के सपने चूर-चूर हो गए थे, लेकिन हमारी सरकार के कार्यकाल में एक भी पेपर लीक नहीं हुआ है। हमारी सरकार युवाओं के सपनों को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है। युवाओं को 4 लाख सरकारी क्षेत्र में एवं 6 लाख निजी क्षेत्र में रोजगार देने के लक्ष्य के साथ कार्य किया जा रहा है। अब तक 1 लाख 25 हजार नियुक्तियां दी जा चुकी हैं। 1 लाख 33 हजार पदों पर भर्ती प्रक्रियाधीन है तथा 1 लाख से ज्यादा पदों का भर्ती कैलेण्डर जारी किया जा चुका है। उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेम चन्द बैरवा ने कहा कि शिक्षक विद्यार्थियों में ज्ञान अर्जन ही नहीं, बल्कि चरित्र निर्माण एवं मूल्यों का विकास करते हैं। शिक्षा के माध्यम से व्यक्ति का समग्र विकास होता है। विद्या भारती द्वारा शुरू किए गए आदर्श विद्या मन्दिर विद्यालय विद्यार्थियों में शिक्षा के साथ संस्कार भी विकसित करते हैं। उन्होंने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय की अवधारणा के अनुसार हम सभी को राष्ट्र निर्माण में अहम भूमिका निभानी चाहिए। इससे पहले शर्मा ने फीता खोलकर सभागार का लोकार्पण किया तथा पट्टिका का अनावरण भी किया। उन्होंने परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं तथा भवन निर्माण में सहयोग देने वाले भामाशाहों का सम्मान किया।

# मुख्यमंत्री ने ली रामजल सेतु लिंक परियोजना की बैठक



**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि रामजल सेतु लिंक परियोजना की डीपीआर का तकनीकी परीक्षण केन्द्रीय जल आयोग द्वारा कर लिया गया है। उन्होंने अधिकारियों को परियोजना के वित्त पोषण के लिए पीआईबी नोट को शीघ्र अंतिम रूप देने और इसके लिए केन्द्र सरकार से आवश्यक समन्वय स्थापित करने के निर्देश प्रदान किए।

उन्होंने अधिकारियों को परियोजना के विभिन्न घटकों में तेजी लाने और मिशन मोड पर काम करने के निर्देश दिए। शर्मा बुधवार को मुख्यमंत्री कार्यालय में रामजल सेतु लिंक परियोजना (संशोधित पार्बती-कालीसिंध-चम्बल लिंक परियोजना) के संबंध में आयोजित बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने परियोजना के पूर्ण एवं प्रगतिरत कार्यों की जानकारी लेते हुए शेष कार्यों को निश्चित समयावधि में पूर्ण करने के स्पष्ट निर्देश प्रदान किए। साथ ही, परियोजना के माध्यम से पेयजल आपूर्ति शीघ्र प्रारंभ करने के निर्देश भी दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि परियोजना की प्रगति के संबंध में मंत्री एवं मुख्यमंत्री स्तर पर नियमित बैठक आयोजित की जाए। सतत पर्यवेक्षण करते हुए संबंधित अधिकारियों से मासिक प्रगति रिपोर्ट ली जाए। उन्होंने परियोजना से प्रभावितों को मुआवजे के संबंध में विशेष निर्देश दिए। उन्होंने बीसलपुर से मोर सागर (अजमेर), ईसरदा से बंध बारैठा (भरतपुर), ईसरदा से रामगढ (जयपुर), खुरा चैनपुरा से जयसमंद (अलवर) एवं ब्राह्मणी बैराज के कार्यों की विस्तृत जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। शर्मा ने परियोजना के विभिन्न घटकों के अलाइनमेंट की जानकारी भी ली और परियोजना से संबंधित समस्त कार्यों का सघन पर्यवेक्षण करने के निर्देश दिए।

### खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स 2026 में राजस्थान का दमदार प्रदर्शन

कुश्ती में चार पदक जीतकर बढ़ाया गौरव

- अमित कुमार मीणा (125 किग्रा) - रजत पदक
- राकेश कुमार मीणा (65 किग्रा) - रजत पदक
- दिनेश सोलंकी (60 किग्रा) - रजत पदक
- बलकेश कुमारी मीना (महिला 68 किग्रा) - कांस्य पदक

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** छत्तीसगढ़ में आयोजित खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स 2026 में राजस्थान के खिलाड़ियों ने कुश्ती प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रदेश का नाम रोशन किया है। खिलाड़ियों ने अपने दमखम और उत्कृष्ट कौशल के बल पर कुल चार पदक हासिल कर राज्य के खेल इतिहास में एक और उपलब्धि जोड़ दी। प्रतियोगिता में राजस्थान के खिलाड़ियों के परिणाम इस प्रकार रहे।

इन उपलब्धियों पर राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने खिलाड़ियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों की मेहनत, अनुशासन और समर्पण ने प्रदेश को राष्ट्रीय मंच पर गौरवान्वित किया है। मुख्यमंत्री ने अपने संदेश में विश्वास जताया कि ये प्रतिभाशाली खिलाड़ी भविष्य में भी इसी तरह उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए देश और प्रदेश के लिए और अधिक पदक जीतेंगे। उन्होंने प्रदेश के युवाओं से इन खिलाड़ियों से प्रेरणा लेकर खेलों में आगे बढ़ने का आह्वान भी किया।

## न्यूज़ ब्रीफ

### राजस्व मण्डल अध्यक्ष अजिताभ शर्मा ने ली समीक्षा बैठक



**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** राजस्व मण्डल के नव नियुक्त अध्यक्ष अजिताभ शर्मा ने राजस्व मण्डल से लेकर सभी अधीनस्थ न्यायालयों में लंबित प्रकरणों के त्वरित निस्तारण को लेकर बेहतरीन कार्ययोजना की क्रियान्विति पर जोर दिया । उन्होंने बुधवार को राजस्व मंडल प्रशासन एवं सभी मंडल सदस्यों के साथ बैठक में मंडल के कामकाज की विस्तृत समीक्षा करते हुए और बेहतरीन ढंग से कार्य निष्पादन करने के निर्देश दिये। उन्होंने मंडल एवं अधीनस्थ न्यायालयों में लंबित राजस्व प्रकरणों का अधिक गुणवत्ता एवं शीघ्रता से निस्तारण की दिशा में कारगर कदम उठाये जाने पर जोर दिया। उन्होंने इसके लिये मंडल स्तर से प्रभावी कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि राज्य के विविध स्तरीय राजस्व न्यायालयों की सेवाओं को और बेहतर बनाने के प्रभावी प्रयास किये जायेंगे । उन्होंने राजस्व मंडल के प्रशासनिक दायित्वों के बारे में भी राजस्व मंडल निबंधक महावीर प्रसाद एवं समस्त शाखा प्रभारी अधिकारियों से फीडबैक लिया एवं सभी दायित्वों का विधिक प्रावधानों एवं पूर्ण जवाबदेही एवं व्यावहारिक दृष्टिकोण से निर्वहन के निर्देश दिये।

### नरेश कुमार गोयल ने सम्भाला आयुक्त कृषि का कार्यभार



**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी श्री नरेश कुमार गोयल ने बुधवार को पंत कृषि भवन में आयुक्त कृषि का कार्यभार ग्रहण किया तथा विभागीय अधिकारियों व कर्मचारियों ने सुश्री चिन्मयी गोपाल को भावभीनी विदाई दी। उन्होंने कहा कि किसानों के हित सर्वोपरि हैं तथा कृषि क्षेत्र के समग्र विकास के लिए नवाचार, तकनीकी विस्तार और समयबद्ध क्रियान्वयन पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। श्री गोयल ने कहा कि राज्य में किसानों को गुणवत्तायुक्त बीज, उर्वरक एवं कृषि आदानों की समय पर उपलब्धता सुनिश्चित करना विभाग की प्राथमिक जिम्मेदारी है। साथ ही उन्होंने खरीफ एवं रबी फसलों के लिए प्रभावी कार्ययोजना बनाकर किसानों की आय बढ़ाने पर जोर दिया। उन्होंने विभागीय अधिकारियों से कहा कि कृषि योजनाओं का लाभ अंतिम छोर तक बैठे किसान तक पहुंचाने के लिए धरातलीय स्तर पर निगरानी और समन्वय को और अधिक सुदृढ़ बनायें।

एआई से होगी अधिकारियों की परफॉर्मेंस मॉनिटरिंग, हर 15 दिन में समीक्षा

# परिवहन विभाग के प्रमुख शासन सचिव ने संपर्क हेल्पलाइन 181 कंट्रोल रूम का किया निरीक्षण

- आमजन की शिकायतों का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए
- परिवहन विभाग में 80% तक पहुंची संतुष्टि, और बेहतर करने के निर्देश दिए



**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** परिवहन विभाग के प्रमुख शासन सचिव भवानी सिंह देथा ने बुधवार को शासन सचिवालय स्थित राजस्थान संपर्क हेल्पलाइन (181) कंट्रोल रूम का निरीक्षण कर विभागीय प्रकरणों की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि संपर्क पोर्टल पर दर्ज शिकायतों का त्वरित, समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। देथा ने जिला स्तर पर दर्ज शिकायतों की स्थिति पर विशेष ध्यान देते हुए कहा कि संबंधित अधिकारी स्वयं परिवादियों से संवाद स्थापित करें। जिन जिलों में निस्तारण प्रतिशत, समाधान पर संतुष्टि का स्तर और औसत निस्तारण समय राज्य स्तर से कमजोर है, वहां तत्काल सुधार किया जाए। उन्होंने बैठक के दौरान कुछ जिलों के अधिकारियों से सीधे बातचीत भी की और कम प्रदर्शन वाले क्षेत्रों में सुधार के निर्देश दिए। प्रमुख शासन सचिव देथा ने बस स्टैंड पर साफ-सफाई, मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता और महिला सुरक्षा से जुड़े मुद्दों पर विशेष ध्यान देने को कहा। उन्होंने स्पष्ट किया कि ड्राइवर और कंडक्टर के व्यवहार संबंधी शिकायतों पर सख्त कार्रवाई की जाए। उन्होंने उन मामलों की भी वास्तविक स्थिति जानी, जिनमें पोर्टल पर संतुष्टि दर्ज की जा चुकी थी। उन्होंने परिवादियों से सीधे संवाद कर फीडबैक लिया और अधिकारियों को निर्देशित किया।

### खरीफ 2026-27 में उर्वरकों की गुणवत्ता व पारदर्शी वितरण के लिए राज्यव्यापी विशेष अभियान 30 अप्रैल तक

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** कृषि एवं उद्यानिकी मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल ने बताया कि खरीफ फसल बुवाई मौसम 2026-27 के मद्देनजर किसानों को समय पर मानक गुणवत्ता के उर्वरक उपलब्ध कराने तथा खाद-उर्वरक वितरण व्यवस्था को सुव्यवस्थित बनाने के उद्देश्य से कृषि विभाग द्वारा राज्यभर में विशेष गुण नियंत्रण अभियान संचालित किया जा रहा है। यह अभियान 29 मार्च से 30 अप्रैल 2026 तक चलाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि अभियान के दौरान विशेष रूप से अनुदानित यूरिया के गैर-कृषि एवं औद्योगिक उपयोग पर सख्ती से रोक लगाने हेतु व्यापक निरीक्षण एवं प्रवर्तन कार्यवाही की जा रही है।

# पुलिस हिरासत में बढ़ती मौतें लोकतांत्रिक व्यवस्था और न्याय प्रणाली पर सवालिया निशानः टीकाराम जूली



**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** एक वर्ष में मौतों का आंकड़ा हुआ दोगुना, राजस्थान पहुंचा दूसरे स्थान पर जयपुर। राजस्थान विधान सभा में प्रतिपक्ष के नेता टीकाराम जूली ने प्रदेश में पुलिस हिरासत में बढ़ती मौतों की संख्या पर गम्भीर चिन्ता व्यक्त करते हुए इसे सरकार की विफलता करार दिया है। प्रतिपक्ष के नेता जूली ने इस सम्बन्ध में मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर राज्य की कानून-व्यवस्था के इस अत्यन्त संवेदनशील और चिंताजनक पहलू की ओर ध्यान आकर्षित किया है। उन्होंने पत्र में लिखा है कि पिछले कुछ महीनों में प्रदेश के विभिन्न हिस्सों से पुलिस हिरासत में अभियुक्तों की मृत्यु की जो खबरें आ रही हैं, वे न केवल विचलित करने वाली हैं, बल्कि हमारी लोकतांत्रिक व्यवस्था और न्याय प्रणाली पर गम्भीर प्रश्नचिन्ह् खड़ा करती हैं। जूली ने बताया कि पुलिस हिरासत में बंद कैदी और बंदियों की मौतों के मामले में एनएचआरसी की रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 25-26 में 15 मार्च तक पूरे देश में 170 कैदियों की मौतें हुई हैं, जिनमें राजस्थान दूसरे स्थान पर है। राज्य के पुलिस कारागारों में पिछले साल मौतों का आंकड़ा 9 था, जो मौजूदा वर्ष में दोगुना होकर 18 पर पहुंच गया है। ये आंकड़े पुलिस की कार्यप्रणाली पर गम्भीर सवाल खड़े करते हैं। जूली ने कहा कि संविधान का अनुच्छेद 21 प्रत्येक नागरिक को जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता का अधिकार देता है। जब एक व्यक्ति पुलिस अभिरक्षा में होता है, तो उसकी सुरक्षा की पूर्ण जिम्मेदारी सरकार की होती है। दुर्भाग्यवश, आंकडे यह दर्शाते हैं कि हिरासत में यातना और अमानवीय व्यवहार के कारण होने वाली मौतों की संख्या में निरन्तर वृद्धि हो रही है। उन्होंने कहा कि पुलिस हिरासत में होने वाली हिंसा मानवाधिकारों का घोर उल्लंघन है। कानून का शासन डराने-धमकाने से नहीं, बल्कि निष्पक्ष जांच से चलता है। अधिकांश मामलों में देखा गया है कि पुलिस हिरासत में मौतों के मामले में दोषी पुलिस कर्मियों के विरूद्ध कठोर दंडात्मक कार्रवाई करने के बजाय उन्हें केवल निलंबित कर मामले को ठण्डे बस्ते में डाल दिया जाता है।

फेज वन में पूरे देश में राजस्थान अग्रणी राज्यों में रहा शामिल

# अनुपालना में कमी और विनियमन में शिथिलता द्वितीय चरण की समीक्षा बैठक आयोजित




**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** राज्य सरकार के 'ईज ऑफ डूइंग बिजनेस' और सुशासन के संकल्प को आगे बढ़ाते हुए बुधवार को मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास की अध्यक्षता में 'अनुपालन में कमी और विनियमन में शिथिलता' - चरण—2 की एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक शासन सचिवालय में आयोजित की गई। बैठक के दौरान मुख्य सचिव ने विभिन्न विभागों द्वारा अनुपालनों को सरल बनाने, डिजिटल समाधानों को अपनाने की प्रगति पर विस्तृत चर्चा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। 'अनुपालन में कमी और विनियमन में शिथिलता'- चरण—2 की समीक्षा बैठक के दौरान मुख्य सचिव ने प्राथमिकता वाले 28 क्षेत्रों में अनुमोदित कार्ययोजना अनुसार समयबद्ध क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उल्लेखनीय है कि भारत सरकार द्वारा 'अनुपालन में कमी और विनियमन में शिथिलता'-चरण—2 में कुल 28 प्राथमिकता वाले क्षेत्रों की पहचान की गई है। चरण-। में राजस्थान अग्रणी राज्यों में शामिल रहा है। मुख्य सचिव श्री वी. श्रीनिवास ने संबंधित विभागों को को इस उपलब्धि के लिए सराहा तथा चरण-2 में भी इसी ऊर्जा के साथ कार्य करने के लिए प्रेरित भी किया। वी. श्रीनिवास ने राजस्व एवं पर्यावरण विभाग को उद्योगों को राहत देने के लिए 'डीग्रेडेड फॉरेस्ट' और गैर-वन भूमि का 'लैंड बैंक' तैयार करने व तय समय सीमा में भूमि की पहचान करने एवं जानकारी जिसे परिवेश पोर्टल पर अपलोड करने के लिए कहा।

### जयपुर : हज यात्रियों के लिए दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर 4 और 5 अप्रैल को, आधुनिक तकनीक से दी जाएगी ट्रेनिंग



**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** इस्लाम धर्म के सबसे मुकद्दस सफर 'हज और उमराह' पर जाने वाले जायरीन की सहूलियत के लिए सुन्नी दावते इस्लामी द्वारा दो दिवसीय विशेष हज शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर शनिवार, 4 अप्रैल और रविवार, 5 अप्रैल को शहर के अलग-अलग क्षेत्रों में आयोजित होगा, जिसमें अनुभवी ट्रेनर्स हज के अरकानों (नियमों) की बारीकियों को समझाएंगे। शिविर का कार्यक्रम और स्थान 4 अप्रैल (शनिवार) : कोहिनूर मैरिज हॉल, सांगानेर।

**5 अप्रैल (रविवार) :** हीरा इंग्लिश सीनियर सेकेंडरी स्कूल, पहाड़गंज।

**समय :** सुबह 9:00 बजे से दोपहर 1:00 बजे तक।

पावर पॉइंट और प्रैक्टिकल ट्रेनिंग मुफ्ती अब्दुस्सत्तार रजवी साहब की सरपरस्ती में आयोजित इस शिविर में मुंबई से आ रहे ट्रेनर मौलाना हसनैन नूरी, मौलाना सैय्यद मोहम्मद कादरी और कारी मुहम्मद शकील अशरफी प्रशिक्षण देंगे। शिविर की मुख्य विशेषताएँ निम्नलिखित हैं:

**डिजिटल ट्रेनिंग :** प्रोजेक्टर के जरिए पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन से सफर की हर बारीकी समझाई जाएगी।

**प्रैक्टिकल प्रशिक्षण :** एहराम बांधने का तरीका, तवाफ करने के नियम और अन्य अरकानों का व्यावहारिक अभ्यास कराया जाएगा।

**नियमों की जानकारी:** सऊदी अरब के कानून, एयरपोर्ट के नियम, आवश्यक दस्तावेज और यात्रा के दौरान रखी जाने वाली सावधानियों पर विस्तार से चर्चा होगी।

नई आपराधिक विधियों के प्रभावी क्रियान्वयन से जांच प्रक्रिया में तेजी, तकनीक आधारित पुलिसिंग को मिल रही मजबूती

# महिलाओं से जुड़े अपराधों का 60 दिन में निस्तारण सुनिश्चित करें : मुख्य सचिव



**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने महिलाओं से जुड़े अपराधों का 60 दिन में निस्तारण सुनिश्चित करने तथा प्रत्येक एफआईआर की स्थिति दो माह में अद्यतन करने के निर्देश दिए। उन्होंने मेडलीपीआर (मेडिको लीगल एग्जामिनेशन एंड पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट) प्रशिक्षण आयोजित करने, न्याय श्रुति को शीघ्र ऑनबोर्ड करने, जिलों में लोक अभियोजकों की नियमित बैठकें सुनिश्चित करने तथा सिविल राइट्स की सतत मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जीरो एफआईआर, ई-एफआईआर एवं सीसीटीएनएस (क्राइम एंड क्रिमिनल ट्रैकिंग नेटवर्क एंड सिस्टम्स) के व्यापक उपयोग से तकनीक आधारित पुलिसिंग को सुदृढ़ करते हुए जांच प्रक्रिया को और अधिक गति दी जाए। मुख्य सचिव बुधवार को शासन सचिवालय में आयोजित बैठक में नई आपराधिक विधियों के क्रियान्वयन एवं स्मार्ट पुलिसिंग पहलों की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने नागरिकों को एसएमएस अलर्ट, ऑनलाइन ट्रैकिंग एवं ई-समन जैसी सुविधाएं का व्यापक उपयोग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने अनुसंधान अधिकारियों को ई-साक्ष्य के उपयोग हेतु नियमित प्रशिक्षण देने तथा आपराधिक न्याय प्रणाली से जुड़े सभी स्तंभों- पुलिस, जेल, अभियोजन, फोरेंसिक एवं न्यायिक अधिकारियों के बीच समन्वय को और सुदृढ़ करने पर जोर दिया। उन्होंने न्यायालयों एवं कारागृहों में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग सुविधा का अधिकतम उपयोग सुनिश्चित कर सुनवाई प्रक्रिया को अधिक सुगम एवं त्वरित बनाने के निर्देश दिए। मुख्य सचिव ने कहा कि सभी संबंधित विभाग आपसी समन्वय से तकनीकी प्लेटफॉर्म्स का अधिकतम उपयोग सुनिश्चित करें, ताकि जांच की गुणवत्ता, पारदर्शिता एवं समयबद्धता में निरंतर सुधार बना रहे। उन्होंने गंभीर मामलों में फोरेंसिक जांच को प्राथमिकता देने तथा घटनास्थल पर फोरेंसिक टीम की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में अजय पाल लाम्बा, पुलिस महानिरीक्षक (राज्य अपराध अभिलेख ब्यूर - एससीआरबी) ने बताया गया कि फोरेंसिक, वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग एवं डिजिटल प्रणालियों के एकीकरण से मामलों के निस्तारण में सुधार दर्ज हुआ है। राज्य में आपराधिक मामलों के पंजीकरण, जांच एवं निस्तारण में निरंतर प्रगति हो रही है तथा निर्धारित समयसीमा में मामलों के निस्तारण की दर में वृद्धि से न्यायिक प्रक्रिया में तेजी आई है। बैठक में अतिरिक्त मुख्य सचिव गृह विभाग भास्कर आत्माराम सांवत; महानिदेशक पुलिस राजीव कुमार शर्मा; महानिदेशक जेल अशोक कुमार राठौड़; प्रमुख शासन सचिव विधि एवं विधिक कार्य विभाग; राघवेंद्र काछवाल; तिरूपति कुमार गुप्ता, शासन सचिव, गृह (विधि) एवं निदेशक अभियोजन सहित चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, वित्त विभाग, गृह विभाग, सूचना एवं प्रौद्योगिकी विभाग के उच्चाधिकारी मौजूद रहे।

## कोटा के औद्योगिक विकास को लेकर एसएसआई एसोसिएशन का 'विज़न डॉक्यूमेंट जारी

# ग्लोबल एक्सपोजर, 'शार्क टैंक' कॉन्क्लेव और एआई तकनीक से कोटा के उद्योगों को मिलेगी नई पहचान, केंटर फेयर चाइना में जाएंगे 100 उद्योगपति

**कोटा (हुक्मनामा समाचार)।** ?एसएसआई एसोसिएशन, कोटा ने वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए अपना महत्वाकां विज़न डॉक्यूमेंट जारी किया है। जिसमें वर्ष भर का शहर के औद्योगिक विकास का रोडमैप घोषित किया गया है। अध्यक्ष दीपक मेहता ने बुधवार को मीडिया से बात करते हुए कहा कि एसएसआई एसोसिशन का उद्देश्य हाड़ौती क्षेत्र को एक सशक्त और वैश्विक औद्योगिक पहचान दिलाना है। कोटा को एक ऐसा एमएसएमई हब बनाना है, जहाँ उद्योगों को वैश्विक प्रतिस्पर्धा का मंच मिल सके। उन्होंने बताया कि सचिव समीर सूद और कोषाध्यक्ष राहुल जैन के नेतृत्व में गवर्निंग बोर्ड ने अपने कार्यकाल के पहले ही दिन एमएसएमई सेक्टर को मजबूती प्रदान करने के लिए एक परिणाम-उन्मुख कार्य योजना प्रस्तुत की है।

इस दूरदर्शी विज़न को तैयार करने में मुख्य सलाहकार गोविंदराम मित्तल एवं सलाहकार मंडल के सदस्यों बीएल गुप्ता, विपिन सूद और कमलदीप सिंह का विशेष मार्गदर्शन प्राप्त हुआ है। दीपक मेहता ने बताया कि ?एसोसिएशन की कार्य योजना में 'ईज़ ऑफ डूइंग बिजनेस' पर विशेष बल दिया गया है। जिसके तहत सरकारी विभागों और औद्योगिक क्षेत्रों के बीच सीधे तालमेल हेतु समर्पित वाइस प्रेसिडेंट नियुक्त किए जाएंगे। स्टार्टअप कॉन्क्लेव से लेकर ग्लोबल एक्सपोजर तक की बड़ी तैयारी, नामचीन वक्ताओं का मिलेगा मार्गदर्शन व्यापारिक विस्तार के लिए दिसंबर में 'राजस्थान बिजनेस कॉन्क्लेव' का आयोजन किया जाएगा। साथ ही, नए उद्यमियों को मार्गदर्शन देने के लिए विवेक बिंद्रा और हर्षवर्धन जैन जैसे ख्याति प्राप्त वक्ताओं के सत्र आयोजित होंगे। महिला उद्यमिता को बढ़ावा देने के




उद्देश्य से अक्टूबर में एक विशेष 'ऑल वूमेन एंटरप्रेन्योर कॉन्क्लेव' का आयोजन प्रस्तावित है। ?वैश्विक बाजार में कोटा की उपस्थिति दर्ज कराने के लिए एसोसिएशन अक्टूबर में चीन के 'कैंटन फेयर' में 100 सदस्यों का एक प्रतिनिधिमंडल भेजेगा।

## पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय निंबाहेड़ा में पिछले 8 वर्षों के परीक्षा परिणाम का रिकॉर्ड टूटा सभी संकायों का शतप्रतिशत परीक्षा

**निम्बाहेडा (हुक्मनामा समाचार)।** पीएम राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय निंबाहेड़ा में पिछले 8 वर्षों से सर्वाधिक परीक्षा परिणाम इस वर्ष रहा यह मेहनत पीएम के प्रधानाचार्य मनोहरलालजैन के कुशल प्रशासन बच्चों की गुणात्मकशिक्षा पर जोर देना बच्चों को सहशैक्षिक गतिविधियों से जोड़ना एवं कमजोर छात्रों हेतु रेमेडियल क्लास की व्यवस्था करना स्टाफ साथियों में आपस में सामंजस व शिक्षकों की योग्यता एवं क्षमता के अनुसार कार्यों का बंटवारा करने के परिणाम स्वरुप विद्यालय में आट्र्स कॉमर्स कृषिविज्ञान का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा विद्यालय में आट्र्स संकाय में 92छात्र छात्राओं में से 53 प्रथमश्रेणी में 39 द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए कॉमर्स में 35 छात्र छात्राओं में से 24 प्रथम श्रेणी में 11 द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए कृषि विज्ञान में 20 में से 13 छात्र प्रथम व 7 छात्र द्वितीय श्रेणी से उत्तीर्ण हुए साइंस संकाय में भी 70 में से 51 प्रथम व 18 द्वितीय श्रेणी से उत्तीर्ण हुए विज्ञान संकाय में पूनम तेली ने सर्वाधिक 90: अंक हासिल कर कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त किया आट्र्स संकाय में 90 .40: अंक अक्षिताशर्मा ने हासिल किए कॉमर्स संकाय में सलोनी खटीक ने 89.7 प्रतिशत अंक हासिल कर पिछले 8 वर्षों का रिकॉर्डतोड़ कीर्तिमान स्थापित किया संस्थाप्रधान मनोहरलाल जैन ने सभी स्टाफ साथियों को इस उपलब्धि पर बधाई दी साथ ही स्टाफ साथियों ने भी प्रधानाचार्यजी को और विश्वास दिलाया कि अगले वर्ष बोर्ड मेरिट तक छात्रों को ले जाने के लिए कड़ी मेहनत और भरसक प्रयास किए जाएंगे कमजोर छात्रों हेतु अतिरिक्त कक्षाएं लगाकर उन्हें भी गुणात्मक शिक्षा से जोड़ा जाएगा इस उपलब्धि मे उपप्राचार्य सुनील कुमार डूंगरवाल उपप्राचार्य सुनीता रावत उपप्राचार्य कैलाश चंद्र गवारिया का भी महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# उत्कृष्ट परिणाम देने वाले विद्यार्थियों का किया अभिनंदन, जुलूस निकाल कर जताई खुशी

**आलनियावास (हुक्मनामा समाचार)।** कस्बे की राजकीय पीएमश्री सीनियर सेकेंडरी स्कूल में बुधवार को आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह के दौरान विद्यालय परिवार की ओर से 12वीं कक्षा में सर्वाधिक अंक हासिल करने वाले विद्यार्थियों का सम्मान किया गया। कला वर्ग की छात्रा भाग्यश्री शर्मा पुत्री महावीर प्रसाद शर्मा ने 98.80 एवं नम्रता सैनी पुत्री धनाराम ने 95.60 प्रतिशत अंक हासिल करके विद्यालय का गौरव बढ़ाया। इसी के तहत सभी प्रतिभावान विद्यार्थियों का माला व साफा पहना कर स्वागत सत्कार किया गया। कस्बे के मुख्य मार्गो से डीजे साउंड के साथ जुलूस निकालते हुए विद्यार्थियों का उत्साह बढ़ाया। वरिष्ठ अध्यापक रामकिशोर आकोदिया ने बताया कि कला वर्ग 12वीं कक्षा में 59 विद्यार्थी वही विज्ञान संकाय में 37 विद्यार्थीयो ने परीक्षा दी जिसमें सभी विद्यार्थी सफल हुए परीक्षा परिणाम भी सत प्रतिशत रहा।



कार्यक्रम के दौरान प्रधानाचार्य करमाराम कड़ेला रामकृष्ण कालवा रामकिशोर आकोदिया रामदेव तेतरवाल गोविंदराम निशा मीणा योगेश शारण रामविलास जयंत चौधरी ओमप्रकाश वहीं कस्बे के समाजसेवी ब्रह्मदेव शर्मा मदनलाल गुर्जर टीकमचंद लूना के द्वारा खुशी व्यक्त करते हुए सभी प्रतिभावान छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए हर्ष व्यक्त किया। वही विद्यालय में आयोजित राष्ट्रीय पर्व के मौके पर भामाशाहों के द्वारा 10वीं एवं 12वीं कक्षा में अच्छे अंकों के साथ उत्कृष्ट परिणाम देने वाले विद्यार्थियों का उत्साह वर्धन करने के लिए सिल्वर मेडल भी दिए जाते हैं। पिछले कुछ वर्षों से प्रतिस्पर्धा के चलते पढ़ने वाले बच्चे भी बेहतर परिणाम दे रहे हैं। सरपंच पुष्पादेवी शर्मा के द्वारा अत्यधिक अंको से विद्यालय और कस्बे का नाम रोशन करने वाले विद्यार्थियों को बधाई देते हुए खुशी व्यक्ति की ।

## संघर्षों से खिलखिलाया हौसला: बकरियां चराने वाले का बेटा बना स्कूल टॉपर, 91.17% अंकों के साथ किया नाम रोशन

**जवाजा (हुक्मनामा समाचार)।** विपरीत परिस्थितियां और संसाधनों का अभाव भी प्रतिभा को निखरने से नहीं रोक सकता, यह साबित कर दिखाया है नाईकला कुंडाल गांव के रहने वाले अनिल सिंह ने। राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल काबरा के छात्र अनिल ने अपनी मेहनत और दृढ़ संकल्प के दम पर स्कूल में टॉप करके अपने परिवार और गांव का सिर गर्व से ऊंचा कर दिया है। अनिल का सफर संघर्षों से भरा रहा है। परिवार में पिता नारायण सिंह का साया बचपन में ही उठ गया था। पिता के गुजर जाने के बाद, मां सीता देवी ने हिम्मत नहीं हारी और बकरियां चराकर अपने परिवार का पालन-पोषण किया। अनिल अपनी दो बहनों का इकलौता भाई है, जिस पर पूरे परिवार की उम्मीदें टिकी हैं। बिना स्मार्टफोन की मदद के हासिल की उपलब्धि आज के डिजिटल युग में जहां हर विद्यार्थी पढ़ाई के लिए इंटरनेट और स्मार्टफोन पर निर्भर है, वहीं अनिल ने इन संसाधनों के बिना ही सफलता हासिल की है। उसने बताया कि उसके पास कभी भी एंड्रॉयड मोबाइल नहीं था। अनिल ने अपनी सफलता का श्रेय अपनी कड़ी मेहनत और निरंतरता को दिया। वह प्रतिदिन 3 घंटे पूरी एकाग्रता के साथ पढ़ाई करता था। अनिल की मेहनत का ही परिणाम है कि उसने सभी



विषयों में डिस्टिंक्शन हासिल करते हुए 91.17% अंक प्राप्त किए हैं। उसकी इस उपलब्धि से न केवल उसके परिवार में खुशी का माहौल है, बल्कि पूरे गांव में उत्सव जैसा दृश्य है। अनिल की इस कामयाबी से प्रेरित होकर गांव के लोगों और शिक्षकों ने उसका उत्साहवर्धन किया। शिक्षकों और ग्रामीणों ने अनिल को माला और साफा पहनाकर स्वागत किया। स्कूल के अध्यापकों ने कहा कि अनिल अन्य विद्यार्थियों के लिए एक प्रेरणा स्रोत है। अनिल की यह कहानी साबित करती है कि अगर इरादे बुलंद हों, तो गरीबी और अभाव सफलता के मार्ग में कभी बाधा नहीं बन सकते।

## छात्र आस्था सोनी, यशराज सोनी विज्ञान वर्ग द्वितीय व तृतीय, देवराज सोनी वाणिज्य वर्ग स्वर्णकार समाज में तहसील टॉपर का सम्मान

**छोटीखाटू (हुक्मनामा समाचार)।** शहर में माध्यमिक शिक्षा बोर्ड अजमेर द्वारा 12वीं का परीक्षा परिणाम घोषित होने मैढ क्षत्रिय स्वर्णकार समाज के व्यक्तियों ने विज्ञान वर्ग में द्वितीय स्थान आस्था सोनी पुत्री भगवान सोनी, 88 प्रतिशत, तृतीय स्थान यशराज सोनी पुत्र भगवान सोनी 87 प्रतिशत और वाणिज्य वर्ग में देवराज सोनी पुत्र सोनराज सोनी ने छोटीखाटू तहसील स्वर्णकार समाज में टॉपर करने पर माला व साफा पहनाकर स्वागत किया। तहसील अध्यक्ष मनोज कुमार सारड़ीवाल और जिला मीडिया प्रभारी गोरधन लाल सोनी ने बताया अगर समाज के छात्र छात्राओं द्वारा उत्कृष्ठ परीक्षा परिणाम आने विद्यार्थी का सम्मान



करने मनोबल बढ़ा है और आगे उसे अच्छा परीक्षा परिणाम देने के लिए भी प्रेरित होते है। इस अवसर पर पूर्व सरपंच कल्याण सिंह राठौड़ ने छात्र छात्राओं को माला व साफा पहनाकर स्वागत किया। तहसील अध्यक्ष मनोज कुमार सारड़ीवाल, जिला मीडिया प्रभारी गोरधन लाल सोनी, समाज भवन अध्यक्ष कमल किशोर रोडा, नवयुवक मण्डल उपाध्यक्ष दीनदयाल बामलवा, बालचंद बामलवा, सत्यनारायण रोडा, महावीर रोडा, लोकेश सोनी, मुरारीलाल, भगवान, प्रकाश रोडा, मोनू सोनी, जुगल किशोर सोनी, जिनू सोनी, गोविन्द राम चौधरी, सुभाष सोनी ने छात्र छात्रा का सम्मान किया।

## बालिकाओं को समारोहपूर्वक साइकिलों का वितरण

**मकराना (हुक्मनामा समाचार)।** पीएम राजकीय उ%च माध्यमिक विद्यालय मकराना मे कक्षा नौ की प%चीस छात्राओं को साइकिल वितरित की गई। साइकिल वितरण के नोडल प्रभारी गिरधारी परिहार ने बताया कि बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए रा%य सरकार की योजना के अंतर्गत सत्र 2025-26 मे कक्षा नौ में अध्ययनरत बालिकाओं को प्रधानाचार्य छोटु राम बाजडोलिया की अध्यक्षता में समारोह पूर्वक साइकिल वितरण किया गया। इस अवसर पर आयोजित समारोह में पीएम राजकीय उ%च माध्यमिक विद्यालय मकराना के प्रधानाचार्य छोटुराम बाजडोलिया ने बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए सरकार द्वारा दी जा रही।

## हनुमान जन्मोत्सव पर लक्ष्मीपुरा में भव्य शोभायात्रा व भंडारा आज

**बूंदी (हुक्मनामा समाचार)।** तालेड़ा उपखंड के लक्ष्मीपुरा में संकट मोचन हनुमान मंदिर परिसर में हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में नवयुवक मंडल एवं ग्रामवासियों के संयुक्त तत्वावधान में गुरुवार को भव्य धार्मिक कार्यक्रम आयोजित होगा। मंदिर परिसर को सजाया कर व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया गया। आयोजकों ने बताया कि बुधवार रात्रि को मंदिर परिसर में भव्य भजन संध्या का आयोजन होगा, जिसमें बाहर से भजन कलाकार श्रद्धालुओं को भक्ति रस में सराबोर करेंगे। इसके बाद गुरुवार प्रात: शुभ मुहूर्त में विधि-विधान से हवन कार्यक्रम संपन्न कराया जाएगा। हवन के पश्चात आकर्षक कलश यात्रा एवं भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु भाग लेंगे।

# एम डी एस स्कूल में प्रतिभाओं का सम्मान

**छोटीखाटू (हुक्मनामा समाचार)।** एम डी एस सीनियर सेकेंडरी स्कूल छोटी खाटू में 12 वीं का परीक्षा परिणाम आने पर विद्यालय परिवार की ओर से प्रतिभाओं का सम्मान किया गया। विद्यालय के छात्र, छात्राओं हिन्दी मीडियम कला वर्ग में तहसील टॉपर व विज्ञान वर्ग में द्वितीय स्थान रहकर माता-पिता व विद्यालय का मान बढ़ाया। निदेशक भोमाराम सियाग ने बताया कला वर्ग अंग्रेजी मीडियम प्रियांशी कंवर पुत्री हिम्मत सिंह, 95.20 प्रतिशत, विज्ञान वर्ग प्रमिला पाण्डर पुत्री चैनाराम पाण्डर 96.60 प्रतिशत से तहसील में द्वितीय व अनीता खीचड़ पुत्री नाथुराम 96.40 प्रतिशत तहसील में तृतीय स्थान रखकर माता पिता का नाम रोशन किया । विद्यालय में सभी संकाय में कुल प्रविष्टि 174 छात्र छात्राओं ने परीक्षा में भाग लिया , विद्यालय का परीक्षा परिणाम 100 प्रतिशत रहा, वही विद्यालय के रविना चौधरी, सुमित्रा, निरमा, निकिता खिलेरी, मनीषा मेघवाल, चंचल महेश्वरी, मनीषा कूदणा, रविन्द्र गहलोत, गौतम खटौड़, प्रियंका, अनुष्का डूडी, पायल कोहली, । सभी बच्चे प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुए। विद्यालय में 85 प्रतिशत से अधिक 27 बच्चे



रहे प्रथम श्रेणी से 174 बच्चे उत्तीर्ण हुए। विद्यालय परिवार की ओर से साफ व माला पहनाकर बच्चों का स्वागत किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिवार में भोमा राम सियाक, कल्याण राम चौधरी, गिरधारी राम चौघरी, राजेन्द्र थोलिया, भागु राम, रामदेव आंवला, दशरथ सिंह, दीपक पंवार, रिछपाल पूरी, भारत, राजेंद्र सियाग, शंकर टेलर , सुरेश योगी भगवान सहाय दीपक मनीष जांगिड़ विकास जांगिड़ भारत चोटिया दिनेश, अरविंद नवल डालमचंद वर्मा व बच्चों के अभिभावक भी मौजूद रहे।

## न्यूज़ ब्रीफ

### भगवान राम ने भारतीय सभ्यता की सुरक्षा की



**मकराना (हुक्मनामा समाचार)।** शहर के गुणावती रोड स्तिथ सोलंकी नगर में चल रही नव दिवसीय संगीतमय राम कथा महा महोत्सव के तहत कथा वाचक बृजेन्द्र भारद्वाज महराज ने बुधवार को ने कहा राम महात्मा विश्वामित्र के साथ भारतीय सभ्यता की सुरक्षा एवं दुष्ट प्रवृत्तियों का विनाश करने के लिए प्रथम यात्रा की पिता दशरथ का निर्देश मिलने के पश्चात राम ने माता कौशल्या के चरणों में जाकर प्रणाम करते हुए आज्ञा मांगी। माता कौशल्या के आदेशों की पालनार्थ राम ने अपने रा%य की सीमा की सुरक्षा करते हुए मारीच सुबाहु तथा अनेक निशाचरों का नाश किया। राम कथा में प्रकाश डालते हुए महाराज ने कहां कि भगवान राम ने अन्याय के खिलाफ लडने का जो संदेश दुनिया को दिया है वह आत्मसात करने की जरूरत है। हमे कभी भी अन्याय के आगे नहीं झूकना चाहिए। उन्होने कहा कि सत्य परेशान हो सकता है किन्तु पराजित नहीं, ऐसे में हमे हमेशा सत्य मार्ग पर चल कर रही जीवन को बसर करना चाहिए। आज की कथा के दौरान महाराज ने भगवान राम राम एवं सीता विवाह के अनेक प्रेरक प्रसंग सुनाये और बताया कि सीता स्वयंवर की कामना हर कोई करता है लेकिन आचरण एवं व्यवहार भी सीता और राम की तरह होना चाहिए। भगवान राम की तरह आज्ञाकारी बने और आज्ञा के अनुरूप कार्य करे। उन्होने महिलाओं से कहा कि सीता माता की पवित्रा पर जब सवाल उठा तो उन्होने अग्नि परीक्षा दी। माता सीता की तरह पवित्र रहकर पति सहित परिवार के हर एक बडों का आदर सत्कार करते हुए जीवन को यापन करे। घर के बडों की ओर से किये जाने वाले कार्यो का बगों पर अधिक असर पड़ता है। ऐसे में बगों के सामने हमेशा व्यवहार तथा वाणी में निर्मलता बनाए रखे।

### गुरु गोरक्षनाथ प्राकट्य दिवस पर अवकाश की मांग को लेकर प्रतिनिधिमंडल ने विधायक कृपलानी से की भेंट

**निंबाहेड़ा (हुक्मनामा समाचार)।** मेवाड़ मालवा नाथ योगी समाज विकास संगठन के संस्थापक व संरक्षक सत्यनारायण नाथ एवं संगठन के नवनिर्वाचित राजस्थान प्रदेशाध्यक्ष ओम प्रकाश नाथ ने पूर्व यूडीएच मंत्री एवं



विधायक चंद कृपलानी से शिष्टाचार भेंट कर महायोगी गुरु गोरक्षनाथ जी के प्राकट्य दिवस पर ऐच्छिक राजकीय अवकाश घोषित कराने हेतु मुख्यमंत्री को पत्र के माध्यम से नाथ समाज की मांग रखने पर आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद दिया। भेंट के दौरान विधायक कृपलानी ने ओम प्रकाश नाथ को मेवाड़ मालवा नाथ योगी समाज विकास संगठन के प्रदेशाध्यक्ष बनने पर पूरे मेवाड़ क्षेत्र की ओर से शुभकामनाएँ प्रेषित कीं। इसी अवसर पर आगामी वैशाख पूर्णिमा (1 मई 2026) को कानोड़ नगर में प्रस्तावित महायोगी गुरु गोरक्षनाथ जी के प्राकट्य दिवस समारोह की तैयारियों को लेकर भी विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। इस अवसर पर पूर्व विधायक अशोक नवलखा, निवर्तमान जिला प्रमुख गब्बर सिंह अहीर, भाजपा नगर अध्यक्ष कपिल चौधरी, पूर्व नगर महामंत्री वीरेश चपलोत, गोपाल नाथ तंवर, गोपाल नाथ भाटी सहित अन्य गणमान्यजन, जनप्रतिनिधि, भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### पीएम श्री बालिका विद्यालय बापूनगर का शानदार बोर्ड परिणाम, विज्ञान-वाणिज्य में 100% सफलता



**भीलवाड़ा (हुक्मनामा समाचार)।** पीएम श्री राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय, बापूनगर ने इस वर्ष राजस्थान बोर्ड की 10वीं और 12वीं परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए शानदार परिणाम दर्ज किया है। संस्था प्रधान सुनीता नाम कानू ने बताया कि 12वीं विज्ञान और वाणिज्य संकाय का परिणाम 100 प्रतिशत रहा, जबकि कला संकाय का 94.06 प्रतिशत और कक्षा 10वीं का 92.50 प्रतिशत परिणाम रहा। कक्षा 10वीं में जान्हवी जंगम ने 92.50 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया, जबकि साक्षी प्रजापत और रिद्धि शर्मा क्रमश: द्वितीय और तृतीय स्थान पर रहीं। 18 छात्राओं ने 75 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर गार्गी पुरस्कार के लिए पात्रता हासिल की। 12वीं विज्ञान में प्रतिभा (94.60%), वाणिज्य में नंदिनी धाकड़ (91.60%) और कला संकाय में जिया कुमारी कोरिया (90.60%) ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। कुल 58 छात्राओं को गार्गी पुरस्कार और बालिका प्रोत्साहन योजना का लाभ मिलेगा।

### 45 लाख के 151 गुमशुदा मोबाइल बरामद कर मालिकों को लौटाए

**डीडवाना (हुक्मनामा समाचार)।** जिला पुलिस ने तकनीकी कुशलता का परिचय देते हुए गुम हुए मोबाइल फोन बरामद करने के अभियान में एक और बड़ी उपलब्धि हासिल की है। जिला पुलिस अधीक्षक ऋचा तोमर के निर्देशन में साइबर सेल और जिले के विभिन्न थानों की मदद से 151 गुमशुदा मोबाइल फोन बरामद किए गए, जिनकी अनुमानित बाजार कीमत करीब 45 लाख 30 हजार रुपये बताई जा रही है।पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान इन मोबाइलों को उनके वास्तविक मालिकों के सुपुर्द किया गया। अपने खोए हुए कीमती फोन वापस पाकर नागरिकों के चेहरों पर खुशी साफ दिखाई दी। अब तक 725 मोबाइल किए जा चुके हैं रिकवर जिला पुलिस अब तक 725 मोबाइल फोन रिकवर कर आमजन को सौंप चुकी है। इससे पहले 24 दिसंबर 2025 को भी 130 मोबाइल फोन वितरित किए गए थे।इस सफलता के पीछे जिला साइबर सेल और समस्त थानों की साइबर हेल्प डेस्क का संयुक्त प्रयास है। पुलिस ने न केवल जिले के भीतर, बल्कि जिले के बाहर से भी बड़ी संख्या में फोन ट्रैक कर रिकवर किए हैं।